

नवरात्रि में नवमी तिथि यानी अंतिम दिन मां दुर्गा के नौवें स्वरुप मां सिद्धिदात्री का पूजन किया जाता है। इस दिन हवन के बाद कन्या पूजन किया जाता है।

नवरात्रि का नौवां दिन
मां सिद्धिदात्री


लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 16 | अंकः 02 | मूल्यः ₹ 3.00/- | पेज : 12 | शुक्रवार | 11 अक्टूबर, 2024

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper




## एक्सप्रेस खबरें...

### यूपी में महानवमी पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। महानवमी के अवसर पर शुक्रवार को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। हालांकि, इस दौरान आवश्यक सेवाएं जारी रहेंगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी ने आदेश जारी कर दिए हैं। इसके पहले प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में अवकाश घोषित करने की सूचना शिक्षा निदेशालय ने जारी की थी। सभी को महानवमी की अग्रिम शुभकामनाएं।

### सेंट्रल जेल के कृषि फार्म से कैदी फरार

जन एक्सप्रेस। बरेली। बरेली सेंट्रल जेल के कृषि फार्म में ट्रैक्टर से कूदकर एक कैदी सुरक्षा कर्मियों को गच्चा देकर फरार हो गया। जेलकर्मियों से लेकर पुलिस तक उसकी तलाश में जुट गई है। हरपाल नाम का कैदी हत्या के मामले में सजायाफ्ता है। फतेहगंज पूर्वी के खनी नवादा गांव निवासी हरपाल (46) पुत्र तिलकराम को हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा हुई है। पिछली साल जुलाई माह में सजा होने के बाद उसे इज्जतनगर थाना क्षेत्र स्थित सेंट्रल जेल में रखा गया था। तब से वह जेल में अन्य कैदियों के साथ रह रहा था।

### यूपीः बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा तोहफा, नहीं बढ़ेंगी बिजली की दरें

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। प्रदेश के उपभोक्ताओं को त्योहार पर तोहफा मिला है। इस वर्ष भी बिजली दरें नहीं बढ़ेंगी। पहले से तय दर पर ही बिजली बिल वसूला जाएगा। उत्तर प्रदेश पहला राज्य हैं, जहां लगातार पांच साल से बिजली दरें नहीं बढ़ी हैं। इतना ही नहीं कनेक्शन जोड़ने और काटने, एसएमएस सहित विभिन्न मदों में बढोतरी का प्रस्ताव भी नियामक आयोग ने खारिज कर दिया है। प्रदेश सरकार ने इस वर्ष 17511 करोड़ की सब्सिडी घोषित की है। अभी तक 13 से 14 हजार करोड़ की सब्सिडी मिलती रही है।

# अलविदा देश के 'रतन'

## नम आंखों से दी गई रतन टाटा को विदाई, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

- रतन टाटा का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार, पहले गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन नवल टाटा का गुरुवार 10 अक्टूबर को मुंबई के वर्ली श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। इससे पहले पार्थिव शरीर नरीमन पॉइंट स्थित नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। यहां से उनकी अंतिम यात्रा वर्ली के श्मशान घाट पहुंची। अंतिम संस्कार के पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल की इंटेंसिव केयर यूनिट में एडमिट थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, मुकेश अंबानी और कुमार मंगलम बिड़ला समेत राजनीति, खेल और बिजनेस से जुड़ी कई हस्तियों ने टाटा को श्रद्धांजलि दी। अमिताभ बच्चन ने लिखा, एक युग का अंत हो गया।



### रतन टाटा के अंतिम दर्शन में अमित शाह अंबानी, बिड़ला श्रद्धांजलि देने पहुंचे

भारत के सबसे पुराने कारोबारी समूह के मुखिया रतन टाटा का निधन हो गया है। वे टाटा संस के मानद चेयरमैन थे। उन्होंने 86 साल की उम्र में मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली। उन्हें बुधवार को ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 7 अक्टूबर को भी उनके अस्पताल जाने की खबर आई थी, लेकिन उन्होंने पोस्ट करके कहा था कि वे ठीक हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा की अगुआई में ही टाटा ग्रुप ने देश की सबसे सस्ती कार लॉन्च की, तो हाल ही में कर्ज में फंसी एअर इंडिया को 18 हजार करोड़ की कैश डील में खरीदा था। बिजनेस में बेहद कामयाब रतन टाटा निजी जिंदगी में बेहद सादगी पसंद थे और मुंबई में अपने छोटे से फ्लैट में रहते थे।

### 21 साल चेयरमैन रहे, टाटा ग्रुप का मुनाफा 50 गुना बढ़ा

- 1962 में फैमिली बिजनेस जॉइन किया था। शुरुआत में उन्होंने टाटा स्टील के शॉप फ्लोर पर काम किया। इसके बाद वे मैनेजमेंट पोजीशन्स पर लगातार आगे बढ़े। 1991 में, जे.आर.डी. टाटा ने पद छोड़ दिया और ग्रुप की कमान रतन टाटा को मिली।
- 2012 में 75 वर्ष के होने पर, टाटा ने एग्जीक्यूटिव फंक्शन छोड़ दिए। उनके 21 वर्षों के दौरान, टाटा ग्रुप का मुनाफा 50 गुना बढ़ गया। इसमें अधिकांश रेवेन्यू जगुआर-लैंडरोवर व्हीकल्स और टेटली जैसे पॉपुलर टाटा उत्पादों की विदेशों में बिक्री से आया।
- चेयरमैन का पद छोड़ने के बाद उन्होंने 44 साल के साइरस मिस्त्री को उत्तराधिकारी नियुक्त किया। उनका परिवार ग्रुप में सबसे बड़ा इंडिविजुअल शेयरहोल्डर था। हालांकि, अगले कुछ वर्षों में, मिस्त्री और टाटा के बीच तनाव बढ़ गया।
- अक्टूबर 2016 में, चार साल से भी कम समय के बाद, मिस्त्री को रतन टाटा के पूर्ण समर्थन के साथ टाटा के बोर्ड से बाहर कर दिया गया। फरवरी 2017 में नए उत्तराधिकारी का नाम घोषित होने तक टाटा ने चेयरमैन के रूप में अपना पद वापस ले लिया।

### रतन के बाद कौन संभालेगा टाटा की विरासत

टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा का 86 साल की उम्र में बुधवार रात करीब 11.30 बजे निधन हो गया। रतन टाटा की विदाई के बाद सवाल उठता है कि अब टाटा ग्रुप की विरासत कौन संभालेगा। सवाल इसलिए भी, क्योंकि रतन टाटा ने अपना उत्तराधिकारी नियुक्त नहीं किया था। अभी समूह की सबसे बड़ी कंपनी टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन हैं, लेकिन इससे भी ऊपर टाटा ट्रस्ट है, जिसकी कमान टाटा परिवार के सदस्य ही संभालते रहे हैं। निधन से पहले तक रतन ही टाटा ट्रस्ट के प्रमुख थे। टाटा ट्रस्ट की अहमियत और आकार इस तरह समझ सकते हैं कि यह टाटा ग्रुप की परोपकारी संस्थाओं का समूह है, जो 13 लाख करोड़ रुपए के रेवेन्यू वाले टाटा ग्रुप में 66 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता है। इसके तहत आने वाले सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट के पास ही टाटा संस की 52 प्रतिशत हिस्सेदारी है। टाटा ग्रुप के इतिहास में रतन टाटा ऐसे आखिरी व्यक्ति रहे, जिन्होंने टाटा संस और टाटा ट्रस्ट दोनों के चेयरमैन की भूमिका निभाई। कंपनी के आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन में 2022 में संशोधन किया गया, जिसमें एक ही व्यक्ति के दोनों पद पर रहने पर रोक लगा दी गई। ऐसा गवर्नेंस में स्ट्रक्चर में बदलाव लाने के लिए किया गया।

### मोदी-राहुल और सुंदर पिचाई समेत बिजनेस घरानों ने शोक जताया

भारत ने एक ऐसे आइकॉन को खो दिया है, जिन्होंने कॉर्पोरेट ग्रोथ, राष्ट्र निर्माण और नैतिकता के साथ उत्कृष्टता का मिश्रण किया। पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित रतन टाटा ने टाटा ग्रुप की विरासत को आगे बढ़ाया है।
–द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

टाटा एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक टाटा ग्रुप को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। उनका योगदान बोर्ड रूम से कहीं आगे तक गया।
–नरेंद्र मोदी, पीएम

रतन टाटा दूरदृष्टि वाले व्यक्ति थे। उन्होंने बिजनेस और परोपकार दोनों पर कभी न मिटने वाली छाप छोड़ी है। उनके परिवार और टाटा कम्युनिटी के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।
–राहुल गांधी

ये भारत के लिए बहुत दुखद दिन है। रतन टाटा का जाना ना सिर्फ टाटा ग्रुप, बल्कि हर भारतीय के लिए बड़ा नुकसान है। व्यक्तिगत तौर पर रतन टाटा का जाना मुझे बहुत दुख से भर गया है, क्योंकि मैंने अपना दोस्त खो दिया है।
–मुकेश अंबानी

भारत ने एक महान और दूरदर्शी व्यक्ति खो दिया है। टाटा ने मॉडर्न इंडिया के पाथ को रीडिफाइन किया। टाटा सिर्फ एक बिजनेस लीडर नहीं थे, उन्होंने करुणा के साथ भारत की भावना को मूर्त रूप दिया। –गौतम अडाणी

मैं रतन टाटा की अनुपस्थिति को स्वीकार नहीं कर पा रहा हूं। रतन टाटा को भुलाया नहीं जा सकेगा, क्योंकि महापुरुष कभी नहीं मरते।
–आनंद महिंद्रा

रतन टाटा से पिछली मुलाकात के दौरान उनका विजन सुनना मेरे लिए प्रेरणादायक था। वे एक्स्ट्राऑर्डिनरी बिजनेस लीगेसी छोड़ गए हैं।
–सुंदर पिचाई

हम अत्यंत दुख के साथ रतन टाटा को विदाई दे रहे हैं। समूह के लिए टाटा एक चेयरपर्सन से कहीं ज्यादा थे। मेरे लिए वे एक गुरु, मार्गदर्शक और मित्र थे।
एन चंद्रशेखरन, टाटा चेयरमैन



## केंद्र सरकार से मिला तोहफा राज्य में विकास व कल्याण की पहल को देगा गतिः सीएम योगी

- कर हस्तांतरण में उत्तर प्रदेश को जारी किए गए सर्वाधिक 31,962 करोड़ रुपये
- सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जताया आभार
- हम सब मिलकर मजबूत व समृद्ध उत्तर प्रदेश का कर रहे निर्माणः मुख्यमंत्री

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यों को 1,78,173 करोड़ रुपये का कर हस्तांतरण (टैक्स डिवाल्यूशन) दिया है। कर हस्तांतरण में सर्वाधिक राशि (31,962 करोड़) उत्तर प्रदेश को जारी की गई है। यह राशि त्योहारों से पहले राज्यों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहायक होगी। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है।

### सीएम ने जताया आभार

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट किया। सीएम योगी ने कर हस्तांतरण के हिस्से के रूप में उत्तर प्रदेश को 31,962 करोड़ रुपये समय पर जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।



### हम सभी मिलकर मजबूत व समृद्ध उत्तर प्रदेश का कर रहे निर्माण

सीएम योगी ने लिखा कि यह अग्रिम किस्त हमारे त्योहारों के मौसम की तैयारियों को काफी बढ़ावा और राज्य भर में विकास व कल्याण की पहल को गति देगी। हम सभी मिलकर मजबूत व समृद्ध उत्तर प्रदेश का निर्माण कर रहे हैं।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने देवीपाटन मंदिर में किया दर्शन-पूजन, गौसेवा कर बच्चों को भी दुलारा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवीपाटन मंदिर में रात्रि विश्राम के बाद बृहस्पतिवार की सुबह पूजन अर्चन किया। उन्होंने मां पाटेश्वरी देवी की आरती उतारने के साथ पूजन किया। इसके बाद मंदिर की गौशाला का भ्रमण किया। उन्होंने गायों को चारा खिलाने के साथ ही उनकी व्यवस्था को परखा। इसके पूर्व उन्होंने माता रानी का पूजन कर फूल की माला अर्पित की और नमन करके आर्शीवाद मांगा। मंदिर में नवरात्र को लेकर आवश्यक व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। दर्शन के लिए लाइन में लगे श्रद्धालुओं से बात की। सीएम ने बच्चों को दुलारते हुए चाकलेट दिया। इस दौरान उनके साथ मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी मौजूद रहे।






## एक्सप्रेस खबरें...

### दिल्ली में मिली नशे की बड़ी खेप, रमेश नगर में 2000 करोड़ की कोकीन बरामद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। दिल्ली के रमेश नगर में गुरुवार को पुलिस को भारी मात्र में कोकीन बरामद हुई है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक करीब 200 किलो कोकीन हाथ लगी है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2000 करोड़ आंकी गई है। एक अधिकारी ने बताया कि इस जब्ती का संबंध दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर से 5,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 562 किलोग्राम नशीली दवाओं की बरामदगी से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी दिल्ली के रमेश नगर इलाके में छापेमारी चल रही है। फिलहाल एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। जिसकी पहचान मोहम्मद शैफी के तौर हुई है।

### भोले बाबा ने न्यायिक आयोग के सामने दर्ज कराया बयान, 121 लोगों की हुई थी मौत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। सत्संग में 121 श्रद्धालुओं की मौत मामले में बाबा नारायण साकार हरि बृहस्पतिवार को लखनऊ स्थित सचिवालय में न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए और अपना बयान दर्ज करवाया। इस दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध किया गया था। अपने भक्तों के बीच भोले बाबा के नाम से प्रसिद्ध नारायण हरि भाजपा का झंडा लगी सफेद रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी से न्यायिक आयोग पहुंचे। गाड़ी विधायक बाबूराम पासवान की बताई जा रही है जो कि दारुलशफा विधायक निवास के 17 ए पर पंजीकृत है। पेशी के बाद बाबा निकल गए। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उनके वकील एपी सिंह ने कहा कि हमें राजेश यादव उर्फ फौजी पर साजिश का शक है। हमें योगी सरकार और न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है।

### केंद्र सरकार ने हिज्ब-उत-तहरीर पर लगाया प्रतिबंध

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 1953 में यरुशलम में गठित वैश्विक इस्लामी कट्टरपंथी समूह हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) को प्रतिबंधित संगठन घोषित किया है। इसके साथ ही सरकार ने कहा है कि- इस इस्लामी कट्टरपंथी समूह का उद्देश्य इस्लामिक राज्य की स्थापना करना है। एक अधिसूचना में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि एचयूटी भोले-भाले युवाओं को आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए कट्टरपंथी बनाने और प्रेरित करने के साथ-साथ आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन जुटाने में शामिल है। गृह मंत्रालय ने कहा कि एचयूटी एक ऐसा संगठन है जिसका उद्देश्य देश के नागरिकों को शामिल करके जिहाद और आतंकवादी गतिविधियों के माध्यम से लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों को उखाड़ फेंककर भारत सहित विश्व स्तर पर इस्लामिक राज्य और खिलाफत स्थापित करना है।






















# जिला चिकित्सालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का हुआ शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरूवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि मानसिक रोग की बीमारी एक महत्वपूर्ण विषय है। जिसे गंभीरता से लेना चाहिए। मानसिक रोग सभी वर्गों के आयु के लोगों को होता है। मानसिक तनाव होना कोई बडी बात नहीं है। आजकल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल आदि का संचालन हो रहा है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। हमारे संस्कार के लिए धर्म का एक रास्ता खुला रहता है। चित्रकूट भगवान श्री राम की तपोस्थली है। यहां पर संत महात्माओं से हम सब लोग अच्छे संस्कार सीखते हैं। हमारा धर्म व संस्कार बहुत महत्वपूर्ण है। बच्चों में बहुत कंपटीशन हो गया है। बच्चे कोटा आदि जगहों पर पढने जाते हैं, जो मानसिक रूप से हैंडल नहीं कर पाते हैं, उनके अभिभावकों को हम आपको जागरूक करना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों पर महिलाओं, पुरुषों को अंधविश्वास से ऊपर उठाना होगा जो लोग भूत प्रेत मानते हैं उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने बुजुर्गों से कहा कि आप लोगों के पास जब कोई नहीं रह जाता है तो मानसिक रूप से आप ग्रसित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के कार्यक्रम कॉलिजों में छात्र-छात्राओं के मध्य कराया जाए ताकि लोग जागरुक हो। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से कहा कि इस तरह के कार्यक्रम कराते रहे। साथ ही नुक्कड नाटक के माध्यम से जो गांव के लोग अंधविश्वास में हैं, उनको जागरूक करना बहुत जरूरी है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि मानसिक रोग के बारे में सरकार काफी गंभीर है। मानसिक रोग से काफी लोग ग्रसित भी हैं। मानसिक रोग का इलाज अवश्य करें। उन्होंने कहा कि खुश रहने की जरूरत है। मन को अशांत न रखें। सभी हमारे शासकीय चिकित्सालयों में मानसिक रोग का इलाज हो रहा है। अधीक्षक संयुक्त जिला चिकित्सालय डॉ शैलेंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय मानसिकता कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। मनोचिकित्सक डॉ नरेंद्र पटेल ने कहा कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पूरे विश्व में मनाया जा रहा है। कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए जो सेवाएं दी जा रही है, उसका आप सभी लोग लाभ लें। मरीजों को अपनी बीमारी को छुपाना नहीं चाहिए। उन्होंने मानसिक रोग के सामान्य लक्षण आदि से भी लोगों को अवगत कराया।

इसके बाद जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्साधिकारी ने बचपन डे केयर सेंटर के बच्चों को गिफ्ट तथा बुजुर्गों को मिष्ठान व फल वितरण किया। इसके पूर्व बचपन डे केयर सेंटर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इसके पूर्व जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया।

इस मौके पर चिकित्सक डॉ वंदना श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## मवेशी से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

थानाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने बताया लगता है कि किसी मवेशी की सींग के सीने घुसने से युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा। फतेहपुर जिले के हुसैनगंज कोतवाली क्षेत्र में ससुराल आए युवक की सड़क हादसे में संदिग्ध हालत में मौत हो गई। थाना क्षेत्र के मूधनपुर गांव के झूरी रैदास के पुत्र अंकित (25) की ससुराल हुसैनगंज के कैथ पुरवा में बाबूलाल रैदास के यहां है। परिजनों के मुताबिक बुधवार को शाम चार बजे अंकित अपनी पत्नी नीलू को लेकर बाइक से चाचा राकेश की बाइक में ससुराल कैथपुरवा गया था। चाचा राकेश अंकित और उसकी पत्नी को ससुराल कैथपुरवा छोड़कर अपने गांव चंदेलन का पुरवा चले गए थे। बताते हैं कि रात में अंकित ससुराल से बाइक से भिटारी निमंत्रण में गया था।करीब 11 बजे निमंत्रण से लौटते समय कैथपुरवा गांव के किनारे किसी मवेशी से टकराकर अंकित की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

विज्ञापन

# जिलाधिकारी ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, डब्ल्यू हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन, गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन एवं प्रसव, उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन एवं उपचार, प्रसव लाभार्थियों के भुगतान, चाईल्ड रजिस्ट्रेशन, विशेष टीकाकरण, यूपी हेल्थ डेस्क बोर्ड, मंत्रा एप्स, मातृ मृत्यु, प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना, ई संजीवनी, कार्यरत आशाओं की स्तिथि, आशा भुगतान, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन, राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय वेक्टर वार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम,आदि बिन्दुओं पर समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी से कहा कि बैठक में बैम रामनगर अनुपस्थित है। इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। साथ ही उप केन्द्र अमानपुर में एएनएम जो तैनात है, उसके द्वारा सही कार्य न किए जाने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी शिवरामपुर से कहा कि इसके खिलाफ रिपोर्ट बनाकर बर्खास्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कायाकल्प अवॉर्ड स्कीम की चेक लिस्ट बनाकर कराया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि जो शासन द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए विभिन्न मदों पर धनराशि उपलब्ध कराई गई है, उसका व्यय शासन की गाइडलाइन के अनुसार कराया जाए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को गांव में चैपाल लगाई जाती है, जहां पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर गांव के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराया जाए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत कितने मरीजों का इलाज किया गया है, उसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के विषय पर सफल आयोजन के लिए अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाया जाए। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि आशा चयन में जो ग्राम प्रधान सहयोग न करें, उनकी सूचना जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराए ताकि उन ग्राम प्रधानों के खिलाफ कार्यवाही कराई जा सके। सभी सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराया जाए। एसएनसीयू में माह अप्रैल से अगस्त तक मृत बच्चों के आडिट का कार्य करें कि किस कमी के कारण बच्चों की मृत्यु हुई है ताकि उसको दूर कराया जा सके। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि चित्रकूट आकांक्षी जनपद है। एएनएम के पदों को भरने के लिए शासन को पत्र भेजा जाए। गर्भवती महिलाओं के पंजीकृत सूची के आधार पर संस्थागत प्रसव कितनी महिलाओं की की गई है, उसकी भी सूचना उपलब्ध कराए।

# शादी के बाद ज़ेवर नगदी लेकर लुटेरी दुल्हन हुई रफूचक्कर

**जन एक्सप्रेस । उरई**

- आधार कार्ड चेक करने पर खुली पोल, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

डकोर कोतवाली क्षेत्र से लुटेरी दुल्हन का एक कारनामा सामने आया है। जहां शादी के बाद दुल्हन अपने साथियों के साथ जेवर व नगदी लेकर फरार हो गई। आधार के जरिए पोल खुलते ही ससुरालियों ने एसपी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। कस्बा डकोर निवासी देवेंद्र ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार को शिकायती पत्र दिया। जिसमें बताया कि उसकी शादी आटा थाना क्षेत्र के चमारी गांव निवासी एक युवती के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही वह उससे लड़ाई झगड़ा करने लगी। बताया कि बीती 4 अक्टूबर को उसकी पत्नी के कुछ साथी घर आए और घर में रखी नगदी व जेवर लेकर चले गए और उन्हीं के साथ उसकी पत्नी भी चली गई। पीड़ित के पिता ने बताया कि उन्होंने जब उसका आधारकार्ड चैक किया, तो उसमें वह दूसरी जाति की निकली। साथ ही उसके पति का नाम भी आधार कार्ड में था। जिससे उन्हें अपने साथ हुई ठगी का पता चला। लुटेरी दुल्हन के कारनामों की पोल खुलते ही गांव में अफरातफरी मच गई और पीड़ित शिकायत लेकर एसपी की चौखट पर पहुंच गया। फिलहाल एसपी ने उसे जांच पड़तालकर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

# यातायात नियमों के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



शासन के मंशानुसार जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर एवं पुलिस अधीक्षक अरूण सिंह की देखरेख में परिवहन विभाग एवं पातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 16 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सडक सुरक्षा पखवाडा के अंतर्गत सडक यातायात जागरूकता एवं यातायात व्यवस्था कार्यक्रम का आयोजन सुषमा स्वरूप इण्टरनेशनल स्कूल अशोह में किया गया।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी वीके शुक्ला ने कहा कि आप सभी को वाहन में बैठते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने स्कूल प्रबंधन से कहा कि वाहन में बच्चों के आवागमन के समय में परिचालक अवश्य होना चाहिए। साथ ही कहा कि सभी वाहन मानक के अनुरूप हों तथा चालक परिचालक वर्दी में हों। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग कतई न करें। वाहनों का पंजीयन, फिटनेस, बीमा, परमिट, प्रदूषण नियत्रंण प्रमाण पत्र आदि दुरूस्त होना चाहिए। वाहन चालकों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से होना चाहिए। पीटीओ दीप्ती त्रिपाठी ने कहा कि यदि आप लोगों के समक्ष कोई दुर्घटना घटित होती है तो घबराए नहीं धैर्यता पूर्वक पुलिस को 112 नम्बर एवं 108 एम्बुलेस को तत्काल सूचित करें। उन्होंने कहा कि आप सभी बच्चे एक जिम्मेदार नागरिक का दायित्व निभाएं। टीआई शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि आप सभी लोग अपने घर के सदस्यों को जो वाहन चलाते हैं, उन्हें दो पाहिया वाहन चालक हेलमेट लगाकर एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाकर अवश्य चलें। वाहन चलाते समय डीएल के साथ वाहन से सम्बन्धित सभी प्रपत्र अपने पास रखें। नाबालिक बच्चे वाहन बिल्कुल न चलाएं। स्कूल को-आर्डीनेटर केशव शिवहरे ने कहा कि इस समय सर्वाधिक मौतें सडक दुर्घटनों के कारण हो रही है। जिसका मात्र कारण यातयात नियमों का पालन न करता है। उन्हाने ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा व्यवस्था दी गई है कि दुर्घटना की सूचना देने वाले को आदर्श नागरिक मानते हुए सम्बन्धित विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल के संस्थापक अजय अग्रवाल का स्पष्ट निर्देश है कि स्कूल बसें एवं चालक पहिवहन नियमों के अनुरूप ही कार्य करें। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़ी के अधीक्षक डॉ उदय प्रकाश सिंह ने कहा कि दुर्घटना होने पर सर्व प्रथम एम्बुलेंस को फोन करना चाहिए। सभी छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की शपथ दिलाए गई। स्कूल प्रिंसिपल नीतू वर्मा ने कहा कि विद्यालय द्वारा सदैव परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन किया जाता है।

# भाजपा नेता की गाड़ी ने कार में मारी टक्कर, इंजीनियर की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र के हाईवे पर कुकरगांव के समीप सीएनजी टैंक के पास भाजपा नेता की गाड़ी ने कार में टक्कर मार दी। जिसमें कार के परखच्चे उड़ गए और कार सवार इंजीनियर की मौत हो गई। घटना के समय मौके से निकल रहे डीएम एसपी ने घटना का बारीकी से निरीक्षण किया। शहर कोतवाली क्षेत्र के जालौन-उरई स्टेट हाईवे स्थित कुकरगांव के पास नोएडा में तैनात इंजीनियर जितेंद्र यादव अपनी बीमार दादी को देखने के लिए नोएडा से उरई आया हुआ था। जब वह अपनी कार में सीएनजी ईंधन लेने के लिए कुकरगांव के पास बने सीएनजी टैंक पर जा रहा था। जब वह टैंक के लिए मुड़ने लगा, तभी तेज रफ्तार से आ रही भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभय उर्फ लकी त्रिपाठी की कार ने इंजीनियर की कार में जोरदार टक्कर मार दी। इतना ही नहीं बीजेपी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष की गाड़ी टक्कर मारने के बाद कई मीटर तक उसे घसीटते हुए ले गई। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार इंजीनियर जितेंद्र की मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद कार सवार मौके से भाग गए। वहीं जालौन से लौटकर आ रहे जालौन जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने बीच रास्ते में इस दर्दनाक हादसे को देखा, तो उन्होंने अपना काफिला रुकवा कर घायल पड़े दोनों लोगों को तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

# सदर विधायक ने घटिया निर्माण को लेकर ठेकेदार व जेई को फटकार

- शहर के मुख्य बाजार हो रहा सीसी सड़क का निर्माण

**जन एक्सप्रेस । उरई**



शहर के मुख्य बाजार में बन रही मानक विहीन सीसी सड़क की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए सदर विधायक ने सड़क की गुणवत्ता को लेकर सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घटिया निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी ठेकेदारों फटकार लगाते हुए उच्च अधिकारी से शिकायत करने की बात कही।

शहर के रिनिया फाटक से मेडिकल कॉलेज चौराहे तक 22 करोड रुपए की लागत से 10 किलोमीटर लंबी सीसी और इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण हो रहा है। यह काम पीडब्ल्यूडी द्वारा शासन के आदेश पर किया जा रहा है, लेकिन स्थानीय लोगों ने शिकायत की है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल हो रही है। साथ ही काम मानकों के अनुसार नहीं हो रहा है। यह शिकायत सदर के भाजपा विधायक गौरी शंकर वर्मा तक पहुंच गई। गुरुवार को भाजपा विधायक गौरी शंकर वर्मा शिकायतकर्ताओं के साथ सड़क निर्माण का निरीक्षण करने पहुंच गए। जहां पर उन्होंने सड़क निर्माण के दौरान देखा कि सड़क में घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है। साथ ही रोलर का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है एवं पानी का छिड़काव भी नहीं हो रहा है। यह सब देखकर विधायक गौरीशंकर वर्मा नाराज हो गए और मौके पर ही पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर और ठेकेदार की जमकर फटकार लगा दी। साथ ही उन्होंने आदेश दिया कि सड़क को उखाड़ कर दोबारा से बनाया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि काम सही तरीके से हो। साथी उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में किसी तरह की लापरवाही ना हो। इस सड़क निर्माण के लिए 22 करोड रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था। इसे श्रीराम कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा बनाया जा रहा है। विधायक ने चेतावनी दी है कि अगर मानक के अनुसार काम नहीं हुआ तो इसकी शिकायत सीधे शासन से की जाएगी। विधायक की नाराजगी को देखते हुए ठेकेदार और इंजीनियर ने सड़क को दोबारा बनाने का वादा किया। विधायक गौरी शंकर वर्मा ने साफ तौर पर कहा कि शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम को सही तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि सड़क निर्माण में किसी तरह की लापरवाही ना हो।

## तीन दिवसीय स्काउट गाइड का हुआ समापन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश चित्रकूट के तत्वाधान में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय शिवरामपुर में तीन दिवसीय कैंप प्रवेश, प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान का गुरूवार को तीसरा दिन रहा। कस्तूरबा बालिका विद्यालय शिवरामपुर में वार्डेन ने कार्य का शुभारम्भ किया। प्रथम दिवस स्काउट गाइड का इतिहास पॉवेल का जीवन परिचय, गाइड नियम, प्रतिज्ञा, वर्दी, सिद्धांत, प्रार्थना, टोली चिह्न पर कार्य किया गया। द्वितीय दिवस बीपी सिक्स, सिंहनाद, प्राथमिक सहायता, सीटी संकेत, गांठे, खोज चिह्न, अनुमान लगाना इत्यादि पर कार्य किया गया। तृतीय दिवस बीपी सिक्स, ध्वज शिष्टाचार, सर्वधर्म प्रार्थना, स्काउट गाइड्स को हाईक पर ले जाया गया, बिना बर्तन का भोजन, तम्बू निर्माण, मीनार बनाना इत्यादि कार्य किया गया। इसके बाद डायट प्राचार्य आदर्श कुमार त्रिपाठी ने बच्चों के प्रवेश, सोपान के तहत स्काउट गाइड परिवार में सम्मिलित होने के लिये दीक्षा ग्रहण करवाई गयी। साथ ही जिला सचिव सुरेश ने गाइड नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दिलवाया।

# सादगी और संघर्ष की मिसाल थे मुलायम सिंह यादव: शिवशंकर सिंह यादव

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



समाजवादी पार्टी कार्यालय में मुलायम सिंह यादव की पुण्य तिथि के अवसर पर सांसद कृष्णा शिव शंकर पटेल, जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, लोहिया वाहनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्भय सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, महासचिव सत्यनारायण पटेल ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने पद्म विभूषण उद्योगपति रतन टाटा ने निधन पर शोक व्यक्त करते हुए बताया कि नेताजी ने दबे कुचले समाज को मुख्य धारा में लाने का काम किया। उन्होंने बताया कि फूलन देवी को बीहड से निकाल कर संसद तक पहुंचाने का काम किया। लोहिया वाहिनी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्भय पटेल ने बताया कि नेताजी ने संघर्ष के नए आयाम स्थापित किए। मंडल आंदोलन से पिछडों, दलितों, अल्पसंख्यकों को उनका हक और सम्मान दिलाने का काम किया। पंचायती राज एक्ट में पिछडों को आरक्षण देने का काम किया। साथ ही तमाम लोगों को प्रधान से लेकर बीडीसी, डीडीसी बनाने का काम किया। जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव ने बताया कि नेताजी ने संघर्ष के दम पर ग्रामीण अंचल से उठकर राजनीति के शिखर तक का सफर तय किया, उनकी कथनी और करनी में कोई भेद नहीं था। उन्होंने जिले में नेताजी द्वारा कराए गए विकास कार्यों गिनते हुए बताया कि राजापुर में यमुना नदी पर पुल सहित पुलों का जाल, देवांगना हवाई पट्टी का शिलान्यास, जनपद को बिजली करौली मुक्त कर 24 घंटे बिजली देने ,परिक्रमा मार्ग के सौंदर्यीकरण तीन शेड,मानिकपुर में आईटीआई कालेज सहित अनगिनत काम कराकर जनपद को विकास की सौगात देने का काम किया था। सांसद कृष्णा पटेल ने बताया कि मुलायम सिंह यादव जैसा दूसरा नेता नामुमकिन है। इस मौके पर पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल, कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन लवलेश यादव, महासचिव सत्यनारायण पटेल, जिला सचिव सुरेंद्र खंगार, जिला कोषाध्यक्ष राजा यादव, उमाकांत यादव, किसान नेता हरि प्रसाद यादव, हरिमोहन यादव, गया प्रसाद यादव, महिला सभा की जिलाध्यक्ष रमा यादव, उपाध्यक्ष शचि गुप्ता, शीलू यादव, सुभाष पटेल, बबूलेश यादव, राघवेंद्र यादव, सरनाम यादव, राजकिशोर विश्वकर्मा, बाबा रामशरण दास, चंदन सिंह कोरी, सीताराम कश्यप, रमेश चंद्र कुशवाहा, रामसनेही खंगार, पिंटू यादव, जागेश्वर यादव, संदीप प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति पर आटा पुलिस की अनूठी पहल, दुर्गा स्कूल के छात्र-छात्राएं को दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत परिषदीय व केजीबीवी की बेटियों को अनूठा अवसर दिया जाएगा। इन छात्राओं को ब्लॉक, तहसील, जिला और मंडल स्तर पर एक दिन का अधिकारी बनाया जाएगा। इसी के चलते आज आटा पुलिस ने एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। उप निरीक्षक नन्हे लाल तथा उप निरीक्षक अनुपम मिश्रा ने दुर्गा पब्लिक स्कूल आटा में मिशन शक्ति फेस- 5 के तहत स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं को प्रशासनिक कार्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए उन्हें एक दिन का अधिकारी नियुक्त किए जाने की जिम्मेदारी सौंपी। पूरे प्रदेश की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए योगी सरकार की ओर से की गई इस महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रत्येक जिले से 100 और बेटियों को एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिलेगा। इससे इनमें निपुणता और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। मिशन शक्ति कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों में दुर्गा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विष्णु पांडे, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश पांडे, उप प्रधानाचार्य महेश कुशवाहा के साथ समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# शिक्षा के प्रति समर्पित रहते हुए अधिकारों के प्रति सजग रहें बालिकाएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शारदीय नवरात्र (अष्टमी) को मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश के कम में जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्र की देखरेख में छत्रपति साहू जी महिला महाविद्यालय में बालिकाओं के साथ अनंता (प्रेरक महिलाओं तथा बालिकाओं की पहचान व सम्मान) मेगा ईवेन्ट अनन्ता कार्यक्रम का आयोजन कर बालिकाओं को जिसका अन्त न हो वहां तक पहुंचने के प्रति जागरूकता कार्यक्रम किया गया। मिशन शक्ति फेज-5 कार्यकम में मुख्यमंत्री का उद्देश्य प्रदेश के बच्चों, बालिकाओं व महिलाओं के प्रति सम्मान बढाना है। साथ ही बालिकाओं को साहसी, निडर, स्वावलम्बी और देश हित में नये मुकाम हासिल कराना उद्देश्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ आरती गुप्ता ने बालिकाओं को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की बात कही। महिलाओं के प्रेरक कहानियां पढने और सुनने और समझने की बात कही गई। इस अवसर पर छात्रा रिचा, शान्ति, सबली, पूजा सिंह, श्वेता, और आरती द्वारा सुनाई गई उच्च प्रेरक कहानियों पर बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह द्वारा शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर अध्यापिका डॉ सुमन शुक्ला, डॉ मंजू गौतम, विनीता श्रीवास्तव, तनुषा श्रीवास्वत, साधना गुप्ता, प्रीती जायसवाल, वन स्टाप सेन्टर के अर्थना साहू, पुष्पा देवी, रंजीता द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

**यादें** | **अपने दादाजी जेआरडी टाटा की स्मृति में आरोग्यधाम जैसा एक यादगार सेवा प्रकल्प किया तैयार**

# शीर्ष उद्योगपति, समाजसेवी रतन टाटा के निधन पर दीनदयाल शोध संस्थान में दी श्रद्धांजलि

- रतन टाटा सदैव भारत के अनमोल रत्न के रूप में भारतीय क्षितिज पर चमकते रहेंगे - अभय महाजन. 13 जनवरी 1996 को आरोग्यधाम के शिलान्यास के दौरान और दूसरी बार 15 अप्रैल 2002 को स्वावलम्बन अभियान के लोकार्पण में चित्रकूट आए थे रतन टाटा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**


फाइल फोटो

भारतीय उद्योग जगत के शीर्ष पुरुष, पद्म भूषण रतन टाटा के निधन पर दीनदयाल शोध संस्थान के प्रत्येक प्रकल्प में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि देश के शीर्ष उद्योगपति और समाजसेवी रतन टाटा के निधन से दीनदयाल शोध संस्थान परिवार ने अपना एक अभिभावक खो दिया है। उनकी मृत्यु से एक ऐसे युग का अंत हो गया है जिसने भारत में उद्यमिता के साथ समाजसेवा के क्षेत्र में देश की उदात्त परंपराओं को निभाया और दोनों क्षेत्रों में नवाचार भी गढे। रतन टाटा सदैव भारत के अनमोल रत्न के रूप में भारतीय क्षितिज पर चमकते रहेंगे। संस्थान पर उनका स्नेह निरंतर बना रहा, उनकी विनम्रता, दूरदर्शिता और नेतृत्व ने देश को एक नई दिशा दी। उनका जाना न केवल उद्योग जगत बल्कि पूरे देश के लिए अपूर्णीय क्षति है।

डीआरआई के कोषाध्यक्ष वसंत पंडित ने कहा कि नानाजी देशमुख से उनके बहुत गहरे रिश्ते थे। नानाजी की कर्मस्थली चित्रकूट में रतन टाटा ने अपने दादाजी जेआरडी टाटा की स्मृति में एक यादगार सेवा प्रकल्प खडा किया जिसे आज हम सब लोग आरोग्यधाम के नाम से जानते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में इसका नाम प्रमुखता से लिया जाता है। दीनदयाल शोध संस्थान में स्वावलम्बन अभियान के लोकार्पण कार्यक्रम और आरोग्यधाम के स्थापना काल में दो बार रतन टाटा का चित्रकूट आगमन हुआ है। पहली बार 13 जनवरी 1996 को आरोग्यधाम के शिलान्यास के दौरान और दूसरी बार 15 अप्रैल 2002 ग्राम लोढवारा, चित्रकूट में ग्राम स्वावलम्बन अभियान के शुभारंभ अवसर पर आना हुआ। डीआरआई परिवार की ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

इस दौरान दीनदयाल शोध संस्थान के आरोग्यधाम परिसर, दीनदयाल परिसर, तुलसी दास परिसर गनीवां, महर्षि वाल्मीकि परिसर मझगवां में संचालित सभी प्रकल्पों में स्व. रतन टाटा को भावपूर्ण विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकसभा का आयोजन किया गया।



**विधायक योगेश वर्मा थप्पड़ कांड की गूंज...**

लखीमपुर खीरी। बीजेपी विधायक योगेश वर्मा से मारपीट का मामला बीजेपी राष्ट्रीय नेतृत्व के पास पहुंचा है बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने दिल्ली में इस घटनाक्रम की जानकारी दी है। जनपद कीए घटना पर प्रदेश संगठन ने बड़ी कार्रवाई की है। ▶ पढ़ें पेज 07 पर...

अराजकतत्वों का उद्देश्य है कि किसी भी कीमत पर प्रदेश में कहीं भी दंगा भड़क जाए, बाद में इसे व्यापक रूप दे दिया जाए



# प्रदेश में दंगा भड़काने के हो रहे सुनियोजित षड्यंत्र

सीएम योगी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दंगा भड़काने और धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए

- नवरात्रि के दौरान दुर्गा पंडाल व सार्वजनिक पूजा स्थलों पर जानबूझकर विवाद किए जा रहे हैं
- लखनऊ समेत प्रदेश के अलग-अलग जिलों में किए जा रहे विवाद, हो रही पत्थरबाजी

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। त्योहारों के इस मौसम में उत्तर प्रदेश में जगह-जगह धार्मिक सौहार्द और माहौल बिगड़ने की कोशिश लगातार की जा रही हैं। अराजकतत्वों का उद्देश्य है कि किसी भी कीमत पर प्रदेश में कहीं भी दंगा भड़क जाए। बाद में इसे व्यापक रूप दे दिया जाए। नवरात्रि के दौरान दुर्गा पंडाल व सार्वजनिक पूजा स्थलों पर जानबूझकर विवाद किए जा रहे हैं। राजधानी लखनऊ में भी ऐसे दुस्साहस हो रहे हैं। गोंडा और कुशीनगर से भी बवाल की सूचनाएं हैं। उधर, सीएम योगी ने स्पष्ट निर्देश दिए हुए हैं कि दंगा भड़काने और धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।



### लखनऊ के नीलमथा में मां दुर्गा की प्रतिमा खंडित

लखनऊ के नीलमथा में मां दुर्गा की प्रतिमा को खंडित करने का मामला सामने आया है। जानकारी मिलमे के बाद बड़ी संख्या में मौके पर लोग पहुंच गए। बताया जा रहा है कि मौके पर तनाव का स्थिति पैदा हो गई। जिस पर गौर करते हुए पुलिस बल को घटनास्थल पर तैनात कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि पूरा मामला थाना कैंट क्षेत्र है।

### गोंडा में उपद्रवियों द्वारा जमकर पत्थरबाजी की गई

दुर्गा पूजा में माहौल बिगड़ने की कोशिश गोंडा में भी की गई। गोंडा के छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मसकनवा बाजार में देर रात कुछ अराजक तत्वों ने दुर्गा पूजा के दौरान माहौल बिगड़ने की कोशिश की। मौके पर जमकर ईंट पत्थर बरसाए। यहां पर देर रात मां दुर्गा की पट्टी हटाए जाने पर किए जा रहे आतिशबाजी से नाराज होकर उपद्रवियों द्वारा जमकर पत्थर बाजी की गई। मौके पर पहुंचे डीएम और एसपी द्वारा किसी तरीके से लोगों को समझा बुझा कर मामला शांत करवाया गया। छपिया थाने की पुलिस द्वारा एक दर्जन से ज्यादा लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके पूरे मामले की जांच शुरू की जा रही है।

### मां की प्रतिमा में बने शेर को क्षतिग्रस्त किया

कुशीनगर में सोमवार को दुर्गा प्रतिमा स्थापना की शोभायात्रा निकाली गई लेकिन इसी दौरान बड़ा बवाल शुरू हो गया। शोभायात्रा में माता रानी के भजन को लेकर विशेष समुदाय के एक युवक से विवाद शुरू हो गया जिसके बाद दो समुदाय में पथराव होने लगा। हिंदू पक्ष का आरोप है कि मुस्लिम समुदाय के युवकों ने माता रानी को भी नहीं छोड़ा व प्रतिमा में बने शेर को क्षतिग्रस्त किया। पडरौना कोतवाली क्षेत्र में हुई इस घटना के बारे में जब सूचना मिली तो एएसपी सीओ समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचे थे और हालात को काबू में किया। इस घटना के बाद कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था।

## झूलेलाल वाटिका में हुई माता की प्राण प्रतिष्ठा

- श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी निकल आया अनुष्ठान
- कोलाबऊ की षोडश स्नान के साथ पूजा प्रणप्रतिष्ठा की गई

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा गुरुवार को सप्तमी पर माता की प्राण प्रतिष्ठा झूलेलाल वाटिका में कोलाबऊ की षोडश स्नान के साथ पूजा प्रणप्रतिष्ठा की गई।

इसमें नवपत्रिका केले को पेड़ पर बांधकर उसको स्त्री का स्वरूप दिया जाता है। मानो बंगाल की कोई दुल्हन घूंघट में तैयार हुई हो। नव पत्रिका विशेष तौर पर रहते हैं।जिसमें केले का पौधा ब्रम्हाण्डी देवी को दर्शाता है, अरवी काली माता को, हल्दी दुर्गा माता को, जयन्ती कार्तिकेय को, बेल और पत्ते शिवजी को, अनार रक्तदन्तिका को, अशोक माता सीता को शोक रहित रखने वाला, मनका चामुण्डा देवी को और धान लक्ष्मी देवी का प्रतिनिधित्व करता हैं। महासप्तमी की सुबह सफेद अपराजिता की लता के साथ नौ पत्रिका को पीले धागे से बांधकर पवित्र नदी मे स्नान मन्त्रों के साथ कराया जाता है। नवपत्रिका महास्नान के बाद प्राण प्रतिष्ठा के साथ गाते बजाते कोलाबऊ को गणेश जी के दाहिने रखा जाता है। इस कोला बऊ को गणेश जी की पत्नी भी कहा जाता है। पूजन के साथ एक डोर मातादुर्गा की मुख्य मूर्ति पर बांधते हैं और प्राण प्रतिष्ठा के साथ मां के आंख की पट्टी खोली जाती है। इसके साथ ही दुर्गा पूजा का महारम्भ हो जाता है। श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गापूजा कमेटी की संस्थापक अध्यक्ष नीरा सिन्हा वर्मा ने कहा, हमारी पूजा को विगत 15 वर्ष हो गये हैं। हमारा उद्देश्य अपनी विलुप्त होती संस्कृति को पूजा मे सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में संस्कृति के प्रति उत्साह भरना और आगे आने वाले समय में उनके द्वारा इसका पोषण करना है। संस्कृति को जीवित रखने का कार्य धार्मिक सांस्कृतिक व्यवहारिक आचरणों से आता है। एकता का भाव समर्पण का भाव जागृत होता है। हमारे त्यौहार हजारों की रोटी रोजी का भी सहारा बनते हैं। सह भोजन करने की और वितरण करने के संस्कार जागृत होते हैं। लम्बे समय तक अध्यक्ष के दायित्व के साथ श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी की अध्यक्ष लीपिका उकील को बनाया। लीपिका विगत 5 वर्षों से पूजा को बहुत सुन्दर ढंग से अध्यक्ष पद के रूप में सभाल रही हैं। जिसकी महामंत्री मधू सिहं हैं और कोषाध्यक्ष पुष्पा सिहं हैं। पूजा का कार्य गंगाधर चक्रवर्ती संभालते हैं। संगठन प्रमुख अनुपम श्रीवास्तव हैं। साथ ही, देबूदेव दीदी भी प्रातः पूजन में रहीं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### यूपी में रहेगा सपा-कांग्रेस गठबंधन: अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की एक लिस्ट जारी की तो सियासी हलचल तेज हो गई।कांग्रेस के ओर से कहा गया कि अभी तक गठबंधन में सीट बंटवारे पर कोई बात नहीं हुई है।कांग्रेस इस बयान ने सियासत को नया रंग दे दिया जिसके बाद तमाम तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं,लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सवालों का जवाब दिया है जिसपर बीते करीब 24 घंटे से सस्पेंस बना हुआ था।अखिलेश यादव से पहले हरियाणा में कांग्रेस की हार पर सवाल हुआ तो उन्होंने बिल्कुल स्पष्ट लहजे में कहा कि आज इस विषय पर कुछ नहीं बोलूंगा।आज का दिन इस मामले पर बोलने लायक नहीं है। सपा प्रमुख से उपचुनाव को लेकर सवाल हुआ तो उन्होंने थोड़ा खुलकर जवाब दिया।कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग और अपने उम्मीदवारों के ऐलान पर कहा कि आज के दिन बहुत कुछ नहीं बोलना है लेकिन हां यूपी में कांग्रेस के साथ गठबंधन रहेगा।अखिलेश यादव के इस बयान के साथ ही हर सस्पेंस खत्म हो गया लेकिन सीटों का सवाल बना हुआ है। समाजवादी पार्टी ने बुधवार को छह प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की।सपा ने करहल विधानसभा सीट से तेज प्रताप यादव, सीसामऊ विधानसभा सीट से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, मिल्कीपुर से अजीत प्रसाद, कटेहरी से शोभावती वर्मा और मंझवा विधानसभा सीट से डॉ. ज्योति बिंद को प्रत्याशी बनाया है।फूलपुर और मझवां दोनों वो सीटें है, जिसपर कांग्रेस दावा कर रही थी। उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। रिक्त हुई 10 सीटों में से पांच सीटेंसीसामऊ, कटेहरी, करहल, मिल्कीपुर और कुंदरकी सपा के पास थी। फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां और खैर भाजपा के पास थी। कांग्रेस ने उपचुनाव में 5 सीटों की मांग रखी थी।

### आर-फैक 16 अक्टूबर से 31दिसम्बर तक खाद्य प्रसंस्करण पदार्थों की जांच में देगा विशेष छूट

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अन्तर्गत संचालित क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र यानि आर-फैक लखनऊ के 20 वर्ष पूर्ण होने केउपलक्ष्य में 16 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक खाद्य प्रसंस्करण पदार्थों की जांच में विशेष छूट दिये जाने का निर्णय लिया गया है। 16 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक विभिन्न प्रकार की सम्बन्धित सुविधायें सभी जनमानस को विशेष रियायाती दरों,निःशुल्क दिये जाने का प्रावधान किया गया गया है। मिलावटी जॉच एवं प्रशिक्षण सम्बन्धी सुविधायें आम जनमानस को विशेष रूप से दी जायेंगी।ग्रहणियों, महिला स्वयं सहायता समूहों, उद्यमियों, एफपीओ, स्टार्टअप, विश्वविद्यालयों को इस इस विशेष सत्र में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच न्यूनतम शुल्क 50 रूपये प्रति सैम्पल की दर से किये जाने की सुविधा उपलब्ध होगी।खाद्य पदार्थ निर्माताओं उद्यमियों को क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र आर-फैक द्वारा निर्धारित शुल्क पर खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता जॉच पर 50 प्रतिशत की छूट उपलब्ध होगी। गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले छात्र,छात्राओं, महिलाओं, आदि को आर-फैक द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा, यह छूट 16 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र आर-फैक लखनऊ वेबसाइट पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 तक प्राप्त कर सकते है।

### अटल भूजल योजना: दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा अधिकारियोंकर्मचारियों व विभिन्न जनोपयोगी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु लगे लोगों की क्षमता संवर्धन हेतु लगातार प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ द्वारा 09 से 10 अक्टूबर की अवधि में अटल भूजल योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ''स्टेट लेवल ट्रेनिग प्रोग्राम आन वाटर सिक्योरिटी प्लान, इम्पैक्ट आन दि कम्युनिटी, क्लाइमेटचेंज एण्ड सस्टेनेबिलिटी एण्ड रोल आफ डीपीआई'' का आयोजन सम्बन्धित ब्लाक समन्वयक, आईईसी एक्सपर्ट, कृषि विशेषज्ञ एवं जिला समन्वयकों हेतु किया गया है। इस प्रशिक्षण अवधि में, सभी प्रशिक्षु प्रतिभागियों की क्षमतासंवर्धन के दृष्टिगत विभिन्न विषयों अटल भूजल की अवधारणा, संरक्षण, अद्यतन योजना की स्थिति, अपेक्षाएं, पर्यवेक्षण एवं आंकलन, विभिन्न सम्बन्धित विभागों के मध्य अभिसरण एवं समन्वय, परिमार्जित एवं उच्चीकृत मानकों के माध्यम से जल उपयोग दक्षता में वृद्धि करना, मोबाइल ऐप के माध्यम से डाटा अपलोडिंग, ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियों का प्रभाव एवं अभिप्रेरक उपकरणों के माध्यम से समुदाय को प्रोत्साहित करना इत्यादि प्रमुख विषयों पर राज्य स्तरीय विषय विशेषज्ञों एवं प्रबुद्ध शासकीय अधिकारियों द्वारा प्रासंगिक वार्ताएं प्रदान की गयी।

### मंत्री कपिल देव ने रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने गुरुवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर में आयोजित शोकसभा में उद्योग जगत के दिग्गज, स्वर्गीय रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिले के प्रमुख उद्योगपतियों, अधिकारियों और छात्रों ने एकत्र होकर उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।कपिल देव अग्रवाल ने स्व. रतन टाटा के निधन को राष्ट्र के लिए अपार क्षति बताते हुए कहा कि रतन टाटा का जीवन एक वटवृक्ष की भांति था, जो अपने साये में उद्योग, शिक्षा और सेवा के अनगिनत क्षेत्रों को पोषित करता रहा। उनका जाना एक ऐसा शून्य है, जिसे भर पाना असंभव है। उनकी सोच और दृष्टिकोण ने देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। आज उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलते हुए हम सभी को उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना होगा।

## तीन मंजिला इमारत में लगी भीषण आग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के बीबीडी में बृहस्पतिवार सुबह तीन मंजिला इमारत के पहले तल पर आग लग गई। लपटों ने कुछ ही पल में तीनों तलों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय तीसरे तल पर बने जिम में मौजूद लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। दमकल ने आठ गाड़ियों से पांच घंटे में आग पर काबू पा लिया। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर तीन मंजिला इमारत के पहले तल पर वंश अग्रवाल की बॉश्च सर्विस नाम से टायर की दुकान है। दूसरी पर टायर का गोदाम , जबकि तीसरी पर विद्याभूषण सिंह का जिम है। बृहस्पतिवार सुबह करीब छह बजे जिम में लोग व्यायाम कर रहे थे तभी उन्हें नीचे की मंजिल से



धुआं उठते दिखा। लोग जब नीचे पहुंचे तो देखा कि दुकान से आग की लपटें निकल रही थीं। सभी चीखते-चिल्लाते बाहर भाग गए। लोगों ने घटना की जानकारी दमकल को दी। अगल-बगल के लोग आग बुझाने में जुट गए। मगर लपटें बेकाबू होती चली गईं। इस बीच दमकलकर्मी आठ गाड़ियों से घटनास्थल पर पहुंच गए और राहत कार्य शुरू किया तब तक आग और विकराल हो चुकी थी और तीनों तल उसकी चपेट में आ चुके थे।

### सीढ़ियां संकरी होने से बढ़ी समस्या

दुकान के बगल में तीसरे तल तक जाने के लिए सिर्फ एक ही रास्ता था जो कि काफी संकरा था। ऐसे में दमकल को आग बुझाने में काफी समस्या हुई। दमकल की टीम ने तीनों तलों के शीशे तोड़ दिए और धुआं बाहर निकाला फिर आग पर काबू पाने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद करीब 11 बजे आग पूरी तरह से बुझा ली गई। एफएसओ गोमतीनगर सुशील यादव के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। गनीमत रही कि समय रहते लोग जिम से बाहर निकल आए नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## विभूतिखंड इलाके में भीषण हादसा, तेज रफ्तार बस ने ऑटो में मारी टक्कर, एक युवक की मौत

- घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है बस चालक पुलिस ने हिरासत में

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में बृहस्पतिवार सुबह एक तेज रफ्तार बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। बस चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह 6ः30 बजे एक ऑटो सर्विस लेन से शहीद पथ की तरफ जा रहा था। सिनी पोलिस मॉल के पास जैसे ही ऑटो शहीद पथ पर पहुंचा, वैसे ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार गोंडा अहिरपुरवा निवासी सत्यप्रकाश (25) की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और सत्यप्रकाश के परिजनों से संपर्क करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि बस चालक को हिरासत में लिया गया है और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

## ऊर्जा मंत्री ने उन्नाव में बिजली बिल प्रकरण पर आत्महत्या का लिया संज्ञान, 03 अधिकारियों को किया निलंबित

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- अधिशासी अभियंता, उपखण्ड अधिकारी और अवर अभियंता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने निर्देश
- प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं के हितों से कोई समझौता नही करेगी: शर्मा

उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने उन्नाव जनपद के कुशलपुर, बेतहर निवासी शुभम पुत्र महादेव द्वारा बिजली बिल प्रकरण को लेकर आत्महत्या किये जाने पर गहरा दुख व्यक्त किया और ईश्वर से प्रार्थना की है मृतक की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ता द्वारा आत्महत्या किये जाने संबंधी समाचार का संज्ञान लेकर संबंधित विद्युत कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने 33/11 केवी उपकेन्द्र अचलगंज के अवर अभियंता आशीष सिंह तथा विद्युत वितरण उपखण्ड बंथरा के उपखंड अधिकारी रवि यादव को तत्काल निलंबित करने और उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं। विद्युत वितरण खंड द्वितीय, उन्नाव के अधिशासी अभियंता सूर्योदय कुमार वर्मा को तत्काल निलंबित करने के निर्देश एमडी मध्यांचल को दिये हैं। जिला प्रशासन उपभोक्ता के मृत्यु के कारणों की विस्तृत जांच कर रहा है लेकिन विद्युत विभाग के संबंधित कार्मिक प्रथम दृष्टया इस घटना के मुख्य कारण होने के दृष्टिगत इनके खिलाफ कार्यवाही की गयी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की जांच में जो भी अन्य विद्युत कार्मिक दोषी पाये जायेगे, उन सभी पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।संबंधित प्रकरण में मुख्य अभियंता वितरण द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में उपभोक्ता ने 10 मार्च, 2022 को एक किलोवाट का विद्युत कनेक्शन लिया था। सितम्बर में त्रुटिवश प्रोविजनल बिल 1,09,221 रूपये निर्गत हुआ जिसको सही करने पर बिल की देय धनराशि 16,377 रूपये हो गयी और उपभोक्ता ने इसका भुगतान भी कर दिया। 07 अक्टूबर को उपभोक्ता की कुल 33 यूनिट रीडिंग का बिल 8,306 रूपये त्रुटिवश निर्गत हो गया।

## स्वामी नारायण मंदिर छपिया का 22.19 करोड़ से होगा पर्यटन विकास

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- पर्यटन विभाग धार्मिक स्थलों के विकास के लिए कटिबद्ध: जयवीर

स्वामीनारायण संप्रदाय के सबसे प्रमुख मंदिरों में स्वामीनारायण मंदिर छपिया गोंडा है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। पर्यटन विभाग लगभग 22.19 करोड़ रुपये से पर्यटन ?सुविधाओं का विकास करेगा। इसमें आठ करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। बीते वर्ष 48 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यूपी का भ्रमण किया। यह वृद्धि निरंतर जारी है। इस वर्ष जनवरी से जून तक 33 करोड़ आगंतुकों ने यहां का रुख किया जिसमें लगभग 11 करोड़ पर्यटक केवल अयोध्या पहुंचे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला ?के विराजमान होने के बाद अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है।गोंडा जिले में स्थित स्वामीनारायण मंदिर छपिया आस्था का केंद्र है। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। आगामी दिनों में यहां पर्यटन और बढ़ेगा। क्योंकि अयोध्या आने वाले पर्यटक छपिया का भी भ्रमण करेंगे। स्वामीनारायण संप्रदाय को मानने वालों की संख्या गुजरात समेत अन्य कई राज्यों में अच्छीखासी है। उनके सामने भी एक साथ छपिया और अयोध्या तथा प्रदेश के अन्य स्थलों पर भ्रमण का अवसर उपलब्ध है। पर्यटन विभाग इस महत्वपूर्ण स्थल पर पर्यटक सुविधाओं का विस्तार कर रहा है। लगभग 22.19 करोड़ रुपये बस शेल्टर का विकास, मुख्य गेट व अन्य कई गेट का विकास, फसाड लाइटिंग के अलावा अन्य पर्यटक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उक्त स्थल पर पर्यटक सुविधाएं विकसित होने के बाद पर्यटकों को विशिष्ट अनुभव प्राप्त होगा।

## आबकारी इंस्पेक्टर ने टीम के साथ इटौंजा टोल प्लाजा पर पकड़ा अंग्रेजी शराब से भरा कंटेनर



- पकड़े गए कंटेनर ट्रक से सैकड़ो पेटी अंग्रेजी शराब हुईं बरामद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ सीतापुर हाईवे मानपुर टोल प्लाजा पर गुरुवार दोपहर लखनऊ जोन 4 आबकारी स्पेक्टर अभिषेक सिंह आबकारी टीम के साथ एक कंटेनर ट्रक को पकड़ लिया। बता दें कि पकड़े गए कंटेनर में लगभग सैकड़ो पेटी अंग्रेजी शराब की बोतले बरामद हुई। सूत्रों की माने तो गुरुवार दोपहर इटौंजा थाना क्षेत्र के मानपुर टोल प्लाजा पर आबकारी विभाग की टीम व इटौंजा पुलिस की संयुक्त टीम ने हरियाणा से बिहार लेकर जा रहे एक कंटेनर को पकड़ लिया, जिसमें पुलिस ने सैकड़ो की तादाद में शराब की पेटी बरामद कर कंटेनर को कब्जे में ले लिया। वहीं सूत्रों की माने तो यह शराब अवैध तरीके से हरियाणा से बिहार जा रही थी जोकि बिहार प्रदेश में महंगे दामों पर बेची जातीं,लेकिन खुफिया सूत्रों की जानकारी के अनुसार आबकारी टीम ने इनको इटौंजा टोल प्लाजा के पास ही धर दबोचा। वहीं पकड़े गए कंटेनर में शराब की पेटी की गिनतीं की गई, हालांकि इस मामले में जांच-पड़ताल की जा रही है।

## पर्यटन मंत्री ने महाकुंभ के लिए विभिन्न देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों को दिया निमंत्रण

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अगले वर्ष जनवरी 13 से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में आयोजित किये जाने वाले विश्व के सबसे बड़े अध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुंभ- 2025 का साक्षी बनने के लिए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने लगभग 34 देशों के राजनायिकों, राजदूतों तथा उच्चायुक्तों को निमंत्रण पत्र भेजा है। उन्होंने निमंत्रण पत्र में भारत की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत अध्यात्म, देवत्व तथा अध्यात्मिकता की ओर ध्यान आकृष्ट करके महाकुंभ में भागीदार बनने के लिए अनुरोध किया है। जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 34 देशों में से 16 देशों को निमंत्रण पत्र भेजा जा



चुका है और शेष को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। भारत स्थित विभिन्न देशों के राजदूतों को पत्र भेजा गया है, उनमें नेपाल, मारीशस, इण्डोनेशिया, श्रीलंका, मलेशिया, गुयाना, कनाडा, कम्बोडिया, दक्षिण अफ्रीका, त्रिनिदाद और टुबैगो, नीदरलैण्ड, फ्रांस, फीजी, सूरीनाम, यूनाईटेड किंगडम रियूनियन, सिंगापुर, यूएसए, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, केन्या, इटली, जमैका शामिल हैं। इसके अलावा सेशेल्स, स्पेन, यूक्रेन, यूथोपिया, जाम्बिया, मेडागास्कर, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, म्यांमार, जर्मनी तथा भूटान शामिल हैं।उन्होंने बताया कि भारत में तैनात राजदूतों एवं उच्चायुक्तों से यह भी आग्रह किया गया है कि वह अपने-अपने देश के भारत की सनातन संस्कृति में आस्था रखने वाले हिन्दू एवं अन्य श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। इस आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय तथा देशी-विदेशी पर्यटक श्रद्धालु भाग लेंगे। महाकुंभ में लगभग 50 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। जयवीर सिंह ने निमंत्रण पत्र में यह भी कहा है कि महाकुंभ का धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व है। यह प्राचीनकाल से आयोजित होता चला आ रहा है। उन्होंने राजदूतों को अवगत कराया है कि महाकुंभ में उनकी सहभागिता से वैश्विक स्तर पर भाईचारा तथा शांति के प्रयासों को गति मिलेगी। उन्होंने यह भी लिखा है कि महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़े आस्था के केन्द्र के रूप में आयोजित होगा। यह पवित्र धार्मिक आयोजन एक लम्बे अध्यात्मिक यात्रा का सहभागी है और भारत की विविधिता में एकता का परिचायक भी है। महाकुंभ अध्यात्मिक समृद्धि को बढ़ाने तथा विभिन्न मतान्तर के लोगों में आस्था के प्रति समर्पण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करेगा।

## त्वरित आर्थिक विकास योजना: गोरखपुर हेतु 328.42 लाख रूपये मंजूर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत गोरखपुर में सड़क निर्माण से संबंधित कार्यों हेतु 328.42 लाख रुपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गई धनराशि जिलाधिकारी, गोरखपुर के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, गोरखपुर को प्रेषित कर दी गई है।शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि का उपयोग इसी योजना के लिए किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि मंजूर की गयी है। कार्य प्रारंभ करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि मंजूर नहीं हुई है और न ही यह कार्य किसी अन्य परियोजना अथवा योजना के तहत अनुमोदित कार्य योजना में शामिल है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### इंफोटेक और अन्य प्रायोजकों का सराहनीय योगदान




**जन एक्सप्रेस/ अयोध्या धाम।** शानाकोडर द्वारा गेनबा सोपनराव मोझे कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (त्रस्स्ष्टहृश्व) में आयोजित 24 घंटे की राष्ट्रीय स्तर की हैकाथॉन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट, जे0के0 इंफोटेक, एनजॉय, और मनोज चौधरी की मैथ्स अकादमी का विशेष योगदान रहा। शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट ने छात्रों और युवाओं के नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी भूमिका निभाई। यह प्रतिष्ठित एनजीओ युवा प्रतिभाओं को समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए समर्पित है।जे0के0 इंफोटेक ने इस आयोजन को प्रायोजन के माध्यम से महत्वपूर्ण सहयोग दिया, जिससे इसे सफलतापूर्वक संपन्न करने में मदद मिली। इसके अलावा, एनजॉय और मनोज चौधरी की मैथ्स अकादमी ने भी प्रायोजकों के रूप में अपने योगदान दिया, जिससे आयोजन के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था में सहारा मिला।यह आयोजन न केवल नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है, बल्कि समाज के उत्थान में इन संस्थानों के समर्पण को भी दर्शाता है। जी0एस0एम0सी0ओ0 और सभी आयोजकों के सहयोग से यह हैकाथॉन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जो प्रेरणादायक और उत्कृष्ट रहा।

### भगवान ने रुक्मणी के प्रेम के अधिकार को हर परिस्थिति में बचाया: जगतगुरु राघवाचार्य



**जन एक्सप्रेस/ अयोध्या।** राम कथा पार्क में मूर्धन्य पंडित उमापति त्रिपाठी महाराज के आशीर्वाद से तीन कलश तिवारी मंदिर धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से श्रीमद्भागवत कथा के अष्टम दिवस में जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी डॉ. राघवाचार्य जी महाराज ने रुक्मिणी विवाह की पवित्र कथा का श्रवण कराया, जिसे सुनकर पंडाल में बैठे श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।स्वामी जी ने बताया कि रुक्मिणी विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री थीं, जिन्हें भगवान श्रीकृष्ण से गहन प्रेम था। रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण से प्रार्थना की कि वे उन्हें शिशुपाल के चंगुल से बचाकर अपने साथ ले जाएं। स्वामी जी ने उस दृश्य का भावपूर्ण वर्णन किया, जब रुक्मिणी ने भगवती पार्वती के मंदिर में पूजा के बाद श्रीकृष्ण का इंतजार किया। जैसे ही रुक्मिणी मंदिर से बाहर आईं, श्रीकृष्ण ने अपने रथ पर आकर उन्हें उठा लिया और विदर्भ से द्वारका ले गए।कथा का समापन रुक्मिणी विवाह के पवित्र प्रसंग से हुआ, जिसमें स्वामी जी ने भक्तों को प्रेम, समर्पण और भक्ति के महत्व को समझाया। कथा के अंत में भजन-कीर्तन के साथ आरती का आयोजन किया गया।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली दुर्गा पूजा को लेकर लोगों में उल्लास



**जन एक्सप्रेस/ अयोध्या।** श्री ? दुर्गा पूजा समिति निषाद नगर रेतिया इस वर्ष 35 वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना कर रही है। इस बार रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली दुर्गा पूजा है, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में विशेष उल्लास है। समिति के अध्यक्ष रामफल निषाद ने कहा कि इस महोत्सव का आयोजन स्थानीय लोगों के सहयोग से किया जा रहा है। समिति के सदस्य अजय निषाद ने भी स्थानीय लोगों के योगदान को सराहा। शाम को माता की आरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मोहल्ले के सभी वर्ग के लोग एक साथ मिलकर माता का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। आरती के बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी होता है, जिसमें श्रद्धालुओं की उत्साही भागीदारी देखी जा रही है। रेतिया मोहल्ले के लोग भक्ति भाव से कार्यक्रमों में शामिल होकर नवरात्रि के इस पावन पर्व को विशेष बना रहे हैं।आरती के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें छोटे-छोटे बच्चे अपने कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं।समिति में संतोष शर्मा (प्रबंधक), अजय निषाद ठाकुर, अमन निषाद (आकाश), सत्य नारायण कनौजिया, संतोष निषाद, गोविंदा निषाद, विजय निषाद, दुर्गेश निषाद, लल्ला निषाद, अनिल निषाद, नंदू, राजेश निषाद, राहुल निषाद, विनय ट्रेडर्स, अमर निषाद, और पार्षद प्रतिनिधि शनि निषाद योगदान दे रहे हैं।

### बच्चों में अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रामनगर कॉलोनी साकेत में विद्या भारती से संबद्ध भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर में भैया-बहनों के लिए स्वास्थ्य रक्षा का कार्यक्रम वंदना सभा में मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा भारती मेरठ प्रांत के सह प्रांत मंत्री विपिन सिंघल एवं डॉ. आभा सिंह द्वारा मां शारदे के चरणों में दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद तिवारी ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया और उन्हें अंगवस्त्र तथा साहित्य भेंट कर स्वागत किया।श्री सिंघल ने महर्षि पतंजलि द्वारा संपादित आठ शुद्धियों का पालन करने और कुपोषण के प्रभाव एवं उसके बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में भैया-बहनों ने आठों शुद्धियों का पालन करने हेतु संकल्प लिया।इस अवसर पर उपस्थित सभी के प्रति आचार्य राम भद्र जोशी ने आभार प्रकट किया। इस प्रकार, यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण था, बल्कि बच्चों में अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता भी लाने में सहायक रहा।

### विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** शहर के रिकाबगंज के बल्लाहाता स्थित दुर्गा मंदिर पर शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि के उपलक्ष पर श्री रामदूत चैरिटेबल सेवा संस्थान के पदाधिकारियो द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. भंडारे का आयोजन महिला चिकित्सालय रोड पर आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे का कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सर्वाकारी शैली तिवारी सहयोगी श्रद्धा तिवारी एवं सहयोगियो के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद इस बार नवरात्रि बड़े ही उत्साह के साथ मनाई जा रही है.. इतना उन्होंने नवरात्रि को लेकर सभी जनपद वासियों को शुभकामनाए व बधाई दी. 11 अक्टूबर को नवमी के दिन भव्य विशाल का भंडारे का आयोजन होगा।इस मौके पर शरद अवस्थी पूजा अवस्थी, अभिषेक, आकाश सौरभ निषाद, श्रद्धा आदि पदाधिकारी लोग मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश

■ पात्र व्यक्तियों को मिले योजनाओं का लाभ, गोवंश स्थलों का किया जाए उचित प्रबंधन- राज्यमंत्री

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग, मा0 मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सचान ने बचत भवन स्थिति कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास व प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओ की समीक्षा करते हुए के निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर पर पात्र लाभार्थियों का रजिस्टर तैयार कराया जाए जो भी लाभार्थी छूट गए हैं। उन्हें योजना से शीघ्र जोड़ा जाए। लाभार्थियों के खाते में राशि स्थानांतरण समय से पूरा कराया जाए। गौशालाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा की अधिकारी समय-समय पर निराश्रित गोआश्रय स्थलों का निरीक्षण करते रहे। हरे चारे की व्यवस्था करने के लिए चरागाहों का चिन्हांकन शीघ्र कराया जाए।

प्रभारी मंत्री ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आवेदन की कार्यवाही शीघ्र पूरी कराई जाए। जल विभाग को निर्देश दिए कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य जल्दी पूरा किया जाए जिससे कि आवागमन में असुविधा ना हो। निर्देश दिया की पाइपलाइन बिछाते समय जो भी सड़के क्षतिग्रस्त हो गई हैं उनके निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर सड़क निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को राशन कार्ड जारी करने से संबंधित शिकायतो का शीघ्र निस्तारण कराया जाए और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाए। चिकित्सा विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड अधिक से अधिक जारी किए जाएं जिससे स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सके। विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। कनेक्शन काटते-जोड़ते समय अच्छी प्रकार से जांच पड़ताल करा ली जाए। ओवर बिलिंग ना की जाए। सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि नहरो की साफ सफाई का कार्य समय से पूरा कराया जाए। पेय जल योजनाए धरातल पर दिखे इसके लिए समय- समय पर स्थलीय परीक्षण अवश्य कराया जाए। युवाओं को रोजगार परक योजनाओ से आच्छादित किया जाए। मेलो में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए।

कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि अपराधों को रोकने के लिए समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए।आपसी विवाद और राजस्व से जुड़े मामलों में स्थानीय स्तर पर ही समाधान कराया जाए। आवश्यकता होने पर उच्च अधिकारी संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई करें। त्वरित न्याय सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

इस अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह, ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय, सलोन विधायक अशोक कोरी, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, डीएफओ आशुतोष अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**प्रभारी मंत्री ने पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में जनप्रतिनिधियों संग की बैठक**

प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने जनप्रतिनिधियों के साथ अलग से महत्वपूर्ण बैठक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाऊस की। जिसमें सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। इस दौरान, उन्होंने निर्देश दिया कि जिला प्रशासन से समन्वय कर सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं जाए। बैठक में ऊँचाहार विधायक मनोज पांडेय,सलोन विधायक अशोक कोरी,जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल,पूर्व विधायक रामलाल अकेला मौजूद रहे।

### माता के जयकारों से गूंजा विद्या मंदिर रामनगर

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** शारदीय नवरात्र के ये 9 दिन विशेष उत्साह और भक्ति से भरे होते हैं। इसी क्रम में आज सरस्वती विद्या मंदिर रामनगर में माता की चौकी का आयोजन किया गया। इस पुण्य अवसर पर विद्यालय में कन्याओं का पूजन किया गया और उन्हें प्रसाद एवं उपहार दिए गए।इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद तिवारी और संयोजक सरिता पाण्डेय के द्वारा किया गया। आचार्य बहनों शालिनी सिंह, रूबी यादव, साक्षी सेन, शोभा सोनी ने विशेष सहयोग प्रदान किया। अभिभावकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम में उत्साहवर्धन किया। कन्या पूजन के उपरांत, अतिथि बहनों ने कन्याओं की आरती उतारी और उन्हें चुनरी एवं अन्य उपहार दिए। माता रानी के फ्जय माता दीफ्र के जयकारों से पूरा भवन गूंज उठा। प्रधानाचार्य श्री तिवारी ने कन्याओं का चरण वंदन करते हुए नवरात्रि के इस विशेष पर्व की महत्वता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में सभी आचार्य बंधु अमित पाण्डेय, अजय सिंह, विनोद दीक्षित, राम शंकर, विश्वनाथ यादव और विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में, मां जगजननी की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन जयकारों के साथ किया गया।

## जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक हुई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सांसद आवास भुएमऊ में आयोजित की गई, बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री के.एल.शर्मा जी सांसद अमेठी ने प्रदेश में बढ़ रहे अपराधिक मामलों पर योगी सरकार को आड़े-हाथों लिया, उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रही है, जहां एक ओर जन नायक श्री राहुल गांधी जी देश की एकता एवं प्रेम-सौहार्द को बचाने के लिए सत्ता से टकरा रहे है वहीं दूसरी ओर भाजपा किसी भी कीमत पर सत्ता पाना चाहती है। मा.सांसद ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनता के सुख-दु:ख में शामिल रहने का निर्देश दिया और कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता की राजनीति नहीं करती है, बल्कि राष्ट्रहित, देश का अमन चैन बना रहे और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी जिम्मेदारी से विपक्ष की भूमिका निभा रही है।

कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि महात्मा गांधी इण्टर कालेज रायबरेली के नव निर्मित हाल का उद्घाटन मा.सांसद जी द्वारा किया गया, मासिक बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार, लोकसभा के चुनाव में ब्लाक वार बूथों पर कांग्रेस पार्टी को सर्वाधिक प्राप्त मतों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बूथ चिन्हित किए जाने की स्थिति पर चर्चा व फन्टल, विभाग, प्रकोष्ठ संगठन की अद्यतन स्थिति पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने जिला कांग्रेस कमेटी से चर्चा की। बैठक में प्रमुख रूप से प्रत्याशी विधानसभा सरेनी श्रीमती सुधा द्विवेदी, प्रत्याशी विधानसभा ऊँचाहार अतुल सिंह, वी.के.शुक्ला, श्रीमती सरिता गुप्ता, साहबशरण पासवान, रमेश कुमार शुक्ला, संजीव पाण्डेय, शिवानंद मोर्या, पद्मधर सिंह, मेंहदी हसन, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, सईदुल हसन, अशोक कुमार सिंह, विनय द्विवेदी, महेश प्रसाद शर्मा, नौशाद हुसैन खतीब, अजीत सिंह, संतोश त्रिवेदी, सतगुरूदेव लोधी, अनवार खान, राकेश सिंह राना, मो.जफरूल, दीपेन्द्र गुप्ता, कृपाशंकर शुक्ला, संजय श्रीवास्तव, आर.के.सिंह, आलोक विक्रम यादव, चन्द्र प्रकाश बाजपेई, जितेन्द्र पासी, यशपाल भारती, घनश्याम शुक्ला, शशिकांत पाण्डेय, मनोज तिवारी,

## डलमऊ में आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

■ कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगता है मेला, प्लास्टिक मुक्त मेला आयोजित किया जाए: डीएम

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर डलमऊ में आयोजित होने वाले मेले की समस्त व्यवस्थाओं को शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि मेले की ओर जाने वाले समस्त सड़कों की आवश्यकतानुसार मरम्मत सुनिश्चित करा ली जाए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। जिलाधिकारी बचत भवन सभागार में इस सम्बन्ध में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। मेले में लगने वाले पशु मेला की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए। निर्धारित पशुओं के अतिरिक्त किसी अन्य पशु को मेले में व्यापार के लिए ना लाया जाए। पशु चिकित्सक हर समय उपलब्ध रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में आने के लिए प्रतिबंधित वाहनों का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा आवागमन के लिए जिन वाहनों की अनुमति प्रदान की गई है उन्हीं का प्रयोग किया जाए। मेले में अग्निशमन की गाड़ियां हर समय तैनात कराई जाए। उन्होंने मेला परिसर में साफ-सफाई एवं आकस्मिक सेवाओं की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि यह मेला पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त मेले के रूप में आयोजित किये जाने के प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक मुक्त मेला पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निराश्रित पशुओं तथा जीव जंतुओं से स्नानार्थियों की सुरक्षा के विशेष प्रबंध किये जायें। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित किया जाए कि आवागमन के समय किसी प्रकार की अव्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो-----। माहिलाओं के लिए बने चेंज रूम के आस पास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि आकस्मिक सेवाओं तथा अन्य आवश्यक सेवाओं का समय रहते मॉक ड्रिल भी कर लिया जाए। मेले में आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शौचालय पर्याप्त संख्या में बनाये जाएं और महिला पुरुष शौचालयों की संख्या अधिक से अधिक बनाया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से मेले में आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था चाक चौबद रहे, अनावश्यक भीड़ न होने पाये। जिलाधिकारी ने स्नान करने वाले स्थान सड़क घाट, रानी शिवाला घाट तथा पक्का घाट आदि की बैरिकेटिंग व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि संबंधित एसडीएम बेरिकेटिंग,पानी की व्यवस्था,विद्युत विभाग बिजली की व्यवस्था को पूरी तरह से दुरूस्त रखेंगे। उन्होंने कहा कि जिन घाटों पर स्नान आदि होता है, वहां पर नाव व गोताखोरों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्यय, अपर जिलाधिकारी प्रशा सिद्धार्थ सहित अन्य समस्त सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

--------------00000-------

# अयोध्या में बन रहा एक और विश्वविद्यालय, हजारों विद्यार्थी प्राप्त करेंगे उच्च शिक्षा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या जल्द ही एक और उच्च शिक्षा संस्थान की मेज़बानी करने जा रही है, जिसका नाम महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय होगा। इस विश्वविद्यालय के माध्यम से हजारों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि अयोध्या में एक ऐसा विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा, जहां विद्यार्थी रामायण पर पीएचडी कर सकेंगे। यह विश्वविद्यालय दिल्ली और वाराणसी (बीएचयू) में रामायण पर शोध को बढ़ावा देने के दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

■ उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में सार्थक कदम साबित होगा महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय

■ महर्षि महेश योगी ट्रस्ट करा रहा निर्माण, दिल्ली व बीएचयू के बाद यहां भी रामायण पर होगी पीएचडी

**अमेरिका में भी है महेश योगी विवि**

महर्षि महेश योगी विश्वविद्यालय अमेरिका में भी स्थित है और भारत के पांच बड़े शहरों में इसकी स्थापना की गई है। उत्तर प्रदेश में यह विश्वविद्यालय दूसरा है और प्रदेश में एक और विश्वविद्यालय खोलने की योजना भी है।इस विश्वविद्यालय की स्थापना अयोध्या में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि के रूप में सामने आएगी, जिससे स्थानीय छात्रों को शिक्षा के लिए अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

**21 एकड़ में 500 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण**

रामायण विश्वविद्यालय का निर्माण 21 एकड़ भूमि पर 500 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है, जिसमें 12 चार मंजिला भवन होंगे। विश्वविद्यालय के भवनों के नाम राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न पर रखा जाएगा, जबकि मुख्य भवन का नाम रघुकुल भवन रखा जाएगा। वर्तमान में, 40त्न निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

**यूजीसी से होगा संचालित, 500 से अधिक को मिलेगा रोजगार**

महर्षि महेश योगी रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट के मुकेश सक्सेना के अनुसार, यह विश्वविद्यालय यूजीसी के नियमों के अनुसार संचालित होगा और स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्रदान करेगा।

**अगले वर्ष से शुरू होगी पढ़ाई**

विश्वविद्यालय में 2025-26 सत्र से यूजी और पीजी कक्षाएं शुरू की जाएंगी, जिसके बाद पीएचडी की भी शुरुआत होगी। पाठ्यक्रम में प्रबंधन अध्ययन और प्रबंधन संबंधी कोर्स भी शामिल होंगे, साथ ही कैम्पस सेलेक्शन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जाएगी।

## उद्योग जगत की रीढ़ थे रतन टाटा: बसन्त सिंह बग्गा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की एक आवश्यक बैठक मण्डल के कैम्प कार्यालय विशम्भर मार्केट में सम्पन्न हुई। बैठक में मशहूर उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यापार मण्डल के प्रान्तीय उपाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा ने कहा कि स्वर्गीय रतन टाटा उद्योग जगत की रीढ़ थे, देश की अर्थव्यवस्था में उनका योगदान सुनहर अक्षरों में लिखा जाएगा। श्री बग्गा ने स्वर्गीय रतन टाटा को श्रद्धाँजलि अर्पित करते हुए कहा कि ''आया है सो जाएगा, राजा रंक फकीर, एक सिंहासन चढ़ि चला, एक बांधे जंजीर'' रतन टाटा के रूप में देशवासियों ने अपना एक मजबूत स्तम्भ खो दिया। अपने कार्य एवं व्यवहार के कारण रतन टाटा राष्ट्रवासियों के दिलों में सदैव अमर रहेंगे। श्री बग्गा ने महामहिम राष्ट्रपति से देश के महान सेवक रतन टाटा को भारत रत्न देने की मांग की। प्रान्तीय संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि ''न जन्म कुछ, न मृत्यु कुछ बस जरा सी बात है, किसी की आंख खुल गई, किसी को नींद आ गयी'' देश के बड़े उद्योगपति, सादगी भरे जीवन के पर्याय, देश के विकास में हमेशा अग्रिम पंक्ति में खड़े रहने वाले पद्म भूषण रतन टाटा के निधन से देश को अपूर्णनीय क्षति हुई है। देश हमेशा उन्हें सम्मान के साथ याद रखेगा।

## नगरीय निकायों में विकास कार्यों को कराए जाने को लेकर बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में नगरीय निकायों में विकास कार्यों को कराए जाने को लेकर प्राप्त प्रस्ताव के अनुमोदन को लेकर बैठक आयोजित हुई।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार,अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार,सभी एसडीएम चारों निकायों के अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में नगरीय निकायों में मूलभूत सुविधाओं यथा साफ-सफाई हेतु उपकरणों के क्रय करने,नाली,इंटरलॉकिंग के निर्माण, स्ट्रीट लाइट,वाटर कूलर,मोबाईल टॉयलेट,पानी का टैंकर,ट्रैक्टर सहित अन्य उपकरणों को क्रय करने के उद्देश्य से निकायों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।डीएम ने कहा कि उपरोक्त कार्य कराए जाने हेतु शासनादेश का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए।किसी भी हालत में शासन के आदेश का उल्लंघन ना हो।उन्होंने कहा कि नगर वासियों को बेहतर सुविधा देने की दिशा में प्रयास किए जाएं।नगरीय निकायों में सफाई व जलभराव की शिकायतें ज्यादा प्राप्त हो रही हैं।सफाई की व्यवस्था के लिए बेहतर उपाय किए जाएं।उन्होंने सभी नगर निकायों के अध्यक्षों व अधिशासी अधिकारियों से कहा कि जो भी प्रस्ताव तैयार किये जाएं,उनमें बेहतर कार्यों का समावेश होना चाहिए।कूड़ा निस्तारण एक गंभीर समस्या है।निकायों में प्रतिदिन साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही दुकानदारों,व्यापारियों को अपनी दुकान के सामने डस्टबिन रखने और उसी में कूड़ा डालने के लिए प्रेरित किया जाए।अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि निकायों की आय बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करें।

### कबीर सत्संग समारोह में जुटेंगे दिग्गज

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** कबीर धर्म मंदिर जियनपुर के संस्थापक सद्गुरु रामसूरत साहेब की पुण्य स्मृति में 11 से 13 अक्टूबर तक सत्संग समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह का संयोजन कबीर की परंपरा के प्रख्यात उपदेशक संत परीक्षा साहेब करेंगे, जिसमें कबीर पंथ के दिग्गज संतों का जमावड़ा होगा।समारोह में बड़हरा-गोंडा के निहाल साहेब, शिवपुर-वाराणसी के प्रेम साहेब, बाराबंकी के निष्ठा साहेब, इटावा के रतन साहेब और दिल्ली के टकसार साहेब सहित अन्य प्रमुख संत उपस्थित रहेंगे। परीक्षा साहेब ने बताया कि सत्संग समारोह में गुरुवर कबीर के मध्यम मार्ग का विवेचन होगा। उन्होंने कहा कि आज की दिग्भ्रमित और हिंसाग्रस्त दुनिया में कबीर के सम्यक चिंतन की आवश्यकता है, जिससे हम दुश्वारियों से ऊपर उठकर सही दिशा में बढ़ सकें।

## एएनएम कर्मियों को दो बार ऑन लाइन हाजिरी का सरकारी फरमान बर्दाश्त नहीं: विजय विद्रोही

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) के प्रदेश अध्यक्ष विजय विद्रोही ने सरकार द्वारा एएनएम कर्मियों को दो बार अपनी उपस्थिति उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य केंद्र पोर्टल पर केंद्र के बाहर और अंदर से फोटो सहित ऑन लाइन पोस्ट करने के आदेश की आलोचना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में एनएचएम में सेवारत एएनएम वर्षों से अपने कुछ बुनियादी सवाल उठाती रही हैं। जिनमे दूरस्थ जनपदों से उनके गृह जनपदों (मायके या ससुराल) में स्थांतरित करने, मान्य और स्थापित विधि व्यवस्था के तहत समान कार्य के समान वेतन के सिद्धांत को लागू करने चिकित्सा बीमा दिए जाने सहित स्थाईकरण किए जाने आदि प्रश्न लंबित हैं। किंतु उनका समाधान करने के बजाय घोर अमानवीय अव्यवहारिक आदेश पारित कर दिया गया जिसे किसी भी हालत के बर्दास्त नही किया जा सकता।

कामरेड विद्रोही ने कहा कि संविदा या स्थाई सेवा में कार्यरत एएनएम अपने अपने विभिन्न सवालों के समाधान के लिए समय समय पर अपनी गुहार लगाती रही हैं ।किंतु उनका समाधान करने के बजाय बेहद खराब कार्य दशा और कठिन स्थितियों में अपने कार्यों का कुशलता से निर्वहन करने वाली एएनएम को उपरोक्त आदेश के जरिए तत्काल प्रभाव से क्र्यस्र्य ( उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य केंद्र) पोर्टल पर केंद्र और उपकेंद्रों के दो फोटो प्रतिदिन अपलोड करने का जारी किया गया है। जो पूरी तरह अव्यवहारिक है,और यह उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। आश्चर्य जनक है कि एएनएम कर्मियों से 24 से 28 काम महीने भर में लिए जाते हैं, जिनमे अधिकांश कार्य ग्रामीण अंचलों में जनता के बीच भ्रमण गहरे संपर्क के जरिए संपादित करना पड़ता है।

उन्होंने आगे कहा कहा कि प्रदेश के अधिकांश उपकेंद्र दूरदराज ग्रामीण, बनांचल और दुर्गम इलाकों में स्थित है। एएनएम का अधिकांश कार्य भी फील्ड का है टीकाकरण से लेकर विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों में वे अपने निर्धारित क्षेत्र में क्रियाशील रहती है। इसके पूर्व ही डेटा ऑपरेटर्स के लगभग सभी कार्य उनको ही करने पड़ते हैं। यही नहीं कार्य का भार हर दिन बढ़ाया जा रहा है।

अपने घरों से दूर अपनी पारिवारिक जिंदगी की नैसर्गिक जिम्मेदारियों के

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शुक्रवार, 11 अक्टूबर, 2024







### दुर्गा पूजा के बीच जूनियर डॉक्टरों का आमरण...

आरजी कर अस्पताल में अपने सहकर्मी के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा उत्सव के बीच गुरुवार को पांचवें दिन भी आमरण अनशन जारी रखा। दोपहर 2.30 बजे, कई मेडिकल कॉलेजों के नौ जूनियर... पढ़ें पेज 12 पर...

# बिठूर गंगा नदी में दिखा 7 फुट लंबा मगरमच्छ, क्षेत्र की जनता में दहशत

जन एक्सप्रेस । बिठूर

बिठूर के घाटों पर आए दिन छोटे बड़े मिले लगा करते हैं। ऐसे में बीते दिन गुरुवार की शाम 5 बजे बिठूर गंगा नदी पर बने पुल पर टहलने आए क्षेत्रीय लोगों ने गंगा की तेजधार में 7 फीट लंबे मगरमच्छ को तैरते हुए देखा, क्षेत्रीय लोगों ने गंगा में तैरते हुए उसे मगरमच्छ का एक वीडियो भी बना लिया जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस घाट पर यह मगरमच्छ देखा गया है वहां पर अक्सर कानपुर व उन्नाव जनपद से आने वाले श्रद्धालु गंगा स्नान करते हुए देखे जाते हैं। गंगा नदी में मगरमच्छ के देखे जाने के बाद से लगातार क्षेत्रीय लोगों में चर्चा का बाजार गर्म है। सूत्रों की माने तो इससे पूर्व कानपुर के सुप्रसिद्ध रानी घाट पर मगरमच्छ देखा गया था। उस मगरमच्छ की लंबाई भी लगभग 7 से 9 फीट थी। उसे वक्त वह मगरमच्छ रेत पर लेटा हुआ देखा गया था। इतना ही नहीं रेत पर धूप सेकते हुए इस मगरमच्छ को देखने के लिए सैकड़ो की तादात में लोग भी इकट्ठा हो गए थे। आपको बताते चलें हाल ही में कल्याणपुर विकासखंड के संबलपुर गांव में गंगा नदी से निकलकर एक मगरमच्छ आ गया था। यह मगरमच्छ 7 फीट लंबा था। इस मगरमच्छ को ग्रामीणों ने रस्सी से बांधकर वन विभाग को सौंप दिया था। इस घटना ने कानपुर के सभी प्रचलित अखबारों में सुर्खी भी बटोरी थी। गुरुवार की शाम जब से बिठूर नया पक्का पुल घाट पर मगरमच्छ देखा गया है उसके बाद से घाट पर कोई भी स्थान करने नहीं पहुंचा है। क्षेत्रीय जनता में दहशत का माहौल है। यह भी बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने वन विभाग को फोन के द्वारा बिठूर के घाट पर मगरमच्छ के देखे जाने की सूचना दी है।





### शाम के वक्त रहती है काफी भीड़ लेकिन अब सन्नाटा


आकाश गौड़

नया पक्का पुल घाट जो कि उन्नाव और बिठूर को जोड़ता है। इस घाट पर सुबह और शाम के वक्त काफी लोग गंगा स्नान करने आते हैं। इस घाट पर प्रतिदिन शाम के वक्त काफी तादात में क्षेत्रीय लोग गंगा स्नान करने आते हैं। मगरमच्छ को देखने वाले अभिषेक गौड़, गौरी, आकाश, सूरज, ने बताया कि जिस वक्त यह लोग पल पर टहल रहे थे उसी वक्त उनकी नजर गंगा नदी में बह रहे मगरमच्छ के ऊपर पड़ी। इन लोगों ने बहते हुए मगरमच्छ का एक वीडियो भी बना लिया। मगरमच्छ के देखे जाने के बाद से घाट पर बिल्कुल सन्नाटा है।

### नाव चलाने वालों को नहीं मिली एक भी सवारी

जैसा की खबर में पहले आपको बताया जा चुका है कि इस घाट पर शाम के वक्त कानपुर के अलावा उन्नाव जनपद से भी काफी लोग गंगा स्नान करने वह घूमने के पर्पस से आते हैं। यह लोग यहां पर नौकायन भी करते हैं। लेकिन गुरुवार की शाम जब से गंगा नदी में मगरमच्छ देखा गया है तब से एक भी यात्री नाव में घूमने के लिए नहीं आया। जिससे नाविको को काफी दिक्कत हुई।

# सहायक वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में टीमों ने सेंट्रल स्टेशन के स्टालों पर किया क्वालिटी चेक

- रेल यत्रियों की सुविधा को लेकर चलाया जा रहा अभियान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज के नेतृत्व में प्रयागराज मंडल यात्री सुविधाओं में निरंतर वृद्धि का प्रयास किया जा रहा है। यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने, लिए लगातार प्रयत्नशील है। इसी क्रम उप मुख्य यातायात प्रबंधक/कानपुर के निर्देशन में सहायक वाणिज्य प्रबंधक/कानपुर संतोष कुमार त्रिपाठी द्वारा ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर खानपान स्टालों पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, सरंक्षा संबंधित उपकरणों की उपलब्धता, तथा स्टाल /प्लेटफार्म पर कार्यरत कर्मचारियों के वांछित प्रपत्रों की जांच की गई, साथ ही ओवरचार्जिंग तथा प्लेटफार्म पर अनाधिकृत /अवैध वेंडिंग के रोकथाम हेतु वाणिज्य टीम के साथ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कानपुर सेंट्रल स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ियों के कोचों तथा पेंट्रीकार (ज्वलनशील पदार्थ के संबंध में)के साथ अनारक्षित /स्लीपर श्रेणी के आरक्षित कोचों की भी जांच की गई। इस दौरान अपने निर्धारित वेशभूषा तथा स्थान,पर नही पाये जाने वाले कुल 05 वेंडरों एवं गंदगी फैलाते गए पाये जाने वाले 60 व्यक्तियों तथा अनियमित यात्रा करने वाले 142 सहित कुल 207 व्यक्तियों /-के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जुर्माने के रूप में कुल रू 77,595/ वसूल किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक वाणिज्य प्रबंधक, श्री संतोष कुमार त्रिपाठी द्वारा यात्रियों को गाड़ी/ स्टेशन परिसर में गंदगी न फैलाने, ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करने,उचित यात्रा प्राधिकार पत्र/टिकट लेकर ही यात्रा करने,गाड़ी/स्टेशन पर खाद्य पदार्थों पर निर्धारित दर से ज्यादा वसूलने या यात्रा के दौरान अन्य किसी भी तरह की समस्या के निराकरण हेतु इसकी शिकायत हेल्प लाइन नम्बर 139, रेलमदद एप, और रेलवे वेबसाइट के माध्यम से करने साथ ही यात्री किराये/खाद्य पदार्थों के बिक्री मूल्य का भुगतान क्यू आर कोड के माध्यम से करने हेतु जागरूक किया गया। इस औचक जांच में सीआईटी स्टेशन रोमित चतुर्वेदी, खानपान निरीक्षक, गौरव , वी. के तिवारी एवं अन्य चेकिंग स्टाफ का उल्लेखनीय योगदान रहा।





## बिठूर की ऐतिहासिक रामलीला में अशोक वाटिका विध्वंस और लंका दहन की लीला का हुआ मंचन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी बिठूर के पतित पावनी मां गंगा के तट पर स्थित मंगलम पार्टी लॉन में चल रहे विशाल दशहरे मेला व रामलीला के आठवें दिन अशोक वाटिका विध्वंश और लंका दहन की लीला का भव्य मंचन किया गया। लीला का शुभारंभ शहीद भगत सिंह ग्रुप आफ एजुकेशन के डायरेक्टर विमल कुमार दीक्षित, मेला व्यवस्थापक अंकुर दीक्षित द्वारा प्रभु श्री राम, लक्ष्मण की झांकी की मंगल आरती कर किया गया। लीला में कलाकारों द्वारा दिखाया गया कि कैसे पवन पुत्र हनुमान ने प्रभु श्री राम के आदेश पर समुद्र को लांघ कर माता सीता का पता लगाया और अत्यधिक भूख लगी होने के कारण अशोक वाटिका के पहरेदार राक्षसों का वध कर वाटिका का विध्वंस किया। इसके उपरांत लीला में लंका दहन का सजीव चित्रण किया गया। लीला में श्री राम की भूमिका निभा रहे हरेंद्र तिवारी, लक्ष्मण रामजी पांडे, रावण रमन तिवारी, ने अपनी कला के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। लीला में प्रमुख रूप से मंडलाधीश राजू सविता, चंद किशोर शुक्ला, शिवदीन द्विवेदी, ऋषि प्रकाश द्विवेदी, मौजूद रहे। लीला का निर्देशन जगमोहन सिंह व मंच संचालन व्यास जी विनय तिवारी ने किया।

## सीसामाऊ विधानसभा क्षेत्र मैं कैंप लगाकर दिलाई गई भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सीसामऊ विधानसभा में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने एक दिवसीय प्रवास लगाकर रायपुरवा, चुन्नी गंज ,कौशलपुरी मंडल में भारतीय जनता पार्टी का कैंप लगाया गया। सभी कैंपों में पहुंचकर विधानसभा में रहने वाले नेताओं को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाते हुए सदस्यता अभियान को गति प्रदान की। वही बस्तियों में संपर्क संवाद कर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को इस बार सीसामऊ विधानसभा में जिताने की अपील भी की । प्रातः 11:00 बजे ग्वालटोली केडीए पार्क पहुंच चुन्नीगंज मंडल द्वारा लगाए गए सदस्यता कैंप का प्रारंभ किया भारी संख्या में जुटे आम नागरिकों को मिस्ड कॉल कर सदस्यता ग्रहण कराई। इसके उपरांत ईदगाह कॉलोनी फूलवती तिराहा कौशलपुरी मंडल में प्रेम नगर चौराहा लेनिन पार्क बालाजी चौक गुमटी सदस्यता कैंप में पहुंच भारी संख्या में सदस्यता कराई। रायपुरवा मंडल के अंतर्गत गुंजन टॉकीज जीटी रोड पर लगे भारतीय जनता पार्टी के कैंप में एकत्र आम नागरिकों को भाजपा की सदस्यता के पश्चात भाजपा का दुपट्टा पहन कर सभी का स्वागत भी किया।

## रतन टाटा को सनातन वैदिक रामराज परिषद् के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर भारत रत्न देने की की मांग



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारत के दिग्गज उद्योगपति एवं टाटा संस के प्रमुख रतन टाटा को सनातन वैदिक रामराज परिषद् एवं सनातन मंदिर चेतना सोसायटी के सदस्यों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के प्रधानमंत्री से उनको भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग की है।इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र ने बताया कि आदरणीय रतन टाटा के परोपकार और समाज के विकास के प्रति समर्पण ने करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहल ने समाज पर गहरी छाप छोड़ी है। हम सभी उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उनकी विरासत हमें प्रेरित करेगी।हम मेहनत, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के उन सिद्धांतों को कायम रखने का प्रयास करेंगे जिसकी उन्होंने बहुत दिल से वकालत की। हम सभी उनके जीवन से प्रेरणा लेकर कार्य करें तो यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से राजीव अग्निहोत्री, मनोज शर्मा, रमेश चन्द्र पाण्डेय, कृष्ण रंजन, रजनीकांत, अशोक कुमार आदि रहे।



## पटहेरवा पुलिस ने अवैध पटाखा फैक्ट्री का किया पर्दाफाश

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**फाजिलनगर, कुशीनगर।** क्षेत्र के पटहेरवा पुलिस ने अवैध पटाखा बनाने वाले कारखाना का भंडाफोड़ करते हुए तीन अभियुक्तों को दबोचा है तथा साथ ही भारी मात्रा में अर्धनिर्मित व हस्तनिर्मित पटाखें और पटाखा बनाने वाले उपकरण बरामद किए है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग तीन लाख रुपए की आस-पास बताई जा रही है।

बताते चलें कि आगामी त्यौहारों को सकुशल एवं शांन्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कुशीनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहें अभियान के क्रम में गुरुवार को थानाध्यक्ष पटहेरवा दीपक कुमार सिंह, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा, मुख्य आरक्षी अश्वनी राय, फुलचन्द चौधरी व आरक्षी रामप्रवेश यादव, चंदन चौहान की टीम ने एक मुखबिर की सूचना पर अवैध पटाखा बनाने वाले फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए तीन अभियुक्तों मो0 तबारक पुत्र स्व0 अब्दुल, मुमताज हुसैन पुत्र सालीक हुसैन, मुन्ना आलम पुत्र मो0 तबारक आलम निवासी गांव महुअवा काटा तिवारी टोला थाना पटहेरवा को मौके पर पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया तथा उनके कब्जे से हस्तनिर्मित एक बोरी सुतरी बम, पांच बोरा कागज का पटाखा, दो बोरा अर्धनिर्मित कागज का पटाखा व एक बोरा फुलझरी व भारी मात्रा में पटाखा बनाने का उपकरण भी बरामद किया गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया की हमलोग एक संगठित गिरोह है तथा हम लोग मोहम्मद तबारक के मकान में अवैध पटाखों का निर्माण करते हैं और आगामी त्यौहार दिवाली व छठ पूजा के लिए इन पटाखों को ज़्यादा कीमतों में बेचकर अत्यधिक मुनाफा कमा सकें। थानाध्यक्ष ने आगे कहा कि गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर स्थानीय पुलिस आगे की अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी है।

## दबंगों ने महिलाओं के साथ जमकर की मारपीट, महिलाएं पहुंची कोतवाली

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार का मिशन शक्ति प्रोग्राम महिलाओं की सुरक्षा का दावा करता है। लेकिन उन्नाव जनपद में मिशन शक्ति केवल दिखावा साबित हो रहा हैं। कोतवाली गंगाघाट के हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बहरौला गांव निवासी श्रीदेवी पत्नी स्व विद्याधर अपनी बहु श्रीकांती के साथ रहती हैं। श्रीकांती का पत्ती अवधेश शर्मा विदेश में नौकरी करता है। दिनांक 6 अक्तूबर 024 को गांव के ही अनूप यादव,सिंटू यादव व इनकी मां सास बहू को लात घुशो से गिरा गिरा मारा और कहने लगे तुमने हमारी भैंस पर जादू टोना कर दिया है। जिससे वह दूध नहीं दे रही।पीड़ित महिलाओं ने हाजीपुर चौकी प्रभारी संतोष यादव व कोतवाली गंगाघट में प्रार्थना पत्र दिया किंतु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित महिला श्रीदेवी शर्मा ने बताया हम दोनो सास बहू घर पर अकेली रहती हैं।हमारा बेटा अवधेश शर्मा विदेश में नौकरी करता है। उक्त लोग ऐसे ही हमको जादू टोने वाली कह कर बदनाम करेंगे ।मरेंगे पीटेंगे।तो गांव व क्षेत्र के लोग भी बदनाम करेंगे। ऐसे तो हम लोग मजबूरी में आत्महत्या कर ले या गांव छोड़ दे। क्योंकि उक्त लोग 09 अक्तूबर 024 को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस संबंध में चौकी प्रभारी संतोष यादव ने बताया दोनो पक्षों में समझौता हो गया था। पीड़ित महिला का कहना है कोई समझौता नहीं किया।

### पीएचडी की छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाया

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। आईआईटी के हॉस्टल में पीएचडी (भू-गर्भ विज्ञान) अंतिम वर्ष की छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह जब काफी देर तक छात्रा ने साथियों का फोन नहीं उठाया तो अनहोनी का शक हुआ। प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब छात्रा के कमरे का दरवाजा तोड़ा तो सामने पंखे से रस्सी के सहारे छात्रा का शव फंदे से लटक रहा था। पुलिस व फोरेंसिक ने पूरे कमरे की जांच की। इस दौरान पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला है। एसीपी अभिषेक पांडे ने बताया कि सुसाइड नोट में छात्रा ने खुद को ही अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। चकेरी के सजारी सनिगवां निवासी गोविंद खरया की बेटी प्रगति (27) आईआईटी के हॉस्टल परिसर में चौथी मंजिल के कमरा संख्या डी-116 में रहकर पीएचडी की तैयारी कर रही थी। पुलिस के मुताबिक गुरुवार सुबह प्रगति अपनी क्लास में नहीं पहुंची।

## रामलीला में भव्य धनुष भंग का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

विकास खण्ड सफीपुर के न्यामतपुर गांव स्थित मां पूर्वी देवी मंदिर प्रांगण में कानपुर की बाला जी रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा मनीष पटेल के निर्देशन में भव्य रामलीला का मंचन किया गया। मंचन में राम का अभिनय उन्नाव के राजीव पांडेय ,लक्ष्मण का अभिनय आकाश द्विवेदी,परशुराम का अभिनय शिव प्रकाश त्रिवेदी, प्रद्युम्न तिवारी ने जनक,केशव मिश्रा ने रावण एवम बाड़ा सुर का अभिनय कुलदीप सिंह राजावत ने किया। जनक बिलाप, एवम लक्ष्मण ,परशुराम संवाद में एक दूसरे के तर्क सुनकर उपस्थित जनसमूह मंत्र मुग्ध हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों के सहयोग से प्रधान प्रतिनिधि संतोष विश्वकर्मा,डॉक्टर प्रमोद कुशवाहा आदि ने महत्ती भूमिका निभाई।

## 100 सदस्यों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाने वाला ही सक्रिय सदस्य : प्रकाश पाल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




जिस नेता कार्यकर्ता ने भारतीय जनता पार्टी के कम से कम 100 सदस्य बनाए होंगे वहीं भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्य बनेगा उक्त बात आज भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल सक्रिय सदस्यता के संदर्भ में बुलाई गई सदस्यता टोली की एक बैठक में कही। शाम 4:00 बजे क्षेत्रीय मुख्यालय में बुलाई गई बैठक में प्रकाश पाल ने कहा कि सभी 17 जिलों से कम से कम 100 सदस्य बनाने वालों की सूची को पूर्ण कराकर 16 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे है सक्रिय सदस्यता अभियान में जुट जायें। बैठक में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अंतर्गत सभी 17 जिलों में सक्रिय सदस्यता के संदर्भ में क्षेत्रीय टोली से एक-एक पदाधिकारी को आज जिम्मेदारी दे दी गई है यह सभी जिम्मेदार पदाधिकारी 100 सदस्यों की प्राप्त सूची को सत्यापित करते हुए सक्रिय सदस्यता के लिए मान्यता प्रदान करेंगे। प्रकाश पाल ने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने जिलों में प्राप्त 100 सदस्यों की सूची को सूक्ष्म तरीके से सत्यापित करते हुए सक्रिय सदस्यता के लिए मान्यता प्रदान करें और उन सभी को जिला वार सूचीबद्ध भी करें। जिस नेता एवं कार्यकर्ता ने कम से कम 100 सदस्य नहीं बनाए होंगे और ऑनलाइन उनके रेफरल दर्ज नहीं होंगे वह भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य नहीं बन पाएंगे । भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता का अभियान 15 अक्टूबर की रात्रि 12:00 बजे से समाप्त हो जाएगा। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने एक प्रेस नोट में दी है। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी कानपुर दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह अनिल दिक्षित संदीपन अवस्थी आलोक शुक्ला मोहित सोनकर सर्वेश कठेरिया सहित सभी सदस्यता अभियान की मॉनिटरिंग टोली के सदस्य उपस्थित रहे।

# संचारी रोगों से बचाव के लिए आशा बहुएं घर-घर देंगी दस्तक

- 11 से 31 अक्टूबर चलाया जाएगा संचारी रोगअभियान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर





जिले में 1 से 31 अक्टूबर के बीच विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरुक किया जा रहा है। अभियान के दौरान 11 अक्टूबर से दस्तक अभियान शुरू हो जाएगा। इसके अंतर्गत 31 अक्टूबर तक स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर आपके स्वास्थ्य का हाल जानेंगी और संचारी रोगों से बचाव के लिए जानकारी भी देंगी। बुखार और खांसी के रोगियों, इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस(आईएलआई), टीबी, फ़ाइलेरिया, कालाजार और कुष्ठ के रोगियों और कुपोषित बच्चों को भी खोजा जाएगा। अभियान के दौरान इस बार हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज के मरीजों की भी लिस्ट बनाई जानी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान 11 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान के दौरान आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर दस्तक देंगी। वह घर-घर जाकर पूछेंगी आपको बुखार, दिमागी बुखार, खांसी, किसी प्रकार की एलर्जी, कुष्ठ रोग, फाईलेरिया, टीबी इत्यादि तो नहीं है। इसके साथ ही वह उन बच्चों का भी चिन्हांकन करेंगी जिनका वजन तय मानकों से कम है। ऐसे लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम, पता और मोबाइल नंबर पूछकर ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इससे इन मरीजों की जांच कर उनका उपचार किया जा सकेगा।



अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी डॉ. आरपी मिश्रा ने बताया कि इस अभियान के दौरान उन क्षेत्रों और मकानों की सूची भी बनाई जाएगी, जहां पर मच्छरों का प्रजनन अधिक पाया जाएगा। इन स्थानों की सूची बनाकर यहां पर मच्छर मारने की दवा का छिड़काव कराया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण की निगरानी ऑनलाइन डैशबोर्ड के जरिये प्रतिदिन की जा रही है। सहयोगी संस्थाओं के सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के आधार पर जहां कहीं भी कमियां मिल रहीं हैं , ब्लॉक स्तरीय अधिकारी इस डैशबोर्ड के जरिये देख कर उन्हें ठीक करवा सकेंगे। दस्तक के दौरान लोगों को डेंगू से बचाव के बारे में खासतौर से जागरूक किया जाएगा और मच्छरों के प्रजनन स्त्रोतों को नष्ट करने के लिए भी प्रेरित करेंगे। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि दस्तक अभियान के दौरान आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर संचारी रोग नियंत्रण के बारे में और हाथों को स्वच्छ रखने के बारे में भी जानकारी देंगी। उन्होंने जनपद के सभी स्कूलों से भी अपील करते हुए कहा कि वह प्रार्थना सभा, क्लास, वाद-विवाद प्रतियोगिता और पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग के दौरान बच्चों को हाथ धोने के सही तरीके और फायदे के बारे में बताएं। खाना खाने से पहले मुंह, आंख, नाक, कान छूने से पहले और शौचालय के इस्तेमाल के बाद साबुन से सुमन-के फार्मूला से हाथ धोना चाहिए। इससे डायरिया की बीमारी में 30 फीसदी और हाथ की गंदगी से होने वाले संक्रमण (विशेष रूप से पांच साल से कम उम्र के बच्चों में) 20 फीसदी तक कम हो सकते हैं।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## हिंसा से नहीं विकास से होगा नक्सलवाद का खात्मा

**नक्सलियों के प्रभाव वाले क्षेत्रों में विकास कार्य ठप्प पड़ गए। इसका फायदा उठा कर कट्टर नक्सलियों ने युवाओं को बहकाने का मौका मिल गया। नक्सलवाद की समस्या से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों ने दो स्तरीय नीति बनाई। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के राहत पैकेज और हिंसा करने वालों के प्रति सख्ती की नीति अपनाई। इसी के तहत राज्यों में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को अनुग्रह राशि देने का प्रावधान किया गया। इनके पुनर्वास की योजना को मंजूरी दी गई। विवाह करने के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया।**

*लोकतंत्र का रास्ता छोड़ कर हथियारों के बल पर क्रांति लाने का ख्वाब पाले नक्सलियों को इसकी कीमत अपने खून से लगातार चुकानी पड़ रही है। हथियारों के बल पर हिंसा के जरिए दहशत फैलाने वाले नक्सलियों को यह समझ में नहीं आया कि क्रांति वहां होती है, जहां राजशाही या तानाशाही का शासन हो। लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीकों से अपनी मांग मनवाई जा सकती है। इसका सीधा रास्ता है चुनाव की प्रक्रिया के जरिए अपने मनपसंद प्रतिनिधियों को चुनना और कानून बनवाना। इसके विपरीत हथियारों के बलबूते हिंसा के रास्ते पर चलने का नतीजा खून-खराबे के अतिरिक्त कुछ नहीं हो सकता। नक्सली प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की लगातार कसती जा रही घेराबंदी में बड़ी तादाद में युवा नक्सलियों की जान जा रही है। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा के पास सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के साथ जंगल में हुई मुठभेड़ में 32 माओवादियों को मौत के घाट उतार दिया। अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं। सुरक्षा बलों की संख्या और मजबूती के सामने नक्सली कहीं नहीं टिक सकते। यह जानते हुए भी नक्सलवाद एक हारी हुई लड़ाई है, गुमराह नक्सली जान देने पर आमदा हैं। इससे ज्यादा अफसोसजनक बात क्या हो सकती है, बदलाव के लिए जिन युवाओं के हाथों में कलम, कम्प्युटर या ऐसे ही समाज और राष्ट्रनिर्माण के उपकरण हो सकते हैं, उनके हाथों में हथियार हैं। इसमें भी उन्हें कहीं चैन-सुकून नहीं है। पुलिस की गोली जंगलों में कब उनका काम तमाम कर दे, इसका डर उन्हें दिन-रात सताता रहता है। परिवार और समाज से दूर यायावरों की तरह जंगलों में भटकने वाले नक्सलियों पर हर वक्त मौत का साया मंडराता रहता है। देश की आजादी को 75 साल से ज्यादा हो गए। देश में बदलाव लाने के लिए नक्सलियों के हिंसात्मक आंदोलन को भी 6 दशक से ज्यादा का समय हो गया। नक्सलियों का दायरा लगातार सिकुड़ता जा रहा है। कभी आठ-दस राज्यों में प्रभाव रखने वाले नक्सलियों का दायरा सिमटता हुआ दो-तीन राज्यों में रह गया। देश की पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त और सशक्त कार्रवाई के सामने नक्सली बौने साबित हुए हैं। इस वर्ष अब तक दंतेवाड़ा और नारायणपुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 171 माओवादियों को मार गिराया है। नक्सलवाद की शुरुआत पश्चिम बंगाल के एक छोटे से गांव नक्सलबाड़ी से हुई थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कानू सान्याल और चारू माजूमदार ने सरकार के खिलाफ 1967 में एक मुहिम छेड़ी थी। देखते ही देखते ये एक आंदोलन बन गया और चिंगारी फैलने लगी। इस आंदोलन से जुड़े लोगों ने खुद सरकार के खिलाफ हथियार उठा लिए। सरकार के खिलाफ ये विद्रोह उन किसानों का था, जो जमींदारों के अत्याचार से परेशान हो चुके थे। इसमें कोई संदेह नहीं कि जंगलों में पैतृक अधिकारों से वंचित आदिवासियों ने सरकारी तंत्र के जुल्म-सितम से तंग आकर कोई विकल्प नहीं देख कर नक्सली विचारधारा का दामन थामा। राज्यों की सरकार ने दशकों तक इन इलाकों में विकास को तरजीह नहीं दी। इससे नक्सलियों के कुप्रचार का रास्ता और भी आसान हो गया। यही वजह रही कि पश्चिमी बंगाल से शुरु हुआ नक्सलवाद सीमावर्ती राज्यों में फैलता चला गया। बीते दशकों के दौरान नक्सलियों और सुरक्षाबलों को भारी जनहानि उठानी पड़ी।*

### एक्सप्रेस आलेख

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार की शाम को ही पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह में कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र, अर्थतंत्र और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय साजिश हो रही हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को पूरी तरह परजीवी पार्टी कहा। प्रधानमंत्री जिस समय भाजपा मुख्यालय में भाषण कर रहे थे उनकी बॉडी लैंग्वेज बता रही थी कि जम्मू कश्मीर मे वह अपनी हार के लिए बहुत ज्यादा चिंतित हैं और वह इसको हजम नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि एक तो उनका 370 वाला प्रयोग कामयाब नहीं हुआ।**

## काफी कुछ कह गए ये परिणाम



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**कांग्रेस चुनाव अच्छा लड़ रही है अच्छा करेगी भी। लेकिन चूंकि मामला जाट बनाम सभी था। इसलिए वोट बीजेपी को दिया गया। परिणाम सामने है हरियाणा के अप्रत्याशित चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को जहां झकझोर कर रख दिया है, वहीं भाजपा की बल्ले बल्ले हो गई है। चुनाव परिणाम आने के बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने क्या कहा?**

आज हम बात करेंगे मंगलवार यानी 8 अक्टूबर को आये हरियाणा तथा जम्मू कश्मीर के चुनाव परिणाम के बारे में। अगर हम यह कहे कि यह चुनाव परिणाम अब भविष्य की राजनीति की दिशा और दशा तय करेंगे तो गलत नहीं होगा। वैसे कहने को तो यह दो छोटे राज्यों के चुनाव परिणाम थे, लेकिन पूरे देश की जनता, राजनेताओं, मीडिया और यहां तक की भाजपा की वैचारिक संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नजरे भी इनके नतीजे पर लगी हुई थी। क्योंकि इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम अगले चरण में होने वाले महाराष्ट्र तथा झारखंड के विधानसभा चुनावो के समीकरण में तय करेंगे। इन दोनों राज्यों में आए चुनाव परिणामों ने बता दिया कि फिलहाल अभी ब ब्रांड मोदी उतना कमजोर नहीं हुआ है जितना अनुमान विपक्ष लगा रहा था। वैसे जम्मू कश्मीर के चुनाव परिणाम भाजपा की उम्मीद के मुताबिक तो नहीं आए हैं लेकिन भाजपा को इस बात से संतोष करने में कोई गुरेज नहीं कि भाजपा सिंगल लार्जेस्ट पार्टी बनकर उभरी है। जम्मू कश्मीर में मन मुताबिक परिणाम न आने का मतलब है की धारा 370 हटाने, परिसीमन की कवायद इलाके में विकास तथा आतंकवाद पर लगाम जैसे उसके वायदो को जनता ने एक तरह से खारिज किया है। कुछ महीने पहले लोकसभा चुनाव से भले ही जम्मू में भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा और उसने इस संभाग की दोनों सीटे जीत ली थी। लेकिन घाटी में उसने अपने प्रत्याशी नहीं उतारे थे । इस विधानसभा चुनाव में भी भाजपा का फोकस जम्मू संभाग पर ही रहा। यही कारण रहा की घाटी की कुल 47 विधानसभा सीटों में से उसने केवल 19 पर ही प्रत्याशी उतारे थे। बीजेपी की इस राजनीति की काफी आलोचना भी हुई थी। अब यह कहा जा रहा है कि यदि घाटी की 47 सीटों मे से भाजपा यदि 40 सीटों पर भी प्रत्याशी उतार देती तो हो सकता था जो चुनाव परिणाम आए हैं उससे इतर परिणाम आते और हो सकता था कि भाजपा वहां अपनी सरकार भी बना लेती। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व इस डेंट को वह इतनी आसानी से भूल नहीं पाएगा । ऐसा राजनीतिक पंडितों का मत है। अब जब जम्मू कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कांग्रेस एलाइंस की सरकार पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में बनने वाली है भाजपा नेतृत्व को इस पर नए सिरे से विचार करना होगा



**जिस तरह के चुनाव परिणाम आए उसने किसानों, जवानों, पहलवानों तथा बेरोजगारों को एकजुट करने के बजाय जातियों में बांट दिया। यहां यह भी समझना जरूरी है कि हरियाणा वह राज्य है जो उसे उत्तर प्रदेश, राजस्थान से लेकर पंजाब, हिमाचल तथा जम्मू कश्मीर तक से जोड़ता है।**

और यह पता लगाना होगा कि भाजपा को घाटी के मतदाताओं ने क्यों खारिज किया। भला हो हरियाणा के मतदाताओं का जिन्होंने तीसरी बार पुनः भाजपा को सरकार बनाने का मौका दिया। वरना जिस तरह के एग्जिट पोल आ रहे थे उससे तो यही लग रहा था कि इस बार भाजपा का डब्बा गोल होने वाला है। लेकिन यहां के वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के ऊपर लगे दागों को मात्र 6 महीने में जिस तरह धो दिया वह अपने आप में बेमिसाल है। यहां यह बताना आवश्यक है कि भाजपा नेतृत्व और उसमें से भी खास तौर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी इस बार यहां चुनाव प्रचार उतनी गर्म जोशी और आक्रामकता से नहीं किया जैसे कि यह लोग करते हैं। इसके बावजूद यदि भाजपा को यहां उम्मीद से बड़ी सफलता मिली है तो इसका प्रमुख कारण है जाट बनाम बाकी सब। इस बात को अगर मैं दूसरे शब्दों में कहूं तो यहां चुनाव राहुल गांधी की कांग्रेस नहीं बल्कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कांग्रेस लड़ रही थी। यह बिल्कुल उसी तरह हुआ जैसे एक समय में राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार लड़ रही थी। ऐसे में जो परिणाम राजस्थान में आए थे वही परिणाम अक्टूबर को हरियाणा में आए हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव की समीक्षा राजनीतिक पंडित भले ही अपने-अपने तरीके से करें । लेकिन मैं तो यही कहूंगा कि हरियाणा के चुनाव पूरी तरह से जातीय समीकरण पर लड़े गए और लोगों को यह बताने और समझाने में भाजपा कामयाब रही कि यदि कांग्रेस जीत गई तो मुख्यमंत्री शैलजा नहीं बल्कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही मुख्यमंत्री बनेंगे जिसका नतीजा यह होगा कि जाट को छोड़कर अन्य 35 जातियों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए जाट नेता हुड्डा के दरवाजे पर ही दस्तक देनी पड़ेगी । लेकिन जिस तरह के चुनाव परिणाम आए उसने किसानो , जवानों, पहलवानों तथा बेरोजगारों को एकजुट करने के बजाय जातियों में बांट दिया। यहां यह भी समझना जरूरी है कि हरियाणा वह राज्य है जो उसे उत्तर प्रदेश, राजस्थान से लेकर पंजाब, हिमाचल तथा जम्मू कश्मीर तक से जोड़ता है। हरियाणा और यूपी दहलीज है दिल्ली की। दोनों ही जगह बीजेपी है ऐसे में अगर एक दहलीज कमजोर पडती तो भाजपा के किले दरकने का खतरा बढ़ जाता। इतना ही मोदी समर्थक लोगों ने एक भावनात्मक मुद्दा भी उठाया और वह यह था कि यदि बीजेपी हरियाणा में हार गई तो प्रधानमंत्री मोदी कमजोर हो जाएंगे। यही कारण रहा कि हरियाणा में एग्जिट पोल करने वाले मतदाताओं के भावों को समझ नहीं पाए। अधिकांश मतदाता यह कहते रहे कि बदलाव होगा, बदलाव के लिए वोट भी होगा। कांग्रेस चुनाव अच्छा लड़ रही है अच्छा करेगी भी। लेकिन चूंकि मामला जाट बनाम सभी था। इसलिए वोट बीजेपी को दिया गया। परिणाम सामने है हरियाणा के अप्रत्याशित चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को जहां झकझोर कर रख दिया है, वहीं भाजपा की बल्ले बल्ले हो गई है। चुनाव परिणाम आने के बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने क्या कहा? कांग्रेस के जय राम रमेश ने क्या कहा? पवन खेड़ा ने क्या कहा? यह सब बताता है कि क्या खेला हो गया है और भाजपा हाईकमान जम्मू कश्मीर में मिली हार का बदला हरियाणा में कांग्रेस को हराकर पूरा कर लिया।

### एक्सप्रेस कविता

*तेरी खामोशियों में गुम हो जाता हूं,*
*याद में तन्हाइयों में तुम हो जाता हूं।*
*जज्बाते उल्फत की हंसी गजलों में ढल कर*
*दिलकश मदहोशी में तरन्नुम हो जाता हूं।*
*सुनता हूं चुपचाप तेरी खामोशियों को*
*न आए सवालों से गुमसुम हो जाता हूं।*
*महफिल में सदा अजनबी से रहते हो मुझसे*
*तेरी तीखी नजरों से मुलजिम हो जाता हूं।*
*अक्सर तेरे ख्यालों की महफिल से मैं*
*कुछ पल हाजिर फिर गुम हो जाता हूं।*
*तेरे इक दिन आने की खुशफहमी से*
*तेरे ही होठों का तबस्सुम हो जाता हूं।*
*ख्यालों में तुझे हाजिर मानकर संजीव,*
*बावरा होकर मैं से हम हो जाता हूं।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*मेहनत तो हर फ़ील्ड में करनी पड़ेगी दोस्त बेकार पड़े रहने से तो लोहे में भी ज़ंग लग जाता है*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 12:02 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराषाढ़ा 29:16 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | सुकर्माण, 26:40 |
| सूर्योदयः | 06:23 |
| सूर्यास्तः | 17:51 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 10:41-12:07 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44 -12:30 |

## जन एक्सप्रेस

### हम भी करें प्रहार !

*दो हमको अधिकार।*
*लड़नी और लड़ाई।।*
*करते आए, करना है।*
*आप की भलाई।*
*दे दो इतनी सीटें।*
*हम भी करें प्रहार।।*
*और प्यार बरसा कर।*
*पहनाओ फिर हार।।*
*डाल रहे वो बाधा।*
*करते जो भी काम।।*
*वादा है निभाया।*
*किए जो तमाम।।*
*ना रुकना है हमको।*
*यूं ही चलते जाना।।*
*भले पूर्व में हमने।*
*है भरा हर्जाना।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## मॉर्डन लाइफस्टाइल प्रभावित कर रही है बच्चों की आंखें

**आज** कल की मॉर्डन लाइफस्टाइल का असर सिर्फ बड़ों और वयस्कों पर ही नहीं बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। लाइफस्टाइल के कारण ही कम उम्र के बच्चों को बड़ी-बड़ी बीमारियां हो रही हैं। मोटापे के बाद आज बच्चों में आंखों से जुड़ी बीमारी पेरेंट्स के लिए चुनौती बनकर सामने खड़ा है। एक आंकड़े के मुताबिक, भारत में हर 10 में से 7 बच्चे आंखों की समस्या से परेशान हैं।

**बच्चों को क्यों हो रही है आंखों से जुड़ी समस्यां:** डॉ. प्रवीण पाटिल के अनुसार, इन दिनों बच्चों को आंखों से जुड़ी परेशानियों का मुख्य कारण है बढ़ता हुआ स्क्रीन टाइम। छोटे बच्चे पढ़ाई करने, मनोरंजन और अपनी ज्यादातर एक्टिविटी के लिए मोबाइल और लैपटॉप पर निर्भर रहते हैं। लंबे समय तक स्क्रीन टाइम का इस्तेमाल करने के कारण ही कम उम्र में भी बच्चों की आंखों की रोशनी कम हो रही है और उन्हें लेंस व चश्मा लगाने की जरूरत पड़ रही है। आज बच्चे नजदीकी वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करने में लंबा समय तक बिताते हैं, जिससे आंखों पर तनाव और लंबे समय में उन्हें आंखों की रोशनी से जुड़ी समस्याएं हो रही हैं। डॉ. प्रवीण पाटिल का कहना है कि आज की डिजिटल दुनिया में स्क्रीन को पूरी तरह से खत्म करना संभव नहीं है, लेकिन बच्चों द्वारा उनका उपयोग कैसे किया जाता है, इसे



प्रबंधित करना जरूरी है। छोटे बच्चों, खासकर पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए, स्क्रीन टाइम को सीमित करना महत्वपूर्ण है क्योंकि उनकी आंखों की रोशनी अभी विकसित हो रही ही हैं।

**बच्चों को आंखों से जुड़ी परेशानी से बचाने के उपाय:** डॉ. प्रवीण पाटिल ने हमारे साथ बातचीत में यह भी बताया कि पेरेंट्स मॉर्डन लाइफस्टाइल में कैसे बच्चों को आंखों से जुड़ी पर परेशानियों और बीमारियों से बचा सकते हैं

**20-20-20 नियम को करें फॉलो:** बच्चों के स्क्रीन टाइम को प्रबंधित करने की पेरेंट्स को 20-20-20 नियम फॉलो करना चाहिए। इस नियम के अनुसार, स्क्रीन के इस्तेमाल के हर 20 मिनट के बाद, बच्चों को कम से कम 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी चीज को देखना चाहिए। इस नियम को फॉलो करने से बच्चों की आंखों का तनाव कम होता है। जिससे आंखों में दर्द और जलन जैसे परेशानियों को कम किया जा सकता है।

खाते समय स्क्रीन का इस्तेमाल न करें डॉक्टर का कहना है कि आज के समय में कई पेरेंट्स शिकायत करते हैं कि उनका बच्चा बिना मोबाइल या टीवी देखे खाना नहीं खाता है। अगर आप भी ऐसा करते हैं, तो इससे बचें। खाना खाते समय अगर बच्चे स्क्रीन देखते हैं, तो यह न सिर्फ उनकी आंखों को प्रभावित करता है, बल्कि इससे उनकी रेगुलर एक्टिविटी भी प्रभावित होती है। खाना खाते समय में मोबाइल का इस्तेमाल न करने की वजह से आंखों के तनाव को कम करने और आंखों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

**खाने में पोषण तत्वों को शामिल करें:** स्वस्थ आहार बच्चों के शारीरिक विकास के लिए जरूरी है, उतना ही बच्चों की आंखों के लिए भी महत्वपूर्ण है। बच्चों को आंखों से जुड़ी परेशानियों से बचाने के लिए खाने में विटामिन ए, सी और ई से भरपूर खाद्य पदार्थ, साथ ही जिंक और ओमेगा-3 फैटी एसिड को शामिल करें। डॉक्टर का कहना है कि बच्चों को गाजर, पालक और संतरे जैसे रंग-बिरंगे फल और सब्जियां खाने के लिए प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही, बच्चों के खाने में मछली, अखरोट और अलसी जैसे ओमेगा-3 युक्त खाद्य पदार्थ को भी शामिल करें।

### एक्सप्रेस विशेष

## शक्तिपीठों का समरसता संदेश



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**भौतिक संसार पंचमहाभूतों से बना है–आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी। उसी प्रकार हमारा यह शरीर भी इन्हीं पाँचों महाभूतों से बना हुआ है। इस प्रकार ब्रह्माण्ड और शरीर में समानता है। स्थूल व सूक्ष्म की दृष्टि से ही अंतर है। प्रकृति तथा पुरुष में समानता है।**

**मां दुर्गा की तीसरी शक्ति मां चंद्रघंटा के नाम से प्रसिद्ध हैं। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्रमा सुशोभित है। स्वर्ण के समान इनका दमकता हुआ तेजोमय स्वरूप है। इनके दस हाथ हैं,जिनमें अस्त्र-शस्त्र लिए हुए मां सिंह पर आरूढ़ हैं। मां राक्षसों के विनाश के लिए युद्ध में प्रस्थान करने को उद्यत हैं। मान्यता है कि इनके घंटे की ध्वनि सुनकर दैत्य, राक्षस आदि भाग जाते हैं।**

**भारत** के ऋषियों ने प्रकृति में भव्यता का प्रत्यक्ष अनुभव किया। उसे भव्य मानते हुए प्रणाम किया। चरक संहिता में कहा गया यथा ब्रह्माण्डे तथा पिण्डे अर्थात जो इस ब्रह्माण्ड में है वही सब हमारे शरीर में भी है। भौतिक संसार पंचमहाभूतों से बना है-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी। उसी प्रकार हमारा यह शरीर भी इन्हीं पाँचों महाभूतों से बना हुआ है। इस प्रकार ब्रह्माण्ड और शरीर में समानता है। स्थूल व सूक्ष्म की दृष्टि से ही अंतर है। प्रकृति तथा पुरुष में समानता है। चरक संहिता में यह भी कहा गया कि-यावन्तो हि लोके मूर्तिमन्तो भावविशेषाः। तावन्तः पुरुषे यावन्तरू पुरुषे तावन्तो लोके अर्थात ब्रह्माण्ड में चेतनता है। मनुष्य भी चेतन है। पंचमहाभूतों के सभी गुण मनुष्य में हैं। प्रकृति में सन्धिकाल का विशेष महत्व है। वर्ष और दिवस में दो संधिकाल महत्वपूर्ण होते है। दिवस में सूर्योदय व सूर्यास्त के समय संधिकाल कहा जाता है। सूर्योदय के समय अंधकार विलीन होने लगता है, उसके स्थान प्रकाश आता है। सूर्यास्त के समय इसकी विपरीत स्थिति होती है। भारतीय चिंतन में इस संधिकाल में उपासना करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त वर्ष में दो संधिकाल होते है। इसमें मौसम का बदलाव होता है। ऋतु के समय संयम से स्वास्थ भी ठीक रहता है। नवरात्र आराधना भी वर्ष में दो बार इन्हीं संधिकाल में आयोजित होती है। यह शक्ति आराधना का पर्व है। इसी के अनुरूप संयम नियम की भी आवश्यकता होती है। पूरे देश में इक्यावन शक्तिपीठ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देते है। नवरात्र में शक्ति और समरसता का संदेश मिलता है। मां दुर्गा का प्रथम रूप है शैल पुत्री। पर्वतराज हिमालय के यहां जन्म होने से इन्हें शैल पुत्री कहा जाता है। नवरात्रि की प्रथम तिथि को शैलपुत्री की पूजा की जाती है। ब्रह्मचारिणी मां दुर्गा का दूसरा रूप ब्रह्मचारिणी है। इनकी उपासना से तप,त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की भावना जागृत होती है। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप चंद्रघंटा है। इनकी आराधना तृतीया को की जाती है। चतुर्थी के दिन मां कुष्मांडा की आराधना की जाती है। नवरात्रि का पांचवां दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है। मां का छठवां रूप कात्यायनी है। छठे दिन इनकी पूजा।अर्चना की जाती है। नवरात्रि की सप्तमी के दिन मां काली रात्रि की आराधना का विधान है। देवी का आठवां रूप मां गौरी है। इनका अष्टमी के दिन पूजन का विधान है। मां सिद्धिदात्री की आराधना नवरात्रि की नवमी के दिन किया जाता है। माँ जगदम्बा जो स्वयं वाणीरूपा है। वही वाणी, बुद्धि, विद्या प्रदायिनी भी है। देवी दुर्गा का यह दूसरा रूप भक्तों एवं सिद्धों को अमोघ फल देने वाला है। देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम की वृद्धि होती है। माता ब्रह्मचारिणी की पूजा और साधना करने से कुंडलिनी शक्ति जागृत होती है। ऐसा भक्त इसलिए करते हैं ताकि मां ब्रह्मचारिणी की कृपा से उनका जीवन सफल हो सके और अपने सामने आने वाली किसी भी प्रकार की बाधा का सामना आसानी से कर सकें। आज नवरात्र का दूसरा दिन है। नवरात्र के दूसरे दिन माता के ब्रह्मचारिणी स्वरुप की पूजा की जाती है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली अर्थात तप का आचरण करने वाली मां ब्रह्मचारिणी। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यन्त भव्य है। यह देवी शांत और निमग्न होकर तप में लीन हैं। मुख पर कठोर तपस्या के कारण तेज और कांति का ऐसा अनूठा संगम है जो तीनों लोको को उजागर कर रहा है। यह स्वरूप श्वेत वस्त्र पहने दाहिने हाथ में जप की माला एवं बायें हाथ में कमंडल लिए हुए सुशोभित है। ब्रह्मचारिणी देवी के कई अन्य नाम हैं जैसे तपश्चारिणी, अपर्णा और उमा। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में राजा हिमालय के घर पार्वती स्वरूप में थीं। इन्होंने भगवान शंकर को पति रूप से प्राप्त करने के लिए घोप तपस्या की थी। कठोर तप के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां जगदम्बे की भक्ति के लिए मां ब्रह्मचारिणी का मंत्र का नवरात्र में द्वितीय दिन जाप करना चाहिए-

***या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।***
***नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।***

सर्वत्र विराजमान और ब्रह्मचारिणी के रूप में प्रसिद्ध अम्बे,आपको मेरा बार-बार प्रणाम है। या मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूँ। मां दुर्गा की तीसरी शक्ति मां चंद्रघंटा के नाम से प्रसिद्ध हैं। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्रमा सुशोभित है। स्वर्ण के समान इनका दमकता हुआ तेजोमय स्वरूप है। इनके दस हाथ हैं,जिनमें अस्त्र-शस्त्र लिए हुए मां सिंह पर आरूढ़ हैं। मां राक्षसों के विनाश के लिए युद्ध में प्रस्थान करने को उद्यत हैं। मान्यता है कि इनके घंटे की ध्वनि सुनकर दैत्य, राक्षस आदि भाग जाते हैं।

# विधायक योगेश वर्मा थप्पड़ कांड की गूंज मामले में अब एक्शन के मूड में पार्टी



नामांकन पत्र को फाड़ा गया और गले की सोने की चेन छीन ली गई। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है, पुष्पा सिंह के पति अवधेश सिंह पर नामांकन पत्र फाड़ने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।
–राजू अग्रवाल

### व्यापारी संगठनों की चेतावनी: मुकदमा नहीं तो जनपद बंद





घटना के बाद, सभी व्यापारी संगठनों ने एकजुट होकर कार्रवाई की मांग की है। व्यापारियों ने सुबह 11 बजे जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए 24 घंटे के भीतर मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो वे जनपद बंद करने के लिए बाध्य होंगे। इसके बाद व्यापारियों ने जनपद आए प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल से भी मुलाकात की और न्याय की मांग की।

जन एक्सप्रेस | सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** बीजेपी विधायक योगेश वर्मा से मारपीट का मामला बीजेपी राष्ट्रीय नेतृत्व के पास पहुंचा है।बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने दिल्ली में इस घटनाक्रम की जानकारी दी है। जनपद कीए घटना पर प्रदेश संगठन ने बड़ी कार्रवाई की है।बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पुष्पा सिंह समेत दो लोगों को नोटिस भेजा है।साथ ही पुष्पा सिंह को पार्टी निकालने की तैयारी है। पुष्पा सिंह के पति पर विधायक को पीटने और पत्नी पर बीजेपी व्यापार प्रकोश के पदाधिकारी राजू अग्रवाल को पीटने का आरोप है।बीजेपी विधायक योगेश वर्मा से मारपीट के मामले में पार्टी की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि, दिनांक 9 अक्टूबर 2024 को जिला अर्बन को-आपरेटिव बैंक का चुनाव नामांकन प्रक्रिया चल रही थी, जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई है कि, पुष्पा सिंह, अवधेश सिंह सक्रिय सदस्य भाजपा, अनिल यादव जिला उपाध्यक्ष भाजपा और ज्योति शुक्ला पूर्व सहसंयोजक बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ के द्वारा सदर विधायक योगेश वर्मा, राजू अग्रवाल संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ, रामकृष्ण पुरी गांधी शक्ति केन्द्र संयोजक के साथ अभद्रता किये जाने की जानकारी मिली है।

### दो दिन में पार्टी ने स्पष्टीकरण देने को कहा

पार्टी ने इस मामले में कहा कि, आप सभी द्वारा किया गया कृत्य अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। इस घटित घटना के संबन्ध में जिलाध्यक्ष भाजपा, लखीमपुर–खीरी द्वारा प्रेषित पत्र का संज्ञान लेते हुए सम्मयक विचारोपरान्त प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के निर्देशानुसार आपको कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है. पार्टी ने आरोपित कार्यकर्ताओं से इस मामले में दो दिन के भीतर पार्टी प्रदेश कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है। साथ ही ये भी कहा गया है कि अगर जवाब संतोषजनक न हुआ आप सभी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर दूसरी तरफ लखीमपुर खीरी में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के डेलिगेट्स चुनाव के दौरान व्यापारी राजू अग्रवाल के साथ हुई मारपीट के बाद जिले के व्यापारी संगठनों ने आक्रोशित होकर मोर्चा खोल दिया है। घटना में राजू अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि उनके नामांकन पत्र को फाड़ा गया और उनके गले की सोने की चेन छीन ली गई। उन्होंने इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है, जिसमें पुष्पा सिंह के पति अवधेश सिंह पर नामांकन पत्र फाड़ने और मारपीट करने का आरोप लगाया गया है।

# गोष्ठी में शरदकालीन गन्ना बुआई से लाभ की दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड गोला क्षेत्र के ग्राम कोटवारा में वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी मे मिल परिक्षेत्र के लगभग 150 किसानों ने भाग लिया सहायक महाप्रबंधक गन्ना ओ डी शर्मा ने गोष्ठी में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया साथ ही उन्होंने बताया कि चीनी मिल द्वारा सब्सिडी पर एग्री इनपुट एवं बीज उपलब्ध कराया जा रहा है जिसे प्राप्त कर अधिक से अधिक रकबे में शरदकालीन गन्ने की बुआई के साथ सहफसल जैसे आलू, लाही, मटर, चना इत्यादि लगाकर दोहरा लाभ कमाए एवं वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए सुझावों को अपनी फसलो में प्रयोग करके अधिक से अधिक पैदावार प्राप्त करें, डॉ.पी के कपिल ने शरद कालीन गन्ना उत्पादन तकनीक एवं गन्ने के साथ सहफसली खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी, वरिष्ठ महा प्रबंधक गन्ना ने अपने संदेश में सभी किसानों से शरदकालीन गन्ना ट्रेंच विधि से कम से कम अपने गन्ना क्षेत्रफल का 20-25त्नमे बुआई करने का सुझाव दिया तथा इसी क्रम में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक सरनाम सिंह ने शरदकालीन गन्ना बुआई हेतु गन्ने की उन्नतिशील किस्मे जैसे को0-0118, 15023, कोलख0-14201, 16202, कोशा0-13235, 17231में से किसी भी किस्म का चयन कर बुआई करने की सलाह दी तथा गन्ने में खाद एवं उर्वरको का सन्तुलित प्रयोग करने की सलाह देते हुए एक तिहाई नत्रजन, फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा बुआई के समय प्रयोग करने की सलाह दी।

गन्ना विकास निरीक्षक मोहम्मद अकरम ने सर्वे/ सट्टा व समिति द्वारा चलायी जा रही गन्ना विकास सम्बन्धी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी, गोष्ठी का मंच संचालन प्रबंधक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने किया।

अन्त में कृषक गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रगतिशील कृषक राकेश मिश्र ने गोष्ठी में आये सभी आगंतुकों का आभार व आशीर्वचनों के साथ गोष्ठी का समापन किया, गोष्ठी में अनिल वर्मा, जितेन्द्र शुक्ल, राकेश मिश्र, वेद प्रकाश दीक्षित, फरहाद खान, ओम प्रकाश यादव आदि सैकडों कृषक व सहायक अधिकारी गन्ना रावेन्द्र कुमार, ओमकार वर्मा, विजय कुमार, अनुज कुमार, मुनेश मिश्र सहित समिति व मिल के तमाम गन्ना विकास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नरेंद्र वाधवा बने बजाज एनर्जी के सीईओ

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



बजाज एनर्जी लिमिटेड के नरेंद्र वाधवा को मुख्य कार्यकारी अधिकारी ( ष्टश्वह्र ) नियुक्त किया गया है। श्री वाधवा बजाज पावर बिजनेस के प्रबंध निदेशक (स्ष्ठ) विनय कुमार सिंह बनकोटी को रिपोर्ट करेंगे। श्री वाधवा 29 वर्षों से अधिक का अनुभव रखते हैं, बड़े थर्मल पावर प्लांट्स के प्रबंधन और परिचालन दक्षता को बढ़ाने में सफलतापूर्वक वह मई 2013 से बजाज एनर्जी के साथ काम कर रहे हैं और अप्रैल 2020 से कंपनी में वाइस प्रेसीडेंट पद पर कंपनी में सेवा दे रहे थे और संगठन के भीतर क्रमिक रूप से महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। बजाज एनर्जी से पहले उन्होंने एनटीपीसी, रिलायंस पावर के साथ काम किया है। उनकी विशेषज्ञता संचालन, रख रखाव योजना, दक्षता, कमीशनिंग और संचालन सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में फैली हुई है। यह नियुक्ति न केवल बजाज एनर्जी के परिचालन उत्कृष्टता और स्थिरता प्रयासों को बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक कदम है, जो देश को बिजली देने में अपनी भूमिका को और मजबूत करने के लिए है, बल्कि प्रमोटर और अध्यक्ष श्री कुशाग्र नयन बजाज द्वारा बजाज एनर्जी में स्थापित सकारात्मक कार्य संस्कृति का एक और उदाहरण भी स्थापित करती है 2,430 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ, बजाज एनर्जी विस्तार के अवसरों की खोज करते हुए विश्वसनीय, कुशल ऊर्जा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बजाज एनर्जी की यूपी में खंभारखेडा (खीरी ), मकसूदापुर (शाहजहांपुर), बरखेडा (पीलीभीत), उतरौला (बलरामपुर), कुंदरकी (गोंडा) सहित 90-90 मेगावाट के पांच प्लांट स्थापित हैं।बजाज एनर्जी भारतीय समूह बजाज समूह की अग्रणी थर्मल पावर जनरेशन कंपनी है। यह उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का थर्मल पावर प्लांट संचालित करता है और उत्तर प्रदेश राज्य में लाखों घरों को रोशन करने वाली अपनी अभिनव तकनीक का इस्तेमाल करके स्थिरता और टिकाऊ प्रथाओं के लिए जाना जाता है। कंपनी के पास राज्य में लगभग 2,500 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाले छह बिजली संयंत्र हैं, जो राज्य की बिजली की आवश्यकता का 10त्न से अधिक है। सबसे बड़ी इकाई ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी (स्क्कत्रष्टरु) है जो 1,980 मेगावाट की स्थापित क्षमता वाली एक सुपर क्रिटिकल इकाई है।

### शव रखकर किया प्रदर्शन, तीन घंटे बाद आश्वासन पर माने

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। सदरपुर। मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर इनायतपुर गांव निवासी राकेश गौतम (40) की सात अक्तूबर को पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को जेल भेजा है। बुधवार दोपहर ढाई बजे उसका शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा। पीड़ित परिवार संग दलित पिछड़ा संगठन के जिलाध्यक्ष अंबरीश बौद्ध, जिला सलाहकार सुरेश प्रकाश, जागेश्वर प्रसाद, सुर्जीत बौद्ध ने शव को घर के बाहर रखकर अंतिम संस्कार से मना करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। पीड़ित 25 लाख रुपये का मुआवजा, आवास व पट्टा देने की मांग पर अड़े रहे। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद अनिल सिंह, सदरपुर राकेश सिंह पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी देर तक पीड़ित परिवार की मान–मनौव्वल का दौर चलता रहा।

# मिशन शक्ति अभियानके तहत छात्र छात्राओ को जागरूक किया गया



जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर के लखीमपुर रोड स्थित स्थानीय विद्यालय कृषक समाज इंटर कॉलेज में योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा चलाए गए महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति अभियान के चरण पांच के तहत कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में छात्राओं को उनके अधिकारों सुरक्षा एवं संरक्षण के बारे में एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कोतवाली की महिला उप निरीक्षक सर्वेश मौर्य ने छात्राओं को बताया कि मिशन शक्ति मुख्यमंत्री के द्वारा चलाये गये अभियान का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है इसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चियों को सशक्त और स्वावलंबी बनाना तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस और प्रदेश सरकार महिलाओं और बच्चियों को जागरुक कर रही है। उन्होंने डायल 112 , 102, 1090 आदि विविध जरूरी सहायता फोन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया इसके साथ-साथ उन्होंने छात्राओं को गुड टच और बैड टच की पहचान और इससे सावधानी के विषय में जागरूक किया। महिला उपनिरीक्षक तृप्ति ने छात्राओं को लक्ष्य तय कर भविष्य को कैसे संवारे विषय पर जानकारी प्रदान की। अन्त में प्रधानाचार्य ने छात्राओं को सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित किया तथा कोतवाली से आई महिला उप निरीक्षक सर्वेश मौर्य और तृप्ति तथा महिला आरक्षी रजनी शर्मा और सुगम शर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया तथा उपस्थित सभी छात्राओं को फल वितरित किए द्यकार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक डॉ अनिल कुमार तथा स्काउट मास्टर देवेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा।

# शेयर मार्केट में डूबा पैसा, दोस्त से ही मांगी रंगदारी

जन एक्सप्रेस | सीतापुर

**महमूदाबाद।** शेयर मार्केट में लगाई रकम डूबने के बाद बचपन के दोस्त ने कपड़ा कारोबारी से रंगदारी मांगनी शुरू कर दी। रंगदारी मांगने के लिए वह नेपाल से सिम लाया था। पैसे के लिए बार-बार धमकी मिलने से परेशान कारोबारी ने मुकदमा दर्ज कराया तो पुलिस ने आरोपी व उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

एएसपी दक्षिणी प्रवीण रंजन सिंह के मुताबिक, 30 अगस्त को महमूदाबाद के थोक कपड़ा व्यापारी ऋषि जैन ने अज्ञात नंबर से रंगदारी मांगे जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। जांच के आधार पर रामपुरमथुरा के बहादुरगंज निवासी मोहम्मद अहमद और बाराबंकी के थाना मोहम्मदपुर खाला गांव सैलक जलालपुर निवासी अंग्रेज कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि बहादुरगंज में अहमद की कपड़े की दुकान है। वह ऋषि जैन का बचपन का दोस्त है और उन्हीं से अपनी दुकान के लिए कपड़े लेता है। पिछले कुछ सालों से अहमद के शेयर मार्केट में लगभग पांच लाख रुपये डूब गये थे। इसकी भरपाई के लिए उसके मन में रंगदारी मांगने का विचार आया। अक्तूबर 2023 में वह अपने दोस्त अंग्रेज के साथ नेपाल गया। वहां उसने दो सिम लिए और वापस आने के बाद ऋषि के धमकाकर रुपये मांगने लगा।

# विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस, कन्या पूजन एवं विजयादशमी का कार्यक्रम सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई बोर्ड लखीमपुर में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस व कन्या पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कन्याओं के सम्मान और अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ किलकारी हॉस्पिटल की डॉक्टर, महिला शक्ति प्रख्यात समाजसेवी डॉ सुप्रिया अंजनी मिश्रा विद्यालय के प्रबंधक रवि भूषण साहनी व प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। इसके बाद विद्यार्थियों ने कन्याओं के सम्मान और अधिकारों पर आधारित नाट्य ड्रामा, कविता व्याख्यान, गायन, भाषण आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

इस समारोह में विद्यालय की छात्राओं ने कन्याओं के सम्मान और अधिकारों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसका विषय कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुआ अत्याचार था।इसके अलावा, विद्यालय परिवार के द्वारा कन्या पूजन किया गया व सभी के द्वारा माता जी की आरती व पूजन किया गया।इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महिला सशक्तिकरण कार्यकर्ता डॉ सुप्रिया अंजनी मिश्रा ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को कन्याओं के सम्मान और अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को कन्याओं के प्रति सम्मान और आदर की भावना को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं को सम्मानित किया गया और उन्हें प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने कन्याओं के सम्मान और अधिकारों के लिए काम करने का संकल्प लिया।

विजयादशमी के दिन अवकाश होने के कारण पूर्व ही विजयादशमी कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय में किया गया जिसमे रावण दहन कर विद्यार्थियों के बीच बुराई पर अच्छाई के विचार को आत्मसात करने की प्रेरणा दी गई।

इस समारोह के समाप्ति पर विद्यालय के प्रबंधक रवि भूषण साहनी ने विद्यार्थियों को कन्याओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें कन्याओं के सम्मान और अधिकारों के लिए काम करना चाहिए और समाज में उनके प्रति भेदभाव को दूर करना चाहिए।उन्होंने कार्यक्रम मे आयी मुख्य अतिथि महोदया व उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

# भारतीय दलित पैंथर संगठन की तरफ से 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



जन एक्सप्रेस | मोहम्मदी खीरी

नगर में बर्बर चौराहे पर अंबेडकर पार्क में भारतीय दलित पैंथर संगठन की तरफ से 4 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित नायब तहसीलदार ताहिर परवेज को सौंपा गया। ज्ञापन में 1. भारतीय दलित पैंथर उत्तर प्रदेश इस ज्ञापन के माध्यम से मांग करता है परम पूज्य बौधीसत्व भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं को बहुजन समाज के द्वारा अंबेडकर पार्कों में स्थापित करने की मांग की जाती रही है किंतु टाल दिया जाता है की शासन से अनुमति लेनी पड़ेगी और इस तरह से बहुजन समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ होता है। 2. संगठन द्वारा मांग की जाती है की तहसील मोहम्मदी में बौद्ध कथाओं के आयोजन हेतु शासन द्वारा यह कहा जाता है की पुरानी परमिशन लेकर आओ पर नई परमिशन अनुमति नहीं दी जाती है परंतु जब नई अनुमति नहीं दी जाती तो पुरानी अनुमति कैसे होगी इस तरह से शासन द्वारा महापुरुषों की कथा हेतु बहुजन समाज के साथ टालमटोल किया जाता है। 3. संगठन द्वारा यह मांग की जाती है तहसील मोहम्मदी में समस्त अंबेडकर पार्कों से कब्जा हटाने एवं खाली करने का आदेश दिया जाए यदि बहुत जल्द अंबेडकर पार्कों की भूमि खाली नहीं की जाती है तो भारतीय दलित पैंथर संगठन के द्वारा महाजन आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

4. जबकि यदि बहुजन समाज के लोग परम पूज्य बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमाओं को स्थापित करने का प्रयास करते हैं तो शासन द्वारा उन प्रतिमाओं को जप्त कर लिया जाता है या रोक लगा दी जाती है जो की निंदनीय है।चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया जिसमे काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### अधिक प्रदूषण फैला रहे 13 वाहनों का चालान

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत बुधवार को परिवहन विभाग ने जिले में संचालित वाहनों में प्रदूषण के स्तर की जांच की। इसके साथ ही मोडीफाई साइलेंसर, शीशे पर लगी काली फिल्म वाली कारों को भी नहीं बख्शा। इस दौरान मानक से अधिक प्रदूषण फैला रहे 13, मोडीफाइड साइलेंसर के नौ, प्रेशर हार्न का प्रयोग करने वाले तीन वाहनों समेत 25 वाहनों का चालान किया गया। इसके साथ ही फिल्म चढ़ी तीन कारों से फिल्म हटाई गई।

# पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के बारे में अभद्र टिप्पणी करने वाले के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस | सिंगाही खीरी

पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के बारे में अभद्र टिप्पणी करने वाले स्वामी नरसिंहानंद सरस्वती के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। गुरुवार को कस्बे की जामा मस्जिद के इमाम मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में झाला मस्जिद के इमाम मोलाना तौहीद भेरौड़ा मस्जिद के इमाम हाफिज फारुख खां, बढ़ियन टोला मस्जिद के इमाम इमामत हुसैन, मुफ्ती बिलाल के साथ मुस्लिम समाज के लोग जामा मस्जिद में पहुंचे। सामूहिक रूप से महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित एसडीएम राजीव निगम के नाम तहसीलदार भीमचंद को ज्ञापन सौंपा। धर्मगुरुओं ने पैगंबर मुहम्मद साहब के बारे में अभद्र टिप्पणी करने वाले स्वामी नरसिंहानंद सरस्वती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने तहसीलदार को अवगत कराया कि कस्बे के मुस्लिम समुदाय के लोगों में अभद्र टिप्पणी को लेकर भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यति नरसिंहानंद द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब की शान में अभद्र टिप्पणी बोलकर उनका अपमान किया गया। उन्होंने स्वामी नरसिंहानंद सरस्वती के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की गई। ताकि समाज में अमन शांति और भाईचारा बना रहे। सुरक्षा को लेकर थानाध्यक्ष अजीत कुमार फोर्स के साथ मौजूद रहे।

इस दौरान मौलाना शाहिद, हाफिज जुबेर, मौलाना इरफ़ान, हाफिज अब्दुल हफीज, जैनुल हुसैन, एडवोकेट मो0 लतीफ, मौलाना फ़हीम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### तस्करी कर ले जाई जा रही 960 बोतल शराब पकड़ी

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। आबकारी व शहर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को चंडीगढ़ में बिकने वाली शराब की 960 बोतलों के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब तस्करी कर लाई जा रही थी। खेप को सीतापुर पहुंचाना था। आरोपी क्यूआर कोड बदलकर शराब को महंगे दामों में बेचते थे। एएसपी दक्षिणी प्रवीण रंजन सिंह ने बताया कि शहर में मद्रास रेजिमेंट ग्राउंड के सामने हाईवे तथा सर्विस लेन के पास जा रही दो कारों को पुलिस टीम ने रोका। कार से चंडीगढ़ में बिकने वाली शराब की 960 बोतलें, 76 नकली क्यूआर बरामद हुए। इस पर पुलिस टीम ने कार में सवार लखनऊ के ठाकुरगंज के दौलतगंज निवासी शुभम जायसवाल, थाना हसनगंज के नजीरगंज निवासी विशाल और अलीगंज के त्रिवेणीनगर निवासी राहुल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह शराब की तस्करी कर नकली क्यूआर कोड छापकर सीतापुर के कई क्षेत्रों में बेचते थे। पता चला है कि आरोपी शराब की यह खेप अपने साथी अवधेश वर्मा को देने जा रहे थे। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। आबकारी अधिकारी केपी यादव ने बताया कि बोतल पर 190 रुपये प्रिंट रेट है। जबकि उत्तर प्रदेश में कोई भी अंग्रेजी ब्रांड की शराब 500 रुपये से कम का नहीं है। त्योहार के समय यह खेप खपाई जानी थी। बरामद शराब की कीमत पांच लाख रुपये के आसपास है। एएसपी दक्षिणी प्रवीण रंजन सिंह के मुताबिक पकड़ी गई सफेद रंग की एक कार आरोपी शुभम जायसवाल के नाम पर दर्ज है। वहीं, नीले रंग की दूसरी कार लखनऊ के पते पर दर्ज है। इसे भी सीज कर दिया गया है। एएसपी ने बताया कि इन आरोपियों ने शराब की तस्करी कर जो संपत्ति अर्जित की है, उसकी छानबीन की जा रही है। इनके अन्य किसी अपराध में शामिल होने की भी पड़ताल की जा रही है।

# जमीयत उलमा के सदस्यों ने महंत नरसिंहानंद द्वारा अभद्रतापूर्ण टिप्पणी करने पर आपत्ति जताई

जन एक्सप्रेस | मोहम्मदी खीरी



कस्बा के जमीयत उलमा के सदस्यों ने मोहम्मद हजरत साहब को लेकर महंत नरसिंहानंद द्वारा अभद्रतापूर्ण टिप्पणी करने पर कड़ी आपत्ति जताई है। सदस्यों ने कार्रवाई की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन गुरुवार को दिए जाने की सूचना पर एसडीएम और सीओ ने महमूदिया मदरसा पहुंचने पर ज्ञापन सोपा गयाहै। गुरुवार को इमाम अशजद सिद्दीकी के नेतृत्व में उलेमा के सदस्य मो डॉ जावेद, हाफिज इमरान समेत बड़ी संख्या में सदस्यों ने बैठक कर महंत की आलोचना कर विरोध जताया है। उन्होंने राष्ट्रपति के दिए जाने वाले ज्ञापन में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से विवादित बयान हटाया जाए, नफरत भरे भाषणों की निगरानी के लिए समिति बनाए जाने, और भारत का संविधान हर धर्म का सम्मान करता है उसका अनुपालन कराये जाने समेत कई मांगों को लेकर ज्ञापन देने जाने की भनक लगते ही एसडीएम डॉ अवनीश कुमार और सीओ अरुण कुमार सिंह ने मदरसा पहुंचकर ज्ञापन लेकर भेज दिया गया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य मौजूद रहे हैं।

### ऑटो की टक्कर से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। महमूदाबाद। बिसवां–महमूदाबाद मार्ग पर एक युवक को ऑटो ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। बिलौली बाजार निवासी धर्मेंद्र कुमार वर्मा (44) बुधवार को चौराहे के पास सड़क पार कर रहे थे। इरी दौरान सामने से आ रहे ऑटो रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो रिक्शा चालक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर अनिल सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। धर्मेंद्र की मौत की खबर से उनकी पत्नी रजनी वर्मा बेसुध हो गईं। मृतक के एक बेटी शिवानी पटेल (10), बेटा अभिषेक (8) और आशतोष (5) हैं।

# नवीन गल्ला मंडी में कन्या शक्ति वंदन कार्यक्रम हुआ आयोजित

जन एक्सप्रेस | निघासन खीरी



मिशन शक्ति फेज-5 का आगाज हो चुका है जनपद में बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं जिससे बालिकाएं जागरूक हों। गुरूवार को जनपद में नवीन गल्ला मंडी में कन्या शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ।जिसमें निघासन विकासखंड की 75 बेटियों ने प्रतिभाग किया। वहीं शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर महाअष्टमी के अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय ढखेरवा खालसा में कन्या पूजन के साथ-साथ बालिकाओं को एक साथ मिष्ठान्न भोज कराया गया। वहीं स्थानीय तहसील संवाददाता प्रशांत पाण्डेय ने अपना जन्मदिन विद्यालय के छात्राओं के बीच मनाया। इसके साथ ही मेधावी बालिकाओं को कॉपी, पेन पेंसिल उपहारस्वरूप भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

बालिकाओं ने डांडिया खेल कर एवं अशिक्षा रूपी रावण का पुतला जलाकर नवरात्रि एवं दशहरा के उत्सव को मनाया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक हरिओम गुप्ता, रफीक इदरीसी, वैभव पांडेय, सुनील यादव, जहरूल हसन, सर्वेश कुमार, अक्षय सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# महालेखाकार प्रयागराज के अधिकारियों ने आहरण वितरण अधिकारियों संग की बैठक

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल कुमार पाण्डेय एवं महालेखाकार कार्यालय के वरिष्ठ लेखाधिकारी राम द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के आहरण वितरण अधिकारियों की एक बैठक कलक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें सामान्य भविष्य निधि के डेबिट बाउचरों, क्रेडिट शेड्?यूलों, एसी ,डीसी बिल्स ऋण एवं अग्रिमों के लेखे के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा हुयी तथा आहरण वितरण अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए तथा आडिट आपत्तियों से बचने के लिए अभिलेखों में नियमानुसार के भी आवश्यक सुझाव दिये।

वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल कुमार पाण्डेय ने बताया कि सामान्य भविष्य निधि के शिड्यूल पर भूलवश सही सिरीज व लेखा संख्या अंकित नहीं किया जाता है, जिसके कारण से उन्हें सही सही लेखें में अंकन नहीं हो पाता है। कर्मचारी को नाम का सिरीज, जीपीएफ खाता संख्या, विभाग/कार्यालय का नाम स्पष्ट अंकित होना चाहिए तथा जीपीएफ पासबुक के सभी कालम अनिवार्य रूप से भरे होने चाहिए। यदि वित्तीय वर्ष में कोई अग्रिम निकासी नहीं हुई है तो आहरण वितरण आधिकारी निकासी कॉलम को शून्य लिखकर अपने हस्ताक्षर एवं मुहर लगाये।

बैठक को सम्बोधित करते हुए महालेखाकार कार्यालय के वरिष्ठ लेखाधिकारी संतराम वर्मा ने बताया कि अभिदाता को प्रतिवर्ष पासबुक निरीक्षण हेतु दी जाये तथा उसके हस्ताक्षर कराये जाये तथा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की छह माह पूर्व जीपीएफ में अंशदान की कटौती बन्द कर देनी चाहिए तथा मिलान हेतु पासबुक की फोटो प्रति प्रमाणित कर महालेखाकार इलाहाबाद को प्रेषित की जाये। टी आर-27 से आहरित धनराशि का समयोजन 3 माह के अन्दर या अधिकतम उक्त वर्ष के 31 मार्च तक अवश्य हो जाना चाहिए। आयकर की कटौती प्रतिमाह की जानी चाहिए ऋण की वसूली में चालानों में 13 अंकीय विवरण के साथ ऋणी का नाम किश्त संख्या महालेखाकार कार्यालय द्वारा आवंटित एसएलआर संख्या का अंकन अवश्य किया जाना चाहिए। बैठक में आहरण वितरण अधिकारियों,प्रतिनिधियों की समस्याओं को भी सुना तथा उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। इसी कम में जेल विभाग क लेखाकार एवं पशुपालन विभाग के लेखाकार द्वारा जीपीएफ से सम्बन्धित उठाये गये समस्याओं का समाधान सहायक लेखाधिकारी जयशंकर सिंह द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से निशान्त कटियार सहायक लेखाधिकारी, मनोज कुमार सक्सेना सहायक पर्यवेक्षक, नन्दलाल चौरसिया सहायक कोषाधिकारी, कोषागार के कर्मचारी एवं समस्त विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## मूर्ति विसर्जन स्थल एकला बंधे का कमिश्नर और डीआईजी ने किया निरीक्षण'

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

मंडलायुक्त अनिल ढींगरा , पुलिस उपमहानिरीक्षक आनंद कुलकर्णी , जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश , नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर एस पी सिटी अभिनय त्यागी ने आगामी त्यौहार विजयदशमी , जुलूस के दौरान किये जाने वाले मूर्ति विसर्जन के स्थान एकला बंधा का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान अधिकारियों ने मूर्ति विसर्जन स्थल पर पहुंचकर वहां की यथा स्थिति को देखा गया की मूर्ति विसर्जन लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो यहां पर पथ प्रकाश व पेयजल की व्यवस्था किया जाए। मूर्ति विसर्जन रुट पर यातायात व्यवस्था बाधित न हो इसको लेकर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे ताकि लोग आसानी से प्रतिमा को लेकर विसर्जित कर सके भारी वाहनो का प्रवेश इन रुट पर वर्जित रहेगा।

# निगम कर्मचारियों की मांगों को लेकर राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



निगम के सेवानिवृत कर्मचारी लगातार कई वर्षो से अपनी चार सूत्रीय मांगो को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन व बैठक कर सरकार से अपनी मांग कर रहें हैं। इसी क्रम में निगम कर्मी गुरुवार को कसया के रोडवेज स्टेशन के परिसर में राष्ट्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले उमेश तिवारी की अध्यक्षता में बैठक कर पदाधिकारियों ने अपनी मांगो के सापेक्ष अपने-अपने विचार रखें द्य इस दौरान बैठक को मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करते हुए संघर्ष समिति के मंडल सचिव गोरखपुर बीपी मिश्रा ने कहा कि हमारा संघर्ष बेकार नहीं जाएगा द्य हम अपनी मांगो को लेकर सरकार से पूरी ताकत से लड़ रहें हैं द्य आप सब संगठित रहिये द्य जब तक हमारी चार सूत्रीय मांगे 7500 डीए व मेडिकल सुविधा, साथ ही 95 के पहले सेवानिवृत कर्मचारियों को 5000 रूपये प्रतिमाह नहीं सरकार नहीं करती हैं तब तक हम संघर्ष करते रहेंगे द्य बैठक में मंडल सचिव ने बताया कि मुंबई के आजाद मैदान में निगम कर्मचारियों की मांगो को लेकर अभी एक अधिवेशन हुआ हैं, जिसमे उत्तर प्रदेश के हर एक मंडल व जिले से सैकड़ो की संख्या में निगम कर्मी पहुंचे थे द्य कुशीनगर जनपद से भी अधिवेशन में जिलाध्यक्ष गोपाल प्रसाद, कृति निवास गौतम, उमेश तिवारी व उम्मत अली ने प्रतिभाग किया था द्य बैठक में कर्मियों ने अपनी मांगो को लेकर सरकार विरुद्ध नारे भी लगाएं द्य उक्त बैठक में जिलाध्यक्ष गोरखपुर हनुमान सहाय, जिलाध्यक्ष कुशीनगर गोपाल प्रसाद, जिलाध्यक्ष देवरिया नसरुल्लाह, सचिव रामबेलास यादव कृति निवास गौतम, शफीक अहमद, छेदी प्रसाद, वीरेंद्र सिंह, लल्लन सिंह हिंडालिको, राधा कृष्ण मिश्रा , हारून अंसारी, मु. फारुख, हृदयानन्द, मुन्नी लाल, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, अशोक लाल श्रीवास्तव आदि सहित सैकड़ो की संख्या में निगम कर्मी मौजूद रहें।

# कोटेदार के अनियमितता की ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

- भारत सरकार के अरमानों पर पानी फेर रहा भ्रष्ट कोटेदार ग्रामीणों ने की

**जन एक्सप्रेस । रुद्रपुर देवरिया**

भारत सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजनाओं में शुमार गरीब कल्याण अन्न योजना को जहां सरकार ने गरीबों को मुफ्त में राशन देखर उनके परिवार को भरपेट भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित किया था परंतु भ्रष्ट जिम्मेदारों द्वारा गरीबों के राशन पर भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे कोटेदारों द्वारा डांका डाला जा रहा है। बताते चलें कि जनपद के रुद्रपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत एकौना के ग्रामीणों ने कोटेदार के ऊपर आरोप लगाते हुए फोन के माध्यम से एसडीएम रुद्रपुर श्रुति श्रीवास्तव अवगत कराया कि कोटेदार के द्वारा घटतौली के साथ-साथ राशन के साथ ही बोरे में 1 किलोग्राम नमक का पैकेट रख तौल दिया जा रहा है जिससे उपभोक्ताओं का खाद्यान्न कम हो जा रहा है। मामले का संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से पत्रक के माध्यम से अवगत कराने की निर्देश दिया।

### उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ग्रामीणों ने सौंपा पत्रक

'ग्राम पंचायत एकौना के ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को पत्रक देकर अवगत कराया कि हमारे ग्राम पंचायत में कोटेदार सुषमा पाण्डेय के द्वारा 1 किग्रा राशन कम दिया जा रहा है जो दूसरे जगह तौलने पर राशन और अधिक कम हो जाता है और साथ ही साथ राशन के बोरे में ही नमक तौल दिया जा रहा है जिससे राशन और अधिक कम हो जा रहा है जिस पर उप जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# ज्ञान, विज्ञान और तकनीकी भारत के डीएनए में : मुख्यमंत्री योगी

- एमपी आईटी गोरखपुर के प्रथम बैच के विद्यार्थियों से सीएम योगी ने किया संवाद

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीकी भारत के डीएनए में है। अपार संभावनाओं से परिपूर्ण हमारे युवाओं की तरफ पूरी दुनिया नई उम्मीद से देख रही है। निश्चित ही आने वाला समय भारत है। युवा संघर्षो से अपनी राह बनाएं, सफलता कदम चूमेगी। सीएम योगी गुरुवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) के प्रथम बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में ज्ञान, विज्ञान और श्रम की त्रिवेणी अनवरत प्रवाहित है। परंपरा, परिश्रम और प्रगति हमारी प्रवृत्ति का हिस्सा है। यही प्रवृत्ति हमें दुनिया में सबसे विशिष्ट बनाती है। आवश्यकता है खुद को वैश्विक स्तर के अनुरूप खुद को तैयार करने की। हमें अभिभावकों की अपेक्षाओं पर भी खरा उतरना है। इसके लिए छात्र और शिक्षक कदम से कदम मिलाकर चलेंनेशनल-इंटरनेशनल जर्नल्स का नियमित अध्ययन करें और खुद को ई-लाइब्रेरी की तरफ अग्रसर करें। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी तकनीकी पर ध्यान देना चाहिए जो जीवन को सरल और सहज बनाए, समस्याओं का समाधान करे। ऐसी तकनीकी पर फोकस करने की आवश्यकता है जो प्रकृति के साथ समन्वय बनाकर विकास को नई ऊंचाई पर ले जाए।




### छात्रों के प्रश्नों पर सीएम ने किया मार्गदर्शन

एमपीआईटी के प्रथम बैच के छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में कई विद्यार्थियों में ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी, रोजगार आदि विषय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रश्न भी किए। सीएम योगी ने सभी के प्रश्नों पर अपना मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल भी उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम में स्वागत संबोधन एमपीआईटी के निदेशक डॉ. सुधीर अग्रवाल ने तथा आभार ज्ञापन एमपी पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल प्रकाश सिंह ने किया।

### रोजगार का बड़ा हब बन रहा उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश रोजगार का बड़ा हब बन रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश आज के तकनीकी दौर की महत्वपूर्ण जरूरत सेमी कंडक्टर का हब बनने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुका है। इसमें सीधे निवेश के साथ कई गुना चक्रीय निवेश भी हो रहा है। इसके अनुरूप प्रशिक्षित श्रम उपलब्ध कराने के लिए आगे आने की जिम्मेदारी तकनीकी संस्थाओं की है।

### ग्लोबल डिमांड के अनुरूप तैयार हों पाठ्यक्रम

संवाद कार्यक्रम में सीएम योगी ने फैकल्टी का आह्वान किया कि वे ग्लोबल मार्केट की डिमांड का अध्ययन करें और उसके अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करें। हमारा जोर मॉडर्न एज कोर्सेज पर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि टाटा कंसल्टेंसी इस पर खासा काम कर रही है। यदि सेंटर ऑफएक्सीलेंस में यदि हम मॉडर्न एज कोर्सेज पर फोकस करेंगे तो यह शत प्रतिशत प्लेसमेंट की गारंटी होगी।

### पांच साल में यूपी का टॉप इंस्टिट्यूट बनाएं एमपीआईटी को

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1956 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने पहला पॉलिटेक्निक शुरू किया था। आज महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक प्रदेश के टॉप पोलिटेक्निक्स में से एक है। इसी प्रेरणा से हमें मिलकर महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) को आने वाले पांच साल में यूपी का टॉप इंस्टिट्यूट बनाना है। इसके लिए आवश्यक है कि संस्था को इंडस्ट्री से जोड़ा जाए और युवाओं को सतत स्किल्ड बनाया जाए।

### एमपीआईटी परिसर में बन रहा पूर्वी यूपी का पहला सेंटर ऑफएक्सीलेंस

सीएम योगी ने कहा कि कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनियाभर में विख्यात सिलिकॉन वैली में भारत का दबदबा है और इसमें उत्तर प्रदेश के युवाओं की बड़ी हिस्सेदारी है। सिलिकॉन वैली, हैदराबाद और बेंगलुरु के बाद उत्तर प्रदेश को भी इस दिशा में तीव्रतम गति से आगे बढ़ना है। इसी लक्ष्य को लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला स्टेट ऑफआर्ट सेंटर ऑफएक्सीलेंस महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में स्थापित हो रहा है। विश्व स्तरीय मानक के अनुरूप यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पूर्वी उत्तर प्रदेश के पंद्रह अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए भी महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया किएमपीआईटी परिसर के अलग-अलग सेंटर ऑफएक्सीलेंस में ड्रोन टेक्नोलॉजी एंड थ्री डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस टेक्नोलॉजी, समेत कई एकीकृत पाठ्यक्रम भी संचालित होंगे। ग्लोबल स्टैंडर्ड के पाठ्यक्रम से जुड़कर विद्यार्थी यहां प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स, माइनर डिग्री कोर्स और एडवांस कोर्स के जरिये खुद को संबंधित उद्योग-सेवा के क्षेत्र के अनुरूप तैयार कर सकेंगे।

# सीएचसी के डॉक्टर लिख रहे मरीजों को बाहर की महंगी दवाएं

- बनकटी सीएचसी का हाल बेहाल, शासन के निर्देशों का मखौल उड़ाते डाक्टर

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**




जिले की सबसे चर्चित अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरेंदा बनकटी के डॉक्टर मरीजों को बाहर की दवाएं लिख मरीजों की गाढ़ी कमाई को खून की तरह चूस रहें हैं और कार्यरत डाक्टर मोटी रकम लेकर मजा कर रहे हैं।जिम्मेदार अधिकारी बेखबर बनें हुए हैं जिससे बनकटी अस्पताल पर भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा हैं। जिले के उच्चधिकारीयों के कृपा पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी पर बुधवार को डॉक्टर के नाम पर पूरे अस्पताल में डॉक्टर अरुण गुप्ता और डॉक्टर यासिर उपलब्ध मिलें जो अस्पताल में बने कमरा नंबर चार में एक साथ बैठकर मरीजों की भीड़ इकट्ठा कर अस्पताल के पर्चे पर खानापूर्ति के लिए कुछ सरकारी दवा लिखकर पर्चे के पीछे बाहर की महंगी दवाएं धड़ल्ले से लिख रहे हैं। अस्पताल में मिलने वाली निःशुल्क दवाओं के स्थान पर फिक्स कंपनियों की दवाएं मरीजों को लिखी जा रही हैं जिन पर कमीशन खोरी का गोरख धंधा बनकटी अस्पताल पर बड़े पैमाने पर हो रहा है। यही नहीं मरीजों के लिए सभी प्रकार की जांच जो सरकारी सुविधा पर उपलब्ध कराई गई हैं तथा दवाएं जो केंद्र पर मौजूद हैं कमीशन खोरी के चक्कर में अस्पताल के डॉक्टर ही मरीजों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ग्रामीण इलाके में बना यह सरकारी अस्पताल जिसमें सस्ते इलाज की मनसा लेकर आने वाले लोग अपने आप को ठगा सा महसूस करते हैं। इस संबंध में फार्मासिस्ट ने बताया की अस्पताल के अंदर लगभग 241 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं ,लेकिन पर्चे के पीछे की लिखी दवा हम देने में असमर्थ हैं यह दवा बाहर के मेडिकल स्टोर पर मिलेगा। अस्पताल में 11 बजे तक लगभग 90 मरीज ने अपनी दवा पर्ची बनवा ली थी और सभी मरीजों का इलाज कमरा नंबर चार में ही किया जा रहा था। जहां मरीज, दलाल, प्राइवेट लैब पैथोलॉजीयो के रसूखदार संचालकों, मेडिकल स्टोर वाले सभी एक साथ अस्पताल के अन्दर जमें रहते हैं। बनकटी अस्पताल में फार्मासिस्ट की इंटर्नशिप करने आए लड़कों की भीड़ भी काफी मात्रा में है लेकिन यह लड़के न तो ड्रेस पहने होते हैं न ही मरीज के साथ इनका अच्छा व्यवहार होता है। इस संबंध में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी के अधीक्षक से जानकारी लेना चाहा तो पता चला की अधीक्षक अस्पताल में लगभग 12 के बाद ही मौजूद होंगे।

## आइजीआरएस में नवें स्थान पर पहुंचा गोरखपुर

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश के निर्देशन में एडीएम प्रशासन ,नोडल अधिकारी आईजीआरएस पुरुषोत्तम दास गुप्ता की देखरेख में गोरखपुर सितंबर माह के आइजीआरएस की सूची में टॉप 10 में शामिल हुआ अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयास से प्रदेश में नवें स्थान पर प्राप्त किया है।आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में गोरखपुर माह सितम्बर में टॉप 10 में शामिल हो गया गोरखपुर नवें पायदान पर पहुंचा गया जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश के निर्देशन में आईजीआरएस नोडल प्रभारी पुरुषोत्तम दास गुप्ता अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की निगरानी में कंट्रोल रूम में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा की गयीं मेहनत के कारण जिले की रैंकिंग में सुधार हुआ हैं जिसमें मुख्य रूप से नीरज श्रीवास्तव , सुबोध श्रीवास्तव (शिकायत लिपिक),श्रीमती अंकिता गुप्ता,श्रीमति शैफाली श्रीवास्तव,श्रीमति वंदना श्रीवास्तव,शिवम शुक्ला, सौरभ कुमार,फरहान सिद्दीकी, राघवेंद्र प्रताप सिंह,रंजीत यादव, मोहम्मद मोजम्मिलकी भूमिका अहम रही।

# स्वास्थ्य सेवा ही धरा की सबसे बड़ी सेवा-सांसद

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



शहर के एसएसबीएल इंटर कॉलेज के निकट स्थित आरोग्यं हॉस्पिटल का गुरुवार को मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने वेद पाठ व स्वस्तिवाचन के बीच फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान हॉस्पिटल के निदेशक अनिरुद्ध मिश्र, डॉ. ओमकार मिश्रा, डॉ. स्तुति मिश्रा सहित अन्य अतिथिगण मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सांसद त्रिपाठी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। बिना स्वस्थ रहे विकसित भारत की संकल्पना अधूरी है। सेवा भावना के उद्देश्य को लेकर इस चिकित्सालय की स्थापना की गई है यह अपने उद्देश्यों में सफल हो यही मेरी शुभकामना है। उन्होंने कहा कि प्रयास के बिना अर्थ का संचार नहीं होता है अर्थ का मतलब मन के अर्थ से है। विशिष्ट अतिथि रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां आने वाले सभी मरीजों को परिवार का सदस्य मानकर इलाज हो यही सबसे बड़ी उपलब्धि होगी । स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकता है । इस दौरान डॉ. ओंकार मिश्रा व स्तुति मिश्रा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। संचालन सनत पांडेय डब्बू ने किया। इस दौरान शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नरेंद्र तिवारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख सहजनवां राम प्रकाश शुक्ल, भाजपा नेता अभय नाथ तिवारी

राजेश मिश्र, डॉ. एमएम त्रिपाठी, डॉ. कृष्ण कांत मिश्र, डॉ. नेहा मिश्रा, डॉ. पीके पांडेय, डॉ. संतोष आनन्द, पारस मिश्र, अरविंद तिवारी, दुर्गेश तिवारी, संजय मिश्र, धनेश पासवान, दुर्गेश पांडेय, मनोज मिश्र, अरुण चतुर्वेदी, पवन चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# एडीएम प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ किया शहर में पैदल मार्च'

- 'पुलिस प्रशासन ने नवरात्रि एवं विजयदशमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत प्रमुख मार्गो एवं संवेदनशील स्थलों पर किया फ्लैगमार्च'

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देशानुसार नवरात्रि एवं विजयदशमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर के प्रमुख मार्गो एवं संवेदनशील स्थलों पर फ्लैगमार्च कर सुरक्षित परिवेश हेतु आश्वस्त किया। फ्लैग मार्च कोतवाली रोड, मोतीलाल रोड,सुभाष चौक, रेलवे स्टेशन मार्ग एवं अबुबकर नगर सहित विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरा। एडीएम प्रशासन ने बताया कि त्योहार को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने आमजन से अनुरोध भी किया कि यदि कोई संवेदनशील घटना अथवा सूचना संज्ञान में आये तो तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराएं। उन्होंने दुर्गा पंडाल के आयोजकों से वार्ता कर भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । इस दौरान एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, सीओ संजय रेड्डी, ईओ संजय तिवारी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# उत्तर प्रदेश का एक अनोखा मंदिर, जहां देवी की शक्ति के आगे नहीं टिकती छत

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

कसया क्षेत्र के कुड़वा दिलीपनगर स्थित कुलकुला देवी मंदिर अति प्राचीन है तथा दूर-दूर तक प्रसिद्ध इस स्थान की महिमा का वर्णन मार्कंडेय महापुराण व दुर्गा सप्तशती में मिलता है। मां कुलकुला देवी भक्तों की सभी मन्नतें पूरी करती हैं। शारदीय व चैत नवरात्र में भक्तों का तांता लगा रहता है। जबकि खास तौर से चैत्र रामनवमी को यहां भव्य मेला का आयोजन होता है जिसमें दूर-दराज से देवी पीठ का दर्शन व मेला के लिए भारी संख्या में लोग आते हैं। बता दें कसया तहसील मुख्यालय से 11 किलोमीटर की दूरी पर कुड़वा दिलीप नगर स्टेट के घने जंगलों के बीच में मां कुलकुला देवी का स्थान है। मां कुलकुला देवी का स्थान हजारों वर्ष पुराना है। मंदिर में बगैर छत वाला खुले आसमान के नीचे दो मिट्टी की पिंडी है जो दक्षिण स्थित पिंडी मां कुलकुला देवी का तो उत्तर की पिंडी दुर्गा सप्तशती के रचयिता मेधा ऋषि की समाधि है। मंदिर चारों तरफ से कुकुत्था, सोनरा व हिरण्यवती नदियों से घिरा त्रिमुहानी घाट पर स्थित है। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त मां दरबार में सच्चे मन से मन्नत मांगता, वह पूरी होती है। यहां पर शारदीय व चैत नवरात्र में दर्शन करने के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगती है। नदवा विशुनपुर निवासी गीता प्रेस में संपादन करने वाले स्व. पंडित रामनारायण राम शास्त्री ने इस स्थान का वर्णन दुर्गा सप्तशती में किया है। मंदिर का प्रबंधन व देखरेख कुड़वा स्टेट परिवार कुंवर उपेन्द्र सिंह द्वारा किया जाता है। देवी स्थान के चार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले घने जंगल को वन विभाग ने संजय वन घोषित कर रखा है। इस स्थान पर सैकड़ों की संख्या में विचरते लंगूर और मोरों का बसेरा बना हुआ है। काफी संख्या में मोर हैं, अजगर, सर्प, हिरन और नीलगाय कौतूहल का विषय बने रहते हैं। इस स्थल को काफी दिन से पर्यटन क्षेत्र बनाने की मांग उठती रही है। लगभग एक वर्ष पहले मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने इस स्थल का भ्रमण करने व ऐतिहासिक महत्व जानने के बाद पर्यटन विभाग को यहां पर्यटन विकास की योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए थे।




### देवी को छत पसंद नहीं

देवी पीठ चारों ओर से चारदीवारी से घिरा है लेकिन देवी को छत नहीं भाती है क्योंकि इन्हें जंगल प्रिय है इस नाते मन्दिर की छत नहीं है। श्रद्धालुओं ने जब-जब मन्दिर पर छत लगवाने का प्रयास किया, तब-तब छत नीचे आ गई, इसलिए अब तक देवी पीठ पर छत डालने का कोई भी प्रयास सफल नहीं हुआ। आज के समय में भी मंदिर में कोई छत नहीं लगी है, बल्कि खुले आसमान के नीचे देवी पीठ विराजमान है।

### पांडवों ने भी इस स्थान पर बिताया था समय

इस स्थान की महिमा का वर्णन पौराणिक धर्मग्रंथों व शास्त्रों में मिलता है। कहा जाता है कि भक्त रहसु गुरु के आह्वान पर जब मां काली खन्हवार आई तो इसी स्थान पर कुछ समय विश्राम के पश्चात वैष्णो देवी के लिए प्रस्थान की थी। महाभारत काल(द्वापर युग) में पांडवों ने अपने अज्ञातवास का कुछ समय इसी स्थान पर बिताया था। इस दौरान उन्होंने यहां देवी की पिंडी स्थापित कर आराधना की थी। तब यहां के घनघोर जंगल में मंदिर नहीं था बाद में यहां मंदिर का निर्माण हुआ। यह स्थान तंत्र साधकों के लिए खास महत्व रखता है। दूर-दराज से अवघड़, साधु, संत पहुंचकर मन्त्र सिद्धि के लिये इस स्थान पर आते हैं।

### कुलकुला मंदिर कैसे पहुंचें...

गोरखपुर से बिहार जाने वाली फोरलेन हाइवे के कसया थाने के गांव बरवां चौराहे के दक्षिण स्थित इस मंदिर पर जाने के लिए निजी तीन पहिया व चार पहिया वाहन की सुविधा है।

### नदियों के कलकल ध्वनि से नाम पड़ा कुलकुला स्थान

कुलकुला स्थान पर देवी के अवतरित होने का श्रेय रहसू गुरु को दिया जाता है। मान्यता है कि उनके आह्वान पर देवी पश्चिम बंगाल के कंवरू कमाच्छा स्थान से चली थी। देवी ने यहां से मदनपुर जाने के पूर्व क्षण भर विश्राम किया था। नदियों की कलकल ध्वनि के कारण इस स्थान का नाम कुलकुला देवी पड़ा।

# रियल एस्टेट कारोबारी पर 9 करोड़ के फ्रॉड की एफआईआर

- प्रखर गर्ग ने एक साल पहले 510 करोड़ दान की बात कही थी, शहर छोड़कर भागे

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



आगरा के रियल एस्टेट कारोबारी प्रखर गर्ग पर 9 करोड़ के फ्रॉड की एफआईआर दर्ज की गई है। एक साल पहले उन्होंने वृंदावन कॉरिडोर के लिए 510 करोड़ रुपए दान देने की इच्छा जताई थी, जिसके बाद वो सुर्खियों में आए थे। एफआईआर के बाद से ही वो परिवार सहित शहर छोड़कर फरार हो गए। घर पर कोई सदस्य नहीं है। पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है। ये मुकदमा बुधवार देर रात दर्ज हुआ। बता दें कि आगरा के ट्रांसपोर्ट नगर निवासी अरुण सौंधी ने थाना हरीपर्वत में मुकदमा दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि अप्रैल 2018 में सेंट्रल बैंक रोड पर जी होटल का दूसरा और तीसरा फ्लोर खरीदने के लिए 5 करोड़ रुपए में डील आरएम. इन्फा वैन्चर्स के डायरेक्टर प्रखर गर्ग, सतीश गुप्ता, सुमित कुमार जैन व मुकेश कुमार जैन से तय हुई। पीड़ित ने 2.82 करोड़ नेफ्ट द्वारा दिए थे। जब इनसे रजिस्ट्री कराने के लिए कहा गया तो इन्होंने कहा कि द्वारिकापुरम कमला नगर की अपनी प्रॉपर्टी हमें बेच दो, उसका जो रुपए मिलेगा, उसे जी होटल की संपत्ति में एडजस्ट कर लेंगे।

इसके अलावा महेन्द्र बाधगनी की ओर से दिए गए तीन फ्लैट के एक करोड़ रुपए भी जी होटल संपत्ति के पेमेंट में सम्मिलित कर लेंगे। उनके कहने पर द्वारिकापुरम कमला नगर के भूतल व तृतीय तल के बेचने का सौदा 1.56 करोड़ रुपए में तय हुआ। इसके बाद 3 अगस्त 2019 को रजिस्ट्री कर दी। इसके बदले में जो चेक दिए गए थे, वो बाउंस हो गए। पीड़ित का कहना है कि 2020 में उन्होंने एमजी रोड पर प्रखर गर्ग व इनके साथियों से एक बिल्डिंग में फर्स्ट फ्लोर खरीदा था। फ्लोर को फुली फर्निश करा कर 4.5 लाख रुपए किराया देने का एमओयू साइन किया था। लेकिन, लंबे समय तक काम नहीं कराया न किश्त दी। काफी समय गुजरने के बाद जब ये टालमटोल करने लगे। 2024 तक ऐसे टहलाते रहे। पीड़ित ने 9 अक्टूबर को तहरीर दी। पुलिस ने प्रखर गर्ग, राखी गर्ग, सतीश गुप्ता, सुमित कुमार जैन व मुकेश कुमार जैन के खिलाफ धोखाधड़ी मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित अरुण का आरोप है कि प्रखर गर्ग व उनकी पत्नी राखी गर्ग पर 25 से ज्यादा धोखाधड़ी के मुकदमे चल रहे हैं। इनमें कुछ मुकदमे एऊ मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा भी किए गए हैं। एऊ ने इनके बैंक खाते भी फ्रीज कर दिए हैं। प्रखर गर्ग का आपराधिक इतिहास भी है। पीड़ित ने अपनी जान को खतरा होने की बात कही है। थाना हरीपर्वत पुलिस ने 2022 अक्टूबर में धोखाधड़ी के मामले में आरोपी बिल्डर प्रखर गर्ग को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी बिल्डर प्रखर गर्ग पर वकील दंपती अनुराग गुप्ता ने ढाई करोड़ रुपए हड़पने का आरोप लगाया था। मामले में उनकी पत्नी और भरतपुर हाउस कालोनी निवासी कारोबारी अरुण कुमार सोढ़ी व उनकी पत्नी को भी आरोपी बनाया गया था। वकील ने आरोप लगाए थे कि उन्होंने व्यापार के लिए प्रखर को गर्ग को रुपए दिए थे। मुनाफा होने पर यह रकम आरोपी ने लौटाई नहीं। कई बार तगादा किया गया। लेकिन, आरोपी प्रखर हर बार कोई नया बहाना बनाकर वकील को टहलाता रहा। रकम की एवज में प्रखर गर्ग ने जो चेक दिया था, वह बाउंस हो गया था। बिल्डर पर करीब ढाई करोड़ रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का आरोप है। आरोपी प्रखर गर्ग के खिलाफ कोर्ट ने ठइह जारी किया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया और वहां उसे जेल भेज दिया। आरोपी प्रखर गर्ग समेत अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी के कई मामले में दर्ज हैं। वकील अनुराग गुप्ता ने अगस्त 2021 में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

### देवी के आठवें स्वरुप महागौरी की पूजा आज

# नकारात्मक ऊर्जाओं से मुक्त करता है देवी कालरात्रि का यज्ञ: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ।**



वैदिक ज्योतिष संस्थान के तत्वावधान में चल रहे नव दिवसीय शतचंडी अनुष्ठान के तहत माँ कालरात्रि का यज्ञ किया गया।

गुरुवार को संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के निर्देशन में आचार्य गौरव शास्त्री,रवि शास्त्री,माधव शास्त्री,ओम वेदपाठी आदि आचार्यों ने मुख्य यजमान मनोज अग्रवाल,स्वेता अग्रवाल द्वारा सर्व प्रथम देवी कालरात्रि का आवाहन कर पूजन अर्चन किया उसके बाद मध्यरात्रि देवी चंडिका का महायज्ञ किया। स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने माँ कालरात्रि यज्ञ के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्र के सातवें दिन माँ दुर्गा के उग्र स्वरूप यानी कालरात्रि की पूजा की जाती है। चूंकि इस बार तृतीया तिथि के एक अतिरिक्त होने के कारण इस नवरात्रि में गुरुवार को सप्तमी मनायी गयी वहीं आज अष्टमी के साथ कल नवमी और दशमी एक ही दिन मनाये जाएंगे। स्वामी जी ने कहा कि मध्य रात्रि देवी के यज्ञ द्वारा घर में उपस्थित नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश होता है साथ ही तंत्र,मन्त्र टोटकों का प्रभाव भी समाप्त हो जाता है।

वहीं अष्टमी तिथि और कन्यापूजन से संबंधित जानकारी साझा करते हुए स्वामी जी ने बताया कि कल दोपहर 12=32 मिनट से अष्टमी प्रारंभ हो चुकी है जो आज दोपहर 12=07 मिनट तक रहेगी। इसके साथ ही नवमीं तिथि प्रारंभ आरंभ हो जाएगी जो कल प्रातः 10=59 मिनट तक रहेगी। ऐसे में अष्टमी पूजन एवं व्रत आज किया जाएगा। अष्टमी तिथि के दिन कन्या पूजन करने से घर में सुख समृद्धि का वास होता है और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है,वहीं महानवमी पर मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि सिद्धिदात्री की पूजा से व्यक्ति को सारी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। मां सिद्धिदात्री की पूजा करने से व्यक्ति रोग मुक्ति और भय मुक्त हो जाता है। महानवमी के दिन मां सिद्धिदात्री अपने भक्तों को व्रत का फल देती हैं।

# गांव बहाई में कैबिनेट मंत्री ने नवीन सड़क निर्माण का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



ब्लॉक बरौली अहीर के गांव बहाई में काफी समय से जर्जर पड़े सड़क मार्ग की समस्या से जूझ रहे सड़क मार्ग की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों की समस्या का शीघ्र ही निदान होगा। बताया जाता है कि ग्रामीणों की।समस्या का संज्ञान लेकर कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक बेबी रानी मौर्य ने नवीन सड़क मार्ग के निर्माण के कार्य को सुनिश्चित किया है।

इसी श्रृंखला में गुरुवार को कैबिनेट मंत्री ने गांव में कुल 180 मीटर लंबे सड़क मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ विधिविधान से नारियल फोड़कर किया। ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री का माला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों को भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कराई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में ही समाज के प्रत्येक वर्ग का हित सुरक्षित है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंच रहा है। मुफ्त खाद्यान्न से लेकर निशुल्क इलाज, गरीबों को आवास समेत अनगिनत ऐसी योजनाएं हैं जिनसे गरीब लाभान्वित हो रहे हैं। भाजपा हमेशा अपने स्पष्ट विजन के साथ जनहित के लिए कार्य करती है, इसी का परिणाम है कि कुछ ही समय में पार्टी की सदस्यता का आंकड़ा करोड़ों में पहुंच चुका है। इस मौके पर प्रतिनिधि यशपाल राणा, अभिनव मौर्या, ब्रजकिशोर प्रधान, ओंकार सिंह मुखिया, बलवीर प्रधान, दुर्गेश प्रधान, विष्णु चौधरी, गौरव प्रधान, जुगेंद्र प्रधान आदि थे।

# कमिश्नर ने नवमी एवं दशहरा पर्व पर मण्डल में कानून एवं शान्ति व्यवस्था की निगरानी के लिए अपर आयुक्तगणों को किया नामित

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



मण्डलायुक्त चौत्रा वी. द्वारा नवमी एवं दशहरा पर्व के दृष्टिगत मण्डल के जनपदों में कानून एवं शान्ति व्यवस्था की निगरानी के लिए अपर आयुक्त प्रशासन को अलीगढ़ एवं एटा और अपर आयुक्त प्रथम को कासगंज एवं हाथरस के लिए नामित किया गया है। मण्डलायुक्त ने नामित अपर आयुक्तगण को निर्देशित किया है वह आवंटित जनपदों के जिला मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक से त्यौहारों के सम्बन्ध में फीडबैक प्राप्त करते रहेंगे। इसके अतिरिक्त मण्डलायुक्त कार्यालय में त्यौहारों पर सभी जनपदों में तैनात जोनल, सैक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों और जनपद स्तर पर कार्यरत कंट्रोल रूम से त्यौहारों के सम्बन्ध में सभी प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्थाओं के लिए तत्काल प्रभाव से मण्डलायुक्त कार्यालय में कंट्रोल रूम (नम्बर 0571-2741180) कक्ष संख्या-23 में स्थापित कर दिया गया है। कमिश्नर ने कंट्रोल रूम के सुचारू संचालन के लिए तीन पालियों में कार्मिकों की तैनाती करते हुए निर्देशित किया है कि वह कन्ट्रोल रूम में नियत समय पर उपस्थित रहकर जनपद में स्थित कन्ट्रोल रूम नम्बर अलीगढ़ 0571-2700128, एटा 05742-234320, 234327, कासगंज 05744-272105, हाथरस 05722-227041 पर समय-समय पर सम्पर्क स्थापित करते हुये अध्यावधिक स्थिति प्राप्त करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की जन शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित जनपद के कन्द्रोल रूम को अवगत कराते हुये निस्तारण आख्या प्राप्त करेंगे और अपर आयुक्त प्रशासन के न्याय सहायक नवीन जैन (मो0 नं0 9084127730) को अद्यतन स्थिति से आवश्यकतानुसार अवगत कराते रहेंगे।

# श्रीकृष्ण विग्रह वाद- आगरा कोर्ट में सुनवाई 23 अक्टूबर को

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

जामा मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे श्रीकृष्ण के विग्रह दबे होने का दावा करते हुए लघु वाद न्यायालय में वाद दायर है। इस केस में आज सुनवाई हुई। एडवोकेट विनोद कुमार शुक्ला ने बताया- आज दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने 23 अक्टूबर को अगली डेट दी है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि संरक्षित सेवा ट्रस्ट बनाम इंतजामिया कमेटी का वाद जस्टिस मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव के कोर्ट में है। ये वाद एडवोकेट अजय प्रताप सिंह ने दायर किया है। 30 सितंबर को हुई सुनवाई में विपक्षी जामा मस्जिद प्रबंध समिति की ओर से आपत्ति दाखिल की गई थी। वादी अधिवक्ता ने बताया कि पिछली तारीख पर श्रीकृष्ण विग्रह वाद में जामा मस्जिद की सीढ़ियों के वैज्ञानिक सर्वे पर सुनवाई हुई थी। जामा मस्जिद प्रबंध समिति की ओर से मासिर-ए-आलमगीरी पुस्तक का अनुवाद दाखिल किया था। इसमें यह लिखा है कि इस बुतखाने के तमाम खुर्द व एतनाम अकबर आबा में लाये गए और नवाब कुदसिया बेगम साहिब की तामीर कर्दा मस्जिद के जीनों के नीचे दफन कर दिए गए। वादी अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि यह साबित होता है कि मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मन्दिर के प्रभु श्रीकृष्ण के प्राण प्रतिष्ठित विग्रहों को आगरा की जामा मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे दबाया गया है। आगरा का उस समय नाम अकबराबाद था और जहांआरा को बेगम साहिब कहते थे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सिकंदरा वाटर वर्क्स की 4 में से 3 मोटर खराब

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** गंगाजल की आपूर्ति प्रभावित हुई तो शहर में जल संकट गहरा सकता है। क्योंकि सिकंदरा वाटर वर्क्स की 4 में से 3 तीन मोटर खराब हैं। इनसे 60 एमएलडी पानी की सप्लाई हो सकती है। सिकंदरा स्थित एमबीबीआर प्लांट की 3 मोटर खराब हैं। सिर्फ एक मोटर ही चालू है। जलकल जीएम अरुणेंद्र राजपूत ने बताया कि निरीक्षण में उन्हें प्लांट की मोटरें खराब मिलीं। जीवनी मंडी के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर पालड़ा से गंगाजल की आपूर्ति बंद होने पर यमुना के दोनों इनटेक वेल के पंप ठीक कराए गए हैं। 7 दिन में पाइप लाइन डाल दी जाएगी। इससे गंगाजल बंद होने पर 60 एमएलडी यमुना जल की आपूर्ति हो सकेगी। अरुणेंद्र राजपूत ने नवरात्र और दीपावली पर मानक के अनुरूप जलापूर्ति करने, पाइप लाइन की लीकेज दूर करने,जोनल पम्पिंग स्टेशनों पर अतिरिक्त पंप रखने, मरम्मत के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाने, हर जोनल स्टेशन पर टैंकर भरने को फिलिंग प्लांट बनाने और त्योहार पर हर अभियंता का मोबाइल 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए हैं।

### रेलवे स्टेशन के पास मिली महिला की लाश

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के यमुना ब्रिज रेलवे स्टेशन के पास महिला की सिर कुचली लाश मिली है। लाश के पास से मासूम बच्ची रोती हुई मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के शंभू नगर यमुना ब्रिज रेलवे स्टेशन के पास महिला का शव झाड़ियों में पड़ा था। पास में 10 माह का बच्चा बैठा रो रहा था। वहां से गुजरने वाले लोगों की नजर बच्चे पर पड़ी।

# नकली उत्पादों पर फिर से प्रहार करते हुए, मेट्रो ब्रांड्स लिमिटेड ने आईपीआर उल्लंघन के खतरे से निपटने के लिए सख्त कार्रवाई कोजारी रखा

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



मेट्रो ब्रांड्स लिमिटेड ने आईपीआर उल्लंघन की समस्या से निपटने के लिए अपने प्रयासों को और तेज करते हुए कानूनी कार्रवाई का सहारा लिया है। भारत के अग्रणी फुटवियर रिटेलर होने के नाते, कंपनी ने हाल ही में आगरा के के.जी.एन. एंटरप्राइजेज में छापेमारी कर अपने उत्पादों की अवैध बिक्री रोकने के लिए कदम उठाए हैं। मेट्रो ब्रांड्स लिमिटेड इस मुद्दे पर लगातार काम कर रही है और अपनी ब्रांड की प्रतिष्ठा की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। अप्रैल 2024 से, कंपनी की कानूनी टीम ने आगरा में अपने उत्पादों की अनधिकृत बिक्री के खिलाफ कई आपराधिक कार्रवाइयाँ की हैं। मेट्रो ब्रांड्स लिमिटेड ने अन्य नाम बोर्ड उल्लंघनों के खिलाफ भी कई दीवानी मुकदमे दायर किए हैं। मेट्रो ब्रांड्स लिमिटेड की उपाध्यक्ष कानूनी और कंपनी सचिव दीपा सूद ने कहा, भारत के सबसे बड़े और सबसे लोकप्रिय फुटवियर खुदरा विक्रेताओं में से एक के रूप में, हमारे लिए अपने उपभोक्ताओं के साथ बनाए गए विश्वास को बनाए रखने के लिए निर्णायक कार्रवाई करना महत्वपूर्ण है। आगरा में हाल ही में की गई छापेमारी शहर में हमारी सफल प्रवर्तन में से एक है, जो नकली उत्पादों की बिक्री से लड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हमारे ग्राहकों की अपेक्षा के अनुसार गुणवत्ता और प्रामाणिकता के मानक को बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है, और हम अपने ब्रांड की सुरक्षा और अपने उत्पादों की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानूनी उपाय करना जारी रखेंगे।

मेट्रो ब्रांड्स की कानूनी टीम ने स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर छापेमारी की और मेट्रो ब्रांड्स के ट्रेडमार्क वाले उत्पादों की नकली प्रतियां जब्त कीं। इस छापेमारी में अनधिकृत उत्पादों का उपयोग पाया गया, जिससे कंपनी की प्रतिष्ठा और विश्वास को खतरा था। यह कार्रवाई कंपनी की बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा और ब्रांड की प्रतिष्ठा को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे कंपनी को कानूनी विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# नवजात शिशु को भेजा गया राजकीय बाल शिशु गृह

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जनपद में न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के संरक्षण आदेश के क्रम में जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु संरक्षित दो नवजात शिशु बच्चियों को राजकीय बाल गृह शिशु लखनऊ में संरक्षण हेतु भेजा गया विगत दिनों थाना क्षेत्र महरुआ में एक नवजात लावारिस शिशु बालिका पाई गई थी जिसे पुलिस द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था दूसरी नवजात बच्ची लावारिस मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला की है जो थाना इब्राहिमपुर में पाई गई थी पुलिस द्वारा मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला व उसकी नवजात बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था महिला को जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेश से अपना घर आश्रम लखनऊ में भेजा गया था तथा उसकी नवजात बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था दोनों नवजात बच्चियों के स्वस्थ होने पर बाल हितों के दृष्टिगत संरक्षण हेतु समुचित व्यवस्था के साथ राजकीय बल गृह शिशु लखनऊ भेजा गया इस मौके पर मुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ओमप्रकाश जिला बाल कल्याण संरक्षण अधिकारी राकेश कुमार बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राम नायक वर्मा सदस्य गण मनोज कुमार तिवारी शकुंतला गौतम वीरेंद्र प्रसाद सिंह एस0एन0सी0यू0 वार्ड की नर्स कुसुम व अन्य स्टाफ तथा समाजसेवी बरकत अली मौजूद रहे।

# विद्यालयों की स्थाई और अस्थाई मान्यता और यू डाइज को लेकर हुई बैठक




**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

इंडियन एजुकेशन एसोसिएशन संपूर्ण भारत की जिला इकाई अलीगढ़ की एक बैठक इंडियन चिल्ड्रन स्कूल राठी नगर पर संपन्न हुई बैठक में विद्यालयों की स्थाई व अस्थाई मान्यता पर चर्चा हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव गुप्ता द्वारा बताया गया की शासन के अनुसार 2013 में एक शासनादेश जारी हुआ।जिसमें वर्णित है कि विद्यालयों को 3 वर्षों की मान्यता दी जाएगी यदि उन 3 वर्षों के दौरान विद्यालय में कोई भी प्रतिकूल तथ्य प्राप्त नहीं होता है तो मान लिया जाएगा कि विद्यालय को स्थाई मान्यता प्राप्त हो गई। जिला संरक्षक किशोर कुमार गुप्ता ने कहा मान्यता को लेकर यदि शासन और अधिकारियों ने कोई दमनकारी आदेश जारी किया तो शासनादेश को लेकर हाई कोर्ट में जाया जायेगा और जल्द ही विद्यालय हित में अन्य कार्य संगठन द्वारा किए जाएंगे।

आज भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा विभिन्न विद्यालय को यू डाइज कोड जारी किए गए हैं जिसमें संगठन के जुड़े कई विद्यालय को यू डाइस कोड उपलब्ध हुए हैं संगठन के सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई दिए क्योंकि क्योंकि इंडियन एजुकेशन एसोसिएशन की पहल पर ही यू डाइज जेनरेशन का पोर्टल खोला गया था। आज सभी ने एक दूसरे को बधाई दी बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव गुप्ता गुरुजी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, जिला महासचिव योगेश सारस्वत, जिला उपाध्यक्ष संतोष मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज,एवं अन्य कई सदस्य मौजूद रहे।

# गौरव वार्ष्णेय बने अखिल भारतीय हिंदू सेना के प्रवक्ता एवं वरिष्ठ सलाहकार

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



अखिल भारतीय हिंदू सेना ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की। राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय भारद्वाज ने गौरव वार्ष्णेय को प्रवक्ता एवं वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया। साथ ही, कई कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय भारद्वाज ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन जल्द ही हाथरस, एटा और कासगंज में भी अपनी टीम का गठन करेगा।गौरव वार्ष्णेय प्रवक्ता ने कहा कि इस नियुक्ति से संगठन की अलीगढ़ इकाई को मजबूती मिलेगी और हिंदू समुदाय के हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी।

# दादों के गांव गोवला में यदुवंशी बोर्ड लगा कृष्ण बंशी राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



जनपद के दादों क्षेत्र के गांव गोवला में बृजेश यादव पुत्र सर्वेश यादव ने समस्त ग्राम वासियों के सहयोग एवं आशीर्वाद से अपने गांव का बोर्ड लगवाया जिसमें अपने गांव का नाम यदुवंश शिरोमणि यदुवंशी गांव गोवला लिखवाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णवंशी यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राकेश यादव रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया इस मौके पर बृजेश यादव सर्वेश यादव विनोद यादव देवी सिंह यादव पूर्व प्रधान अमनयादव अजय यादव भरत यादव जितेंद्र यादव गोपाली सूरजपाल भाय सिंह भानु प्रताप मोहित यादव अवधेश आदि ग्रामीण उपस्थित रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया यदुवंश में जन्म लिया है और यादवों का इतिहास काफी बड़ा है काफी बड़े-बड़े संघर्ष किए थे काफी युद्ध किए थे जिसमें यादवों ने अपनी अहम भूमिका निभाते हुए अपने जीवन लीला समाप्त कर दी थी और नाम हमेशा हमेशा के लिए इतिहास में सुनहरे अक्षरों में अमर कर गए कार्यक्रम में परमवीर चक्र विजेता श्री योगेंद्र यादव का भी जिक्र किया गया बताया काफी गोलियां झेलने के बाद जिंदा रहे और परमवीर चक्र से उनको नवाजा गया हमें उन पर गर्व है सभी लोगों में खुशी का माहौल दिखा सभी ग्रामीणों ने कृष्णावंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश यादव का फूल मालाओं से स्वागत किया।

# डीएपी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करें अधिकारी: बेबी रानी मौर्य

- कैबिनेट मंत्री ने सर्किट हाउस में जिलाधिकारी के साथ की बैठक

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



आगामी रबी की फसल बुवाई हेतु किसानों को होने वाली असुविधा से बचाने के लिए कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य सक्रिय हो गई हैं। क्षेत्रीय किसानों से मिले विभिन्न सुझावों एवं शिकायतों का संज्ञान लेते हुए कैबिनेट मंत्री ने गुरुवार को सर्किट हाउस में जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बताया जाता है कि बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री ने जनपद में डीएपी समेत अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि संबंधित विभागों समेत प्रशासनिक अधिकारी लगातार देहात क्षेत्र में डीएपी की आपूर्ति की समीक्षा कर रहे हैं। जहां भी अनियमितताएं मिली हैं, तत्काल प्रभाव से कार्रवाई अमल में लाई गई है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा नहरों, माइनरों, टर्मिनल एवं रजवाहा की सफाई का कार्य प्रारंभ करवा दिया गया है। किसानों को टेल तक पानी पहुंचे, इसके लिए नहरों की मानकों के अनुसार सफाई सुनिश्चित की जाए। सफाई के दौरान निकली सिल्ट का उचित प्रबंधन किया जाए। नहरों की पटरियों को भी दुरुस्त कराया जाए। कैबिनेट मंत्री ने देहात क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पर भी जिलाधिकारी से चर्चा की। उन्होंने रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति देने, ग्रामीणों और किसानों की विद्युत संबंधित समस्याओं के तत्काल प्रभाव से निराकरण हेतु जिलाधिकारी को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री ने बारिश के बाद फैलने वाली संक्रामक बीमारियों को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने इस मामले में ग्रामीण एवं देहात क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की अनिवार्य तैनाती, आवश्यक दवाओं और जांचों की सुविधा उपलब्ध कराने और जर्जर पड़े उप स्वास्थ्य केंद्रों का जीर्णोद्धार करवाकर उनका लाभ ग्रामीणों को दिलाने हेतु जिलाधिकारी को आवश्यक कदम उठाने हेतु अवगत कराया।

# पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

- युगों युगों तक ज्ञात किए जाएंगे नेताजी हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे नफीस अहमद अंसारी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



समाजवादी पार्टी के संस्थापक, राष्ट्रीय संरक्षक व भारत के पूर्व रक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के लोकप्रिय नेता श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी, समाजवादी पार्टी पीलीभीत के नकटादाना के जिला कार्यालय पर आयोजित विचार गोष्ठी में श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी के व्यक्तित्व व उनके सुकृत्यों पर चर्चा की गई एवं उनके संस्मरणों को ताजा किया गया, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सरदार जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि नेताजी जमीन से जुड़े नेता थे एवं उन्होंने अपने पूरे संपूर्ण राजनीतिक जीवन में दलित शोषित अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग सहित छात्रों, किसानों, महिलाओं, व्यापारियों सहित समस्त वर्गों हेतु सामाजिक न्याय के आंदोलन को गति देने का कार्य किया एवं वह सदैव सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्तर पर सभी वर्गों के बराबरी हेतु संघर्षित रहे, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने सैकड़ो जनहित के कार्य किये, किसानों के लिए सदैव समर्पित रहे, देश के रक्षा मंत्री के पद पर रहते हुए सैनिकों के हितों सहित सैनिकों के पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान के साथ उनके मूल निवास तक पहुंचाने व अंतिम संस्कार करने की व्यवस्था लागू की गोष्ठी के संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी की चिंतक वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार समसा एडवोकेट ने नेता जी की राजनीतिक विचारों एवं समाजवादी सिद्धांतों पर चलकर राजनीति में आगे बढ़ाने एवं निडर रहकर संवेदनाओं को आत्मसात करने का संदेश दिया, कार्यक्रम व विचार गोष्ठी में कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, सपा प्रदेश सचिव असलम जावेद अंसारी, सपा प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह, 127 विधानसभा पीलीभीत अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी, सैय्यद आसिफ अली कादरी,सपा अधिवक्ता सभा पीलीभीत जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला, सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी अकबर अहमद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज, सपा प्रवक्ता एडवोकेट अमित पाठक, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव सतेन्द्र मौर्य, अनीता वर्मा, सपा कोषाध्यक्ष गयासुद्दीन, सपा जिला उपाध्यक्ष बी डी प्रजापति, सपा वरिष्ट नेता अशोक शमशा एडवोकेट, सपा मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड राष्ट्रीय सचिव लखविंदर सिंह पन्नू, चंद्रप्रकाश यादव, नरेश कुमार सागर, शराफत यार खां, निरंजन गंगवार, शरद जायसवाल, बरखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा, सरदार अहमद, दिनेश कुमार वर्मा, शुभम पटेल, सैय्यद हैदर अली जाफरी, सदाकत अली, रामनाथ वर्मा, मोहनलाल कश्यप, भानुप्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष संदीप सक्सेना, डिम्पल गौड़, उत्तम गंगवार, अनिल कुमार गंगवार, हाकिम सिंह यादव, राकेश प्रजापति, राजू गंगवार, रूपलाल गंगवार महातिया, अवी गंगवार, सलीम रजा, हरगोविंद गंगवार, नरेंद्र गोस्वामी, अदील अहमद,ओमकार सिंह, परमजीत सिंह, राजविंदर सिंह, हीरालाल वर्मा, सलीम इद्रीशी, लियाकत सलमानी, विक्रम सिंह, अनिल कुमार, वीरेशचंद्र सिंह यादव, शिवरतन पासी, सुनील कुमार मौर्य, चंद्रकुमार, बांकेलाल, राहुल कश्यप, महेश कश्यप, वीरेंद्र कुमार, मो.राशिद,भूरा सहित तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहें। तत्पश्चात गोष्ठी के उपरांत जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में वृद्धाश्रम पर फल वितरण का कार्यक्रम किया गया।

# विभीषण शरणागति, सेतुबंध रामेश्वर स्थापना, अंगद रावण संवाद लीला का हुआ कार्यक्रम





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

आज रामलीला मैदान में विभीषण शरणागति, सेतुबंध रामेश्वर स्थापना, अंगद रावण संवाद लीला का सजीव मनमोहक मंचन किया गया।

आज लीला मंचन में विभीषण अपने भ्राता रावण को समझाते हुए कहते हैं कि आप सीता को प्रभु राम को लौटा दें। यही नीति है। तब रावण विभीषण को लात मारकर लंका से निकल देता है। इस पर विभीषण अपने सचिवों को लेकर प्रभु राम से आ मिले। प्रभु राम ने उनका स्वागत कर जलाभिषेक किया। सभी भक्त प्रभु राम की जय जयकार करने लगे। तब प्रभु राम को विभीषण ने समझाया हे कृपासिंधु आपके पूर्वजों की देन है ये समुद्र आप इनसे लंका पर चढ़ाई के लिए मार्ग का आग्रह करें। प्रभु राम वहां समुद्र देव को प्रसन्न करने के लिए साधना में बैठ गए। परंतु समुद्र देव प्रसन्न नहीं हुए। तभी प्रभु राम बोले लक्ष्मण लाओ मेरा धनुष- बाण। यह सुन समुद्र देव प्रकट हुए और क्षमा याचना कर बोले हे रघुनंदन आपके वानर दल में नल नील नामक जो वानर हैं उनके स्पर्श और आपके प्रताप से पत्थर भी जल में तैर जायेंगे। सेतुबंध बनने के पश्चात प्रभु राम ने देवादिदेव शंकर की स्थापना की। सारी वानर सेना सेतु पार कर लंका पहुंच गई। तभी जामवंत ने प्रभु से कहा हे रघुकुल श्रेष्ठ युद्ध से पूर्व एक शांतिदूत जाकर रावण को समझाए और संधि का प्रस्ताव रखे। तब प्रभु राम युवराज अंगद को शांति दूत के रूप में भेजने की आज्ञा देते हैं। अंगद ने लंका में पहुंचकर अपना परिचय दिया और कहा हे लंकापति रावण प्रभु राम से बैर करके तुमने अच्छा नहीं किया। तुम अभी भी सीता माता को प्रभु राम के पास भेज दो। वे तुम्हें क्षमा कर देंगे। तब रावण क्रोधित हो बोला हे सैनिकों इस वानर को मार डालो। यह मृत्यु को गले लगाना चाहता है। इस पर अंगद बोले हे रावण तुझे अपने बल पर घमंड है तो ऐसा कोई बलशाली है जो मेरे पैर को हिला सके। यदि मेरे पैर को उठा दिया तो प्रभु राम वापस चले जायेंगे। सभी लोग अंगद के पैर को उठाने का प्रयत्न करते हैं किंतु वे उसे हिला भी न सके। तब रावण स्वयं अंगद के पैरों में उठाने हेतु झुका, तभी अंगद बोले हे लंकेश प्रभु राम के चरणों में अपना शीश झुकाओ वे ही तुम्हारा कल्याण करेंगे। यह देख सभी भक्तगण अंगद की जय जयकार करने लगे और प्रफुल्लित हो उठे।

आज इस अवसर पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा अंबू, भानु प्रताप सिंह, अंकुर गुप्ता, सुधीर पाल सिंह, नरेश शुक्ला, प्रेम सिंह, अंशुमान मिश्र, संजीव मोहन अग्रवाल, आयुष सक्सेना, रामाकांत पांडेय, अवनीश शर्मा, महेंद्र गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, महेश सिंह, अमित जौहरी, आकाश कश्यप, विश्वास सक्सेना, प्रदीप शर्मा, पुनीत शर्मा, विनीत शर्मा आदि सहित अनेकों पदाधिकारी एवं भक्तगण उपस्थित रहे। लीला का संचालन संजय पांडेय, सोमनाथ सप्रे तथा अंकुर मिश्रा ने किया एवं रामायणी निशांत तिवारी तथा ओमकार सिंह यादव ने रामचरितमानस चौपाइयों का गायन किया।

# राज्य मंत्री ने किया विद्यालय भवन का उद्घाटन बच्चों ने पेश किया सांस्कृतिक कार्यक्रम





**पीलीभीत**

आज गन्ना विकास एवं चीनी मील राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने शाम ललौरी खेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सरोली में समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्वीकृत उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा को बढ़ावा दे रही है और गांव-गांव शिक्षा की अलग जगह रही हैं।

उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए स्कूलों में अवश्य भेजें इस मौके पर ललौरी खेड़ा ब्लॉक प्रमुख एजेंसी गंगवार ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा के लिए आमूल चूल परिवर्तन किए गए हैं बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए स्कूलों में सभी आवश्यक सुविधा प्रदान की गई है।

इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह सहायक शिक्षा अधिकारी अमूल कुमार प्रधान अध्यापक संतोष कुमार गंगवार ग्राम प्रधान चूड़ामणि सरवरी के प्रधान नरेंद्र कुमार पूर्व प्रधान रामपाल होरीलाल गंगवार सुमित धर्मपाल भाजपा मंडल अध्यक्ष दिसंबर दयाल विजय शाही मोहित गंगवार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे इस मौके पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया राज्य मंत्री ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया।

## घर से बिना बताये युवक हुआ गायब, परिजनों ने पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

गांव अण्डाह का युवक रहस्यमय ढंग से गायव हो गया। परिजनों ने आस पड़ोस के गांव व रिस्तेदारियों में उसको तलाशा लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कर युवक की बरामदगी करवाये जाने की मांग की।

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव अण्डाह निवासी छेदालाल पुत्र शंकरलाल का पुत्र सुनील कुमार दिनांक 23 सितम्बर 2024 को घर से बिना बताये गायब हो गया। जब वह घर पर नहीं लौटा तो परिजनों को उसकी चिंता हुई। परिजनों ने आस पड़ोस के गांव व रिश्तेदारियों में उसको तलाशा लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कर उसके पुत्र की बरामदगी करवाये जाने की मांग की।

# जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने दुर्गा पूजा को शांति पूर्ण वातावरण के लिए किया फ्लैग मार्च

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को देर सायं जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र तथा पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च जेसीज चौराहा से निकलकर ओलंदगंज होते हुए पुराना पुल, ताड़ताला और शहर के विभिन्न मार्गों पर जहां भी माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित है, फ्लैग मार्च उन मार्गों से गुजरा। ताड़तला में स्थापित पंडाल में जाकर अधिकारियों के द्वारा मां दुर्गा जी का आशीर्वाद लिया गया और वहां पर उपस्थित बच्चों को टॉफीया भी वितरित की गई।

इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं से वार्तालाप कर हाल चाल लिया गया और पूछा गया कि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या तो नहीं है। इसके उपरांत अधिकारियों के द्वारा कोतवाली चौराहे पर बनाए गए कंट्रोल रूम में जाकर महासमिति के पदाधिकारियों से वार्तालाप कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। अधिकारियों ने कहा कि फ्लैग मार्च निकाल कर असामाजिक तत्वों को आगाह किया गया कि वह घर से बाहर निकल कर कानून व्यवस्था के लिए समस्या उत्पन्न न करें, क्योंकि प्रशासन की नजर उन पर है। प्रशासन ने असामाजिक तत्वों से सख्ती के साथ निपटने की तैयारी की है।

फ्लैग मार्च में नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, सीओ सिटी देवेश सिंह सहित विभिन्न थाना के थानाध्यक्ष व पुलिस के जवान शामिल थे।

# भू माफिया द्वारा तालाबों के किनारे अतिक्रमण नहीं होना चाहिए : संजय निषाद

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



मंत्री मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश डॉ0 संजय कुमार निषाद जी द्वारा बुधवार को देर सायं जनपद आगमन के पश्चात विकास भवन सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया तथा इसके उपरांत मत्स्य विकास के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।

मंत्री के जनपद आगमन पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा तथा मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारियों द्वारा बुके और स्मृति चिन्ह देकर मंत्री का स्वागत किया गया।

पार्टी संबोधन के उपरांत बैठक के दौरान मंत्री द्वारा ग्राम सभा के तालाबों, मनरेगा द्वारा तालाबों के जीर्णोद्धार, मुनादी उपरांत तालाबों के पट्टे, तालाबों की खुदाई, लघु सिंचाई विभाग द्वारा जीर्णोद्धार किए गए तालाबो, जलाशयों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदु पर समीक्षा की गई। मत्स्य अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 64 जलाशय में अभी एक भी अमल दरामद नहीं किए गए हैं जिसके कारण उनकी नीलामी में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। जिस पर मंत्री द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए जलाशयों के अमल दरामद की स्थिति को गंभीर प्रकरण बताते हुए राजस्व की हानि बताई गई एवं इसके संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

मत्स्य पालन हेतु मत्स्य पालकों को विद्युत कनेक्शन देने तथा जनपद स्तर पर हुए कुल 2842 मछुआ दुर्घटना बीमा हेतु प्रत्येक बीमा धारक को सूचित कर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने, मछुआ कल्याण कोष हेतु 7 दिन की भर्ती होने की अनिवार्यता को समाप्त करने, समितियों के गठन हेतु निर्देशित किया गया।

साथ ही मंत्री द्वारा तहसीलवार विगत 10 वर्षों में आवंटित हुए तालाब, मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना अंतर्गत मछुआ आवास के चयनित लाभार्थी, तहसीलवार मछुआ परिवार का विवरण, मछुआ दुर्घटना बीमा, मत्स्यपालक कल्याण कोष योजना अंतर्गत दैवीय आपदा एवं चिकित्सकीय सहायता, मत्स्य जीवी सहकारी समितियां, मत्स्यजीवी सहकारी समिति गठन हेतु प्राप्त आवेदन पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड आदि की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि वंचितों और पात्रों को ही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ दिया जाए। डिफॉल्टर्स को लोन न दिया जाए। मछुआ समाज के लोगों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, तालाबों के पट्टे, नीलामी आदि में विशेष प्राथमिकता दी जाए तथा पट्टा नीलाम करते समय राजस्व संहिता का उल्लंघन न करने के निर्देश दिए। साथ ही सामुदायिक भवन में डिजिटल लाइब्रेरी बनवाया जाए। उन्होंने सक्रिय समितियों को ही बहुउद्देशीय बनवाए जाने हेतु निर्देशित किया।मंत्री के द्वारा निर्देश दिया गया कि बिना फेडरेशन वालों को टेंडर न दिया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी योजनाएं हैं, धरातल पर दिखनी चाहिए। मछुआ समाज से जुड़ी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी त्वरित कार्यवाही करें। गंभीर बीमारी से पीड़ित मछुआरों के इलाज हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया।

मंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि तालाबों के पट्टे की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने जनपद के जलाशय की स्थिति/सूखे जलाशयो की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि तालाबों के किनारे अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। भू माफियाओं पर कार्यवाही की जाए। मत्स्य पालन कार्यक्रम के अंतर्गत चयनितो की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में मछली उत्पादन हेतु लोगों में प्रचार-प्रसार किया जाए। केसीसी की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिक पेंडेंसी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त किया और निर्देशित किया कि 15 अक्टूबर से लगातार कैंप लगाकर लाभार्थियों का तथा पत्र व्यक्तियों का केसीसी करवाया जाए। इस अवसर पर मा0 विधायक शाहगंज रमेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 रामअक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, डीएफओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में रतन टाटा जी को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



आज ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में देश के बड़े उद्योगपति पद्म विभूषण रतन टाटा जी के निधन पर उन्हें माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सादगी भरे जीवन के पर्याय देश के विकास में हमेशा अग्रिम पंक्ति में खड़े रहने वाले रतन टाटा जी के निधन से देश को अपूर्णीय क्षति हुई है। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। 86 साल की आयु मैं इस संसार को अलविदा कह गए रतन टाटा जी अब हमारे बीच नहीं रहे। इन्होंने हमेशा राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर देश की सच्ची सेवा की देश हमेशा उनका और उनके द्वारा किए गए कार्यों का ऋणी रहेगा। विद्यालय की प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा ने कहा कि मानवता से ओतप्रोत, देश के महानतम उद्योगपति, करोड़ों देशवासियों और देश की शान श्री रतन टाटा जी के निधन से सारा देश शोक में है।टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन नवल टाटा का 86 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने बुधवार देर रात करीब 11 बजे अंतिम सांस ली। वे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल की इंटेंसिव केयर यूनिट में एडमिट थे। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना है।

## जिलाधिकारी ने आईटीआई कालेज का किया आकस्मिक निरीक्षण, संबंधित को दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय महिला आईटीआई सिद्दीकपुर जौनपुर का निरीक्षण जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा आधिशासी अभियंता यूपीआरएनएसएस, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सहित अन्य की उपस्थिति में किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन भवन के साफ सफाई के लिए एवं शौचालय में बने सिर्स्टन को सही करने हेतु निर्देश दिये गये साथ ही साइट डेवलपमेंट के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने ब्लाक परिसर में भूख हड़ताल की शुरु

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**



गांव खनंका के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत ब्लाक परिसर में सचिव व प्रधान के खिलाफ भूख हड़ताल शुरु कर दी है।

गांव खनंका के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रार्थना पत्र भेजकर रामप्रसाद के घर स लेकर जगतपाल सिंह के मकान तक जाने वाला रास्ता जर्जर हालत में है। थोड़ी सी बरसात होने पर उसमें जलभराव हो जाता है और पैदल भी निकलना मुश्किल हो रहा है। कई लोग इस खडंजा पर गिरकर घायल भी हो गये हैं। पंचायत विभाग द्वारा 20 वर्ष पहले खडंजा डलवाया गया था जो गड्ढ़ों में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों ने 15 दिन के अंदर खड़ंजा न पड़ने पर भूख हड़ताल किये जाने की चेतावनी दी थी। 15 दिन बीत जाने के बाद ग्रामीणों ने ब्लाक परिसर में भूख हड़ताल शुरु कर दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने ब्लाक में बैठे अधिकारियों को कई बार प्राथना पत्र दिये लेकिन कोई हल नहीं निकला। मजबूर होकर ग्रामीणों ने ग्राम विकास अधिकारी व प्रधान के खिलाफ भूख हड़ताल शुरु कर दी है। इस मौके पर दंगल सिंह, अभिषेक, धमेन्द्र सिंह, अभिलाष सिंह, मनोज सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह, धर्मवीर, अनूप सिंह, हुकुम सिंह, राजेन्द्र सिंह, सेंठपाल सिंह, नन्हे सिंह, सुरजीत सिंह, केपी सिंह, अनिल सिंह शामिल रहे।

## जिलाधिकारी ने आईटीआई कालेज का किया आकस्मिक निरीक्षण संबंधित को दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय महिला आईटीआई सिद्दीकपुर जौनपुर का निरीक्षण जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा आधिशासी अभियंता यूपीआरएनएसएस, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सहित अन्य की उपस्थिति में किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन भवन के साफ सफाई के लिए एवं शौचालय में बने सिर्स्टन को सही करने हेतु निर्देश दिये गये साथ ही साइट डेवलपमेंट के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# सराफा व्यवसायी पर हुए जानलेवा हमले की गुत्थी सुलझाने के करीब पहुंची पुलिस

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

### व्यापार मंडल ने दिया एसपी सिटी को ज्ञापन

युवा सराफा व्यवसायी विक्रांत सेठ पर बुधवार को हुए जानलेवा हमले से आक्रोशित व्यापार मंडल बजरंगनगर के व्यापारियों ने अध्यक्ष डॉ. नरसिंह बहादुर सिंह के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा को थाना परिसर में ज्ञापन देकर घटना का पर्दाफाश करते हुए अपराधी को अतिशीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। यदि ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी दी। इस अवसर पर संजय सिंह, बबलू सिंह, श्याम सिंह, विकास सिंह, विनोद सेठ, राहुल सेठ,मनोहर सेठ,सख्तार अली सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

चंदवक बजरंगनगर कोइलारी मार्ग पर अइलिया गांव के पास बुधवार शाम चकरा गांव निवासी युवा सराफा व्यवसायी विक्रांत सेठ पर हुए जानलेवा हमले की गुत्थी सुलझाने के करीब पुलिस पहुंच गई है। व्यवसायी के मोबाइल से मिले कॉल डिटेल व चाट से पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस व्यवसायी के व्यवसाय से जुड़ी गतिविधियों, उनके लोगों से संबंधों व मिलने जुलने वालों लोगों को ध्यान में रखते हुए जांच को आगे बढ़ा रही है।

पुलिस बड़े भाई आशीष सेठ की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दो तीन के अंदर घटना का पर्दाफाश करने का दावा किया है।

गौरतलब हो कि चकरा गांव निवासी युवा सराफा व्यवसायी 26 वर्षीय विक्रांत सेठ उर्फ भोलू जिनकी कोइलारी बाजार में सराफा की दुकान है।

बुधवार शाम 6 बजे दुकान से घर कार से आते समय कार में ही सवार अज्ञात बदमाश अइलिया गांव के पास गोली मारकर फरार हो गया था। गोली उसके बायीं आंख के पास से खोपड़ी में जा घुसीं। इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर बनी हुई है लेकिन खतरे से बाहर बताई जा रही है।

पुलिस व्यवसायी के बड़े भाई आशीष की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस कॉल डिटेल व अन्य पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ा रही है। पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा है। पुलिस दो तीन दिन के अंदर घटना का पर्दाफाश करने का दावा किया है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि सराफा व्यवसायी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में काल डिटेल व अन्य पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ रही है। पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगा है। दो तीन दिन के अंदर मामलें का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# भाई ने ही रचा था अपनी बहन की हत्या का खेल








जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के जरिया थानाक्षेत्र में चलती कार में महिला की हत्या के मामले में पकड़े गए आरोपी धर्मेंद्र ने पुलिस में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। पूछताछ में धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी साल 2007 में सूरज की बहन से हुई। जबकि उसकी बहन अमन की शादी 2002 में कथरी थाना सट्टी गांव में हुई थी। साल 2011 में अमन ने सूरज के साथ भागकर गुजरात में रहने लगी। बाद में दोनों ने शादी कर ली। बताया कि तब वह पेट्रोल पंप में काम करता था। उसके पास इतने रुपये नहीं थे कि वह बेइज्जती का बदला ले सके। बाद में अमन लौटकर कानपुर आ गई और ससुराल भी जाने लगी। इस बीच वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने लगा था। पैसा कमा लिया था। उसने कहा कि बहन चली गई थी, तो लौटकर क्यों आई। उसे वापस नहीं आना चाहिए था। वह वापस आई इससे वह खुद को अपमानित महसूस करने लगा। इसीलिए उसकी हत्या की साजिश रची।

### पहले प्लॉट देने फिर 10 लाख में तय हुई बात

चतुर सिंह ने धर्मेंद्र को वीर सिंह से भी मिलवाया था। इस काम के बदले में पहले एक या दो प्लॉट देने की बात कही, बाद में दस लाख रुपये में बात तय हुई। इसके बाद चतुर सिंह ने पूरी साजिश रची। अब तक धर्मेंद्र करीब तीन लाख रुपये खर्च कर चुका है। सूरज के बगल में किराये पर चतुर सिंह द्वारा लिए गए कमरे का किराया भी धर्मेंद्र अदा करता था। इसके अलावा घूमने के लिए कार का भाड़ा और अन्य खर्च भी देता था।

### अमन का गला घोंटकर शव झाड़ियों में छिपाया था

राठ कस्बे से गोहांड की दूरी 12 किमी है। आरोपियों ने सूरज के साथ राठ से करीब तीन से चार किमी की दूरी पर वारदात की थी। इसके बाद सूरज के बेटे रामजी को गोहांड कस्बे से पहले मरणासन्न हालत में फेंक दिया था। वहीं, गोहांड कस्बे में 100 मीटर आगे स्थित सीएचसी के पास सड़क के किनारे खेतों में अमन का गला घोंटकर फेंका था। उसके सिर पर वार कर शव झाड़ियों में छुपा दिया था। इसके बाद बच्ची परी को ले जाकर औरैया में इंडियन ऑयल चौकी के पास से छोड़ दिया था।

### 16-17 साल बड़े दो बच्चों के पिता से हुई थी अमन की पहली शादी

महिला अमन की शादी उससे उम्र में 16-17 साल बड़े दो बच्चों के पिता से शादी कर दी गई थी। यह बात अमन को नहीं भायी और अपने भाई धर्मेंद्र की शादी के बाद उसके साले सूरज से प्रेम प्रसंग के चलते उसके साथ चली गई। बेमेल शादी के लिए धर्मेंद्र ने बताया कि उस समय उसकी माली हालत ठीक नहीं थी। छह बहनों की शादी के बोझ ने उसे ऐसा करने के लिए विवश कर दिया था।

### 16 दिन बाद हुआ खुलासा

बीती 21 सितंबर की रात एक महिला की चलती कार में गला कसकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले का पुलिस ने बुधवार को 16 दिन बाद खुलासा किया है। हत्या कराने की साजिश रचने वाला महिला का सगा भाई निकला। उसने बहन के भागकर उसके साले के साथ शादी रचाने की खुन्नस में उसकी हत्या पेशेवर अपराधियों को दस लाख रुपये की सुपारी देकर कराई है। पुलिस ने महिला के भाई और एक अन्य आरोपी को जेल भेजा है। वहीं, कार चालक को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। हत्या के दो मुख्य आरोपी त्रिभुवन उर्फ चतुर सिंह और वीर सिंह अब भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

### मुख्य आरोपियों से दूर पुलिस ने खुलासा कर बचाई लाज

वारदात के 16 दिन बीतने के बाद भी पुलिस मुख्य आरोपी चतुर सिंह व वीर सिंह को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इसके बाद मामले के मास्टर माइंड महिला के भाई को गिरफ्तार मामले का खुलासा कर दिया। हालांकि पुलिस पहले भी खुलासा कर सकती थी, लेकिन कार चालक संजीव के गुमराह करने पर अब तक भटकती रही। आरोपी धर्मेंद्र के अनुसार, कार चालक संजीव को दस लाख रुपये में से एक लाख रुपये मिलने थे। इसका मतलब है कि कार चालक पूरे मामले से अवगत था, लेकिन उसने झूठ बोलकर पुलिस को गुमराह किया।

### मास्टरमाइंड कोई और होने की जताई थी आशंका

अमर उजाला ने हत्या में किसी तीसरे के शामिल होने व मास्टर माइंड होने की आशंका जताई थी। इससे संबंधित खबर को 25 सितंबर के अंक में कुछ अनसुलझे सवाल हेडिंग से प्रकाशित किया था। खुलासे के बाद अमर उजाला की आशंका सच साबित हुई है। पुलिस ने कार चालक संजीव को रिमांड पर लेने के बजाय न्यायिक हिरासत में 24 सितंबर को जाने दिया था। जबकि वह मामले को जानता था। वह मिलने वाली सुपारी में से एक लाख रुपये का हिस्सेदार था। इसका खुलासा धर्मेंद्र ने किया है। इसी तरह वारदात मंक मास्टर माइंड कोई और निकला है। चतुर सिंह उसके इशारे पर ही काम कर रहा था।

### पुलिस ने बताया कैसे पहुंची आरोपी तक

एसपी डॉ. दीक्षा शर्मा ने बुधवार को मीडिया को बताया कि कानपुर के थाना चौबेपुर के मदारीपुर गांव निवासी सूरज ने 22 सितंबर को जरिया थाने में तहरीर दी थी। उसने बताया था कि वह गुजैनी के प्लॉट 3 बी में परिवार सहित रहता है। उसके कमरे के बगल में बतौर किरायेदार रहने वाले त्रिभुवन सिंह के कहने पर 21 सितंबर को पत्नी अमन उर्फ मीनू, बेटे रामजी व बेटी परी समेत किराये की कार से चित्रकूट जा रहे थे। साथ में त्रिभुवन का साथी वीर सिंह और कार चालक के अलावा फूफा नाम का व्यक्ति था। चलती कार में फूफा ने उसे मारने के लिए उसके गले को गमछे का फंदा लगाकर कस दिया। इस पर वह अचानक गाड़ी का दरवाजा खोलकर कूद गया। इसके बाद आरोपी उसकी पत्नी, बेटे व बेटी को लेकर भाग गए। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर बेटी परी व बेटे रामजी को खोज लिया था। वहीं, कानपुर देहात के टोल प्लाजा में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ी गई कार के चालक संजीव की निशानदेही पर अमन उर्फ मीनू का शव 23 सितंबर की सुबह गोहांड कस्बे के पास से बरामद किया था। इसके बाद अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की चार टीमें जांच में जुट गईं। तथ्यों के आधार पर महिला अमन के भाई धर्मेंद्र निवासी खलीलपुर बाराजोर थाना अकबरपुर कानपुर देहात और जगमोहन उर्फ कल्लू निवासी महकापुर थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार किया गया।

## भारतीय किसान यूनियन ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील के किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले ज्ञान सिंह तहसील अध्यक्ष की अगुवाई में नायब तहसीलदार सीपी राजपूत को पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा प्रत्येक माह की मासिक बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा करने के बाद तहसील के सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौपा जाता है इसी कड़ी में गुरुवार को भी ज्ञापन सौपा गया जिसमें पांच सूत्री मांग की गई जिसमें एनटीपीसी द्वारा किसानों के साथ धोखाधड़ी कर जमीन अधिग्रहण करना किसानों से किए गए वादों को पूरा न करना छुट्टा पशुओं के विषय में भी हर बार अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया गया लेकिन इसके बाद भी हल नहीं हुआ है उत्तरीपुरा हरनू, लक्ष्मणपुर मिश्रण, बदन निवादा, कमसान अलियापुर, बैडीअलीपुर धान की फसल को नष्ट कर दिया है जीटी रोड पर शाम घलते ही गौवंश का जमावड़ा लग जाता है। उतरी में विशंभर अग्निहोत्री बबलू तथा पारस पुत्र छोटेलाल ने आटा चक्की कारखाना के आगे नाली को अवरुद्ध करके गोबर कूड़ा डालना शुरू कर दिया है जिससे पानी नहीं निकल पा रहा है जल भराव तथा गोबर के सड़ने से कीड़े पनप रहे हैं जिससे संक्रमण की बीमारी फैल सकती है। कई बार शिकायत की कोई निराकरण नहीं हुआ ग्रामीण अंचल में सरकार द्वारा निर्धारित घंटे के हिसाब से बिजली की सप्लाई नहीं आ रही है जबकि इन दिनों बरसात चल रही थी। ट्यूबवेल भी नहीं चल पा रहे हैं इसके बाद भी लाइट नहीं आ रही है रात 2.00 बजे लाइट चली जाती है और सुबह 6 और 7.00 के आसपास आती है इसी बीच के समय में ग्रामीण क्षेत्रों में चोरियां हो रही हैं उसको रोका जा सकता है अगर लाइट बनी रहे अंधेरे का फायदा उठाकर चोर उचक्के अपना काम तमाम कर देते हैं बरसात के बाद मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रत्येक ग्राम सभा में दवा का छिड़काव कराया जाए।

जिससे आगे आने वाली महामारी से बचा जा सकता है इस मौके पर करीब एक सैकड़ा किसानों की पंचायत में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

## बिल्हौर तहसील के लेखपाल को विजिलेंस टीम ने रू 10000/-घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील के रौगांव क्षेत्र मे नियुक्त विपिन कुमार, लेखपाल, को 10,000/-(दस हजार) की रिश्वत लेते हुए सतर्कता अधिष्ठान, कानपुर की ट्रैप टीम द्वारा गुरुवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। सतर्कता अधिष्ठान, कानपुर की ट्रैपैटीम द्वारा विपिन कुमार, लेखपाल क्षेत्र रौगांव, तहसील बिल्हौर, कानपुर नगर को शिकायतकर्ता विकास कुमार पुत्र स्व राजाराम निवासी- ग्राम मढ़िया, खण्ड रौगांव थाना-अरौल जिला कानपुर नगर ने अपने पिता की मत्यु वर्ष-2023. मे हो जाने के पश्चात., पैतृक सम्पत्ति की वरासत की कार्यवाही हेतु लेखपाल विपिन कुमार द्वारा वरासत करने के एवज में रू0 10000/ - की रिश्वत (उत्कोच) की मांग की गयी है। शिकायकर्ता द्वारा उप्र सतर्कता अधिष्ठान, कानपुर सेक्टर, कानपुर को प्रर्थना पत्र दिया गया, कि वरासत हेतु लेखपाल को रू0 10000/ - रिशवत(उत्कोच) नहीं देना चाहता, अपितु रिश्वत (उत्कोच) लेते हुए रंगे हाथ पकडवाना चाहता है। जांचोपरांत मामला सही पाया जाने पर सतर्कता अधिष्तान कानपुर की ट्रैं टीम द्वारा विपिन कुमार को ग्राम खुर्द खोजनपुर मोड़ बिल्हौर से रिश्वत रू0 10,000 / -लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है। लेखपाल, विपिन कुमार के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में थाना सतर्कता अधिष्ठान, कानपुर सेक्टर, अभियोग पंजीकृत कराने की कार्यवाही की जा रही है।

सतर्कता अधिष्ठान द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्द निरन्तर कार्यवाही की जाती है यदि कोई लोक सेवक (राजपत्रित / अराजपत्रि) द्वारा सरकारी कार्य के बदले रिश्वत की मॉग की जा रही हो तो- रिश्वत विरोधी हेल्प लाइन नं- 945440186 पर शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।

## मा.मुलायम सिह यादव की पुण्यतिथि धूमधाम से कार्यकर्ताओ ने मनाई

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर विधानसभा मे समाजवादी पार्टी के संस्थापक पद्म विभूषण मा. मुलायम सिंह यादव जी की पुण्यतिथि पर विधानसभा अध्यक्ष इं विनय यादव ने विभिन्न ग्रामों में सभायें कर नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की व उनके कार्यों को याद किया।

इं विनय यादव ने कहा कि नेताजी राष्ट्रवाद, समाजवाद, लोकतंत्र व धर्मनिरपेक्षता जैसे मूल्यों में गहरी आस्था रखते थे। वह पिछड़ों, शोषितों, वंचितों व अल्पसंख्यकों के हितों के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। वह अपनी जमीनी राजनीति के लिए जाने जाते हैं। उनकी दूरदर्शिता, सामाजिक समझ व व्यवहार कुशलता ने उन्हें देश का एक रत्न बना दिया। फ्रांसीसी समाजवाद के प्रतीक कॉम डी सिमॉन के अभिजात्यवर्गीय समाजवाद के इतर भारतीय समाजवाद की बुनियाद उत्तर भारत के अखाड़े में तैयार हुई।

जहाँ समाजवाद की विचारधारा में भारतीयता का समावेश मुलायम सिंह जी ने ही किया। वहीं विधानसभा प्रभारी रचना सिंह ने कहा कि नेताजी के दिखाये पथ पर चलकर हमें समाज व राष्ट्र को उन्नति की ओर ले जाना है। नेताजी का सपना एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना था जहाँ जाति, धर्म आदि के आधार पर भेदभाव न हो तथा सभी को उन्नति के समान अवसर सुलभ हों जिसे समाजवादी पार्टी पीडीए के रूप में आगे बढ़ा भी रही है। नेताजी को श्रद्धांजलि देने हेतु ब्लॉक अध्यक्ष आशीष कटियार, शशिकांत पाल, पवन, कल्लू यादव, सुनील, राजू पाल व अन्य समाजवादी विचारधारा के समर्थक सम्मिलित हुए।

## बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक बैठक हुई



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैयाघाट नवीन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई,बैठक में मुख्य रूप से शिक्षा विभाग में चल रही योजनाएं ऑपरेशन कायाकल्प,निपुण भारत अभियान मिशन, मिशन शक्ति, आत्मरक्षा प्रशिक्षण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए गए।

**पहला-**

समस्त खण्ड विकास अधिकारी समस्त विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं का कार्य शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित कराए।

**दूसरा-**

समस्त खंड विकास अधिकारी एवंसमस्त खंड शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित कराए कि जो भी अवशेष कार्य विद्यालय में बचें हैं उनको एक माह के अंदर पूर्ण कराया जाए ।

**तीसरा-**

सभी खंड शिक्षा अधिकारी दोपहर का भोजन विद्यालयों में बच्चो के साथ करें जिसकी फोटोग्राप्स बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए ।

**चौथा-**

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शेष रह गए विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा विकास खंडवार करना सुनिश्चित करें उस बैठक में ग्राम प्रधानो को भी बुलाया जाए।

**पांचवा-**

आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए निर्देश दिए कि खेल अनुदेशक एवं पीटीआई जहां भी प्रशिक्षण दे रहे हैं वहां के शिक्षकों को ट्रेंड करें जिससे कि यह प्रशिक्षण कार्य अनवरत चलता रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती दीक्षा जैन, जिला परियोजना एवं शिक्षा समिति के समस्त सदस्य सहित टास्क फोर्स के सदस्य एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा समस्त खंड शिक्षा अधिकारी समस्त जिला समन्वयक एवं एसआरजी उपस्थित रहे।

## डोड़वा गांव में नाली निर्माण में पीला ईंट और घटिया मसाला लगाया जा रहा है



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर ब्लॉक अंतर्गत डुड़वा गांव में पीली ईंट और घटिया मसाले से निर्माण कराया जा रहा है गुरुवार को संवाददाता ने पहुंच कर हकीकत जानी तो गांव वालों ने बताया कि आपके सामने ही तो सब पड़ा है पीला ईंट और मसाला इतना घटिया लगाया है कि जो नाली निर्माण हो गई है वहां पर पानी छोड़ा गया तो वह फिर ईट नीचे निकल आई ऐसी घटिया सामग्री से निर्माण हो रहा है कितने दिनों तक चलेगी वहीं पर गांव वालों ने बताया कि वर्षों से गंदगी से जूझ रहे हैं इसके बाद भी घटिया सामग्री से निर्माण कराया जा रहा है सरकार का पैसा पानी में बहाया जा रहा है मजबूत निर्माण हो जाए तो वर्षों तक चले हर जगह कमीशन खोरी है काम करने वाले मिस्त्री से बात की तो उन्होंने बताया ठेकेदार से बात करें ठेकेदार ने बताया कि सचिव से बात करें आखिरकार एक दूसरे की तरफ टरकाया जाता हैं जिम्मेदारी कोई लेना चाहता नहीं है कोई अधिकारी मौके पर जाना पसंद भी नहीं करता है वह सिर्फ फोटो देख लेता है और आगे के काम पूरे हो जाते हैं।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

**राठ।** बेटों को लेकर कुल देवी की पूजा में शामिल होने जा रहे राजमिस्त्री की बाइक में रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में पिता-बेटे की मौत हो गई। जबकि दूसरे बेटे को मामूली चोटें आई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली के बसेला गांव निवासी रेशमा अहिरवार ने बताया कि बुधवार शाम को उनके पति कांशीराम अहिरवार (27) बेटे निखिल (06) कार्या (04) को बाइक से लेकर पनवाड़ी थाने के नकरा गांव निवासी अपने चाचा रामकुमार के यहां कुल देवी की पूजा में शामिल होने जा रहे थे। गिरवर मोड़ के पास महोबा की ओर से आ रही तेज रफ्तार महोबा डिपो की रोडवेज बस ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी।

इसमें बाइक से गिरकर तीनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉ. अखिलेश सिंह ने कांशीराम व उसके बेटे कार्या को मृत घोषित कर दिया। वहीं निखिल को मामूली चोट लगने से सीएचसी में इलाज कराया गया।

मृतक की पत्नी ने बताया कि पति राजमिस्त्री थे।

मृतक के बड़े भाई संतराम ने बताया कि चार बीघा जमीन है। पति की मौत से पत्नी रेशमा व मां दर्शी का रो रोकर बुरा हाल है। मझगवां थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने कहा कि बस चालक मौके पर गाड़ी छोड़कर भाग गया है। अभी परिजनों ने तहरीर नही दी है।

### बाइक मवेशी से टकराई, मामा की मौत

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर। राठ। भांजे के साथ पत्नी को लेने मटौंध जा रहे युवक की बाइक बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर मवेशी से टकरा गई। घटना में बाइक सवार घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। वहां डॉक्टर ने मामा माहेश्वरीदीन को मृत घोषित कर दिया। भांजे का इलाज किया गया। बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए थे। क्षेत्र के सरीला निवासी विजय प्रजापति ने बताया कि मंगलवार शाम को जालौन जिले के कुसमीलिया गांव निवासी मामा माहेश्वरीदीन प्रजापति (27) के साथ बाइक से बांदा के मटौंध गांव निवासी मामी उर्मिला को लेने जा रहे थे। रात साढ़े आठ बजे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर उनकी बाइक मवेशी से टकरा गई।

### नदिहा चौकी इंचार्ज ने लगभग सैकड़ा वाहन जांच कर कुछ के चालान काटे



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में उच्च अधिकारियों के आदेश पर हर कस्बे में शाम को अचानक पुलिस चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें गुरुवार को शाम को नदिहा चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार पुलिस बल के साथ में नदिहा से पूरा रोड पर खड़े होकर सैकड़ो वाहनों के कागज और हेलमेट देखें वहीं पर महिलाएं और बुजुर्ग जिन मोटरसाइकिलों पर सवार थे उनको जाने दिया और जिन वाहनों के कागज नहीं थे उनको खड़ा करा दिया बिना हेलमेट के भी चालान किए गए और कोई परेशानी में जा रहा था उसने माफी मांगी और अगली बार हेलमेट लगाकर आने की बात कही उसको जाने दिया गया उन्होंने बताया कि इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में बिना हेलमेट और बिना बीमा के गाड़ियां संचालित हो रही हैं जो कि दुर्घटना होने पर ज्यादा वाहन स्वामी का नुकसान होता है इसको ध्यान में नहीं रखते हैं उच्च अधिकारियों के आदेश पर वाहन चेकिंग चलाया गया।

### वाहन में फंसी बाइक, 20 मीटर तक घिसटता चला गया छात्र

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। तालग्राम। बाइक सवार छात्र को किसी वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक वाहन में फंस गई और छात्र 20 मीटर तक घिसटता चला गया। बाइक वाहन से निकल गई। इसके बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। तालग्राम के पलरी गांव निवासी सोनेलाल यादव सहकारी समिति में लिपिक के पद से सेवानिवृत्त हैं। उनका पौत्र अर्पित यादव (20) एसजीआर महाविद्यालय निकवा में बीएससी का छात्र था। बुधवार को किसी काम से तिर्वा गया था। वहां से दोपहर करीब एक बजे के बाइक से घर लौट रहा था। महानगर गांव के पास पीछे से आ रहे किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक समेत करीब 20 मीटर तक घिसटता चला गया। चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और घायल युवक को सीएचसी लाए, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। युवक के पास मिले मोबाइल से परिजनों को हादसे की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने बताया शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। अर्पित के पिता सुभाष चंद्र यादव का शव करीब 15 साल पहले गांव के बबूल के जंगल में मिला था।

## ब्लॉक एडीओ पंचायत/आईएसबी ने ग्राम पंचायत अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर खंड विकास अधिकारी गुरुवार को कानपुर में मीटिंग में भाग लेने गए हुए थे जिसके चलते ब्लॉक के ग्राम पंचायत अधिकारियों की बैठक में एडीओ पंचायत भीष्म नारायण व एडीओ आईएसबी ने सभी को सख्त निर्देश दिए गांव में साफ सफाई, आवास चयन ठीक से हो जो हुए हैं उनकी पुनः जांच कर लें जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए कोई भी किसान अगर ब्लॉक तक शिकायत करने आता है या उसकी प्रमाण पत्र नहीं मिलते हैं तो संबंधित जिम्मेदार कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी उसमें किसी तरह की कोई हील हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी नियमित रूप से ग्राम पंचायत भवन में जाकर बैठे और समय से वहां पर शिकायत लेकर आने वाले का मौके पर जाकर निस्तारण करें गांव में टूटी-फूटी नालियां, जानवरों की समस्या को पंचायत में बैठक में प्रस्ताव पास कराकर ब्लॉक तक भिजवाएं और संबंधित से बार-बार संपर्क करते रहें जब तक वह काम पूरा ना हो जाए जांच के दौरान किसी गांव में गंदगी,

जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की शिकायत, राशन कोटे की शिकायत मिलती है तो करवाई अवश्य की जाएगी।

### शाम को पंडालों में होनी वाली आरती में उमड़ रही भक्तों की भीड़



जन एक्सप्रेस । कन्नौज। शारदीय नवरात्र को लेकर इन दिनों हर ओर देवी मां की भक्ति की बयार वह रही है। शहर में बड़ी संख्या में अलग-अलग थीम पर सजे पंडालों की शोभा लोगों को अपनी ओर खींच रही है। माता के दरबार में रोजाना पूजा-पाठ करने को भक्तों का अंबार लग रहा है। मकरंदनगर रोड स्थित एसबीएस खेल मैदान पर सन्मार्ग सेवा की ओर से सजे पंडालों में रौनक देखते ही बन रही है। यहां आचार्य शिवांग अग्निहोत्री और पुनीत शुक्ला विधि-विधान से देवी मां का पूजा-अर्चना करवा रहे हैं। पंडाल में रोजाना धार्मिक आयोजनों की धूम है। दोपहर में मानीमऊ आनंदेश्वर धाम के पीठाधीश्वर कौशल महाराज भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं। मंगलवार रात फर्श मोहल्ला में सजे दुर्गा पंडाल में भी भक्तों का उत्साह देखते ही बना। शाम को पहले भक्तों ने माता रानी की श्रद्धाभाव से आरती उतारी, इसके बाद यहां आचार्य अमर नाथ मिश्रा ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ करवाया। कुतुलुपुर के पंडाल में भी हनुमान जी की महिमा का बखान हुआ, यहां आचार्य रजनीश अग्निहोत्री की मंडली ने सुंदरकांड पाठ किया। इसी तरह तिर्वा में भी नवरात्रि के पावन पर्व पर कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में माता के नौ स्वरूप को विराजमान किया गया।

### घर के ऊपर से निकली एचटी लाइन की चपेट में आई वृद्धा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। घर के ऊपर से निकली हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर वृद्धा की मौत हो गई। मोहल्ले वालों ने मकानों के ऊपर से निकली हाई टेंशन लाइन को तत्काल हटवाये जाने की मांग की है। कस्बा के मोहल्ला हमीद नगर निवासी 60 वर्षीय सितार बेगम बुधवार की दोपहर अपने मकान की छत पर किसी काम से गई थी। इस दौरान मकान के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस कर गिर गई और कुछ देर बाद उनकी मृत्यु हो गई। पुत्र असलम ने बताया कई मकानों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन के तार निकले हुए हैं, जो अक्सर टूट जाते हैं और लोग हादसे के शिकार हो जाते हैं।

# दुर्गा पूजा के बीच जूनियर डॉक्टरों का आमरण अनशन जारी, पीड़िता के लिए न्याय की मांग की

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

आरजी कर अस्पताल में अपने सहकर्मी के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा उत्सव के बीच गुरुवार को पांचवें दिन भी आमरण अनशन जारी रखा। दोपहर 2.30 बजे, कई मेडिकल कॉलेजों के नौ जूनियर डॉक्टरों का अनशन शुरू हुए 113 घंटे हो गया। बता दें कि जूनियर डॉक्टरों ने शनिवार शाम को कोलकाता के मध्य में धर्मतला में डोरीना क्रॉसिंग पर आमरण अनशन शुरू किया, जिसके बाद स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई थीं। राज्य सरकार ने बुधवार शाम को प्रदर्शनकारियों के साथ बैठक की, लेकिन ये बैठक गतिरोध खत्म करने में विफल रही।




### डॉक्टरों के साथ एकजुट हुए तमाम लोग

वहीं नवरात्रि की सप्तमी के पावन अवसर पर जब शहर भर में दुर्गा पूजा पंडालों में चहल-पहल थी, तब भी बड़ी संख्या में लोग डॉक्टरों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए डोरीना क्रॉसिंग विरोध स्थल पर एकत्र हुए। पत्रकारों से बात करते हुए, अनशन पर बैठे एक डॉक्टर के पिता ने कहा हम एक बड़े उद्देश्य के लिए उनका समर्थन कर रहे हैं। अगर राज्य सरकार उनकी मांगों पर सहमत हो जाती है तो यह सिर्फ 10 मिनट की बात है।

### पहले 42 दिन तक चला था डॉक्टरों का आंदोलन

वे अस्पतालों में पुलिस सुरक्षा बढ़ाने, स्थायी महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती करने और डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने की भी मांग कर रहे हैं। 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक साथी चिकित्सक के बलात्कार-हत्या के बाद जूनियर डॉक्टरों ने काम बंद कर दिया था।

### क्या है प्रदर्शनकारी डॉक्टरों की मांगें?

इस दौरान कुछ वरिष्ठ डॉक्टर भी अपने जूनियर डॉक्टरों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने इस बात पर जोर दिया कि मृतक महिला चिकित्सक को न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम को तत्काल हटाने की भी मांग की, विभाग में प्रशासनिक अक्षमता और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। अन्य मांगों में राज्य के सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के लिए एक केंद्रीकृत रेफरल प्रणाली की स्थापना, एक बेड रिक्ति निगरानी प्रणाली का कार्यान्वयन और कार्यस्थलों पर सीसीटीवी, ऑन-कॉल रूम और वॉशरूम के लिए आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित करने के लिए टास्क फोर्स का गठन शामिल है।

### मुख्य सचिव के साथ बैठक रही विफल

मुख्य सचिव मनोज पंत की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद, प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि उन्हें राज्य सरकार से जुबानी आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिला। डॉक्टरों ने शहर में कुछ दुर्गा पूजा पंडालों के बाहर प्रदर्शन कर रहे और पर्चे बांट रहे उनके साथियों और कुछ अन्य युवक-युवतियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की आलोचना भी की है। उन्होंने कहा कि वे प्रदर्शन के लिए गिरफ्तार किए गए लोगों को पूरा कानूनी समर्थन देंगे। दोपहर में जब गिरफ्तार किए गए लोगों को अलीपुर की एक अदालत में पेश किया गया, तो कुछ डॉक्टरों ने पुलिस के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन को तोड़ने के लिए पुलिस ने झूठे मामले दर्ज किए हैं।

## रतन टाटा को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने की मांग, महाराष्ट्र सरकार ने की सिफारिश



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने दिवंगत रतन टाटा को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने की मांग को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया है। प्रस्ताव में दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को भारत रत्न से सम्मानित करने की सिफारिश केंद्र सरकार से करने की मांग की गई है। दरअसल, आज एक बैठक में महाराष्ट्र कैबिनेट ने उद्योगपति रतन टाटा का नाम भारत रत्न पुरस्कार के लिए प्रस्तावित करने का फैसला किया है। महाराष्ट्र कैबिनेट ने आज एक शोक प्रस्ताव भी पारित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दिग्गज उद्योगपति को श्रद्धांजलि दी गई। रतन टाटा का बुधवार रात को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान एक शोक प्रस्ताव पारित किया गया। मंत्रिमंडल ने केंद्र से दिवंगत उद्योगपति को 'भारत रत्न' से सम्मानित करने का अनुरोध करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया। टाटा को देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया जा चुका है।

# देवी का नवम स्वरूप सिद्धिदात्री



### ध्यान मन्त्र

सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि ।
सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी ।।

राजीव नन्दन मिश्र

**नवरात्रि विशेष**

शारदीय नवरात्रि का आज नवम दिवस है। यह दिवस देवी सिद्धिदात्री को समर्पित है। आज श्रद्धालु देवी के सिद्धिदात्री स्वरूप का ही पूजन व आराधना करेंगे। नव दिनों तक उपवास रखकर विधि-विधान से देवी का पूजन कर श्रद्धालु अभीष्ट कामनाओं की पूर्ति हेतु माँ से प्रार्थना करेंगे। प्रथम दिवस को लिये गए संकल्प के बाद व्रत-पूजन का आज अंतिम दिवस है। सकल वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार से गूँज रहा एवं शुद्ध हो रहा हैं। आज ही समस्त देवी मन्दिरों व पंडालों में हवनादि के साथ विसर्जन भी किया जायेगा। भक्तजन देवी से अपने अपराधों के लिए क्षमा माँगकर मनवांछित वरदान भी प्राप्त करेंगे। इसके साथ ही श्रद्धालु सम्वत्सर व्यतीत होने के पश्चात अगले वर्ष पुनः आने का निवेदन भी करेंगे। हालांकि पंडालों से मूर्ति विसर्जन अगले दिन किया जायेगा। वहीं कई स्थानों पर दशहरा के दिन मूर्ति विसर्जन नहीं किया जाता। नवरात्रि में नव दिनों तक भक्तों को उपवास रखकर जो आनन्द आता है वो आनन्द उपवास समाप्ति पर अनाज खाने के बाद भी नहीं आता। इन नव दिनों माँ के साक्षात सान्निध्य में रहने के बाद विसर्जन होने से भक्तों के आंख में अश्रु आ जाता है। परंतु माँ की कृपा अपने बेटों पर हमेशा बनी रहती है। आज अंतिम दिवस जन एक्सप्रेस में पढिये देवी सिद्धिदात्री के स्वरूपादि के बारे में।

### देवी सिद्धिदात्री की कथा

पुराणों के अनुसार भगवान शिवजी ने देवी मैया की घोर तपस्या की। शिवजी की तपस्या से देवी प्रसन्न हुई । शिवजी ने उनसे अष्ट सिद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की। देवी ने शिवजी के इच्छानुसार उन्हें अष्ट सिद्धियाँ प्रदान की। जो अष्ट सिद्धियाँ भगवान शिव ने माँ सिद्धिदात्री से प्राप्त की थी वो हैं- अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में इन सिद्धियों की संख्या अठारह बताई गई है। समस्त सिद्धियों की देवी होने के कारण ही देवी का नाम सिद्धिदात्री है। धर्मग्रंथों के अनुसार यह भी प्राप्त होता हैं कि देवी आदिशक्ति ही माँ सिद्धिदात्री के रूप में भगवान शिवजी के बायें भाग में प्रकट हुई। अर्थात अर्द्ध भाग में स्वयं भगवान शिव एवं अर्द्ध भाग में स्वयं देवी। और तभी से भगवान शिवजी को अर्धनारीश्वर कहा जाता है। शिवजी के साथ समस्त देवों ने सिद्धियाँ देवी सिद्धिदात्री से ही प्राप्त किया है।

### देवी सिद्धिदात्री को प्रिय

देवी सिद्धिदात्री को चंपा या गुड़हल के फूल विशेष रूप से अर्पित करना चाहिए। माँ सिद्धिदात्री को मौसमी फल, चने, पूड़ी, खीर, नारियल और हलवा अति प्रिय है। इसलिए अन्य नैवेद्य के साथ विशेष रुप से इसका भोग लगाना चाहिए।

### देवी सिद्धिदात्री की शक्ति

कमल पर विराजमान देवी के चार भुजाएं है। देवी चारों हाथों में क्रमशः सुदर्शन चक्र, शंख, गदा और कमल धारण की हुई है। इनकी उपासना करने से भक्तों के जहां सारे कष्ट दूर होते है वही अष्ट सिद्धि, नव निधि, बुद्धि और विवेक की प्राप्ति होती है। माता की कृपा प्राप्त होने से जीवन में कुछ भी पाना शेष नहीं बचता है। साधक में ब्रह्मांड पर पूर्ण विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य आ जाती है।

### सिद्धिदात्री स्तोत्र

**!! ध्यान !!**

वन्दे वाञ्छित मनोरथार्थ चन्द्रार्धकृतशेखराम्।
कमलस्थिताम् चतुर्भुजा सिद्धीदात्री यशस्विनीम्॥
स्वर्णवर्णा निर्वाणचक्र स्थिताम् नवम् दुर्गा त्रिनेत्राम्।
शङ्ख, चक्र, गदा, पद्मधरां सिद्धीदात्री भजेम्॥
पटाम्बर परिधानां मृदुहास्या नानालङ्कार भूषिताम्।
मञ्जीर, हार, केयूर, किङ्किणि रत्नकुण्डल मण्डिताम्॥
प्रफुल्ल वदना पल्लवाधरां कान्त कपोला पीन पयोधराम्।
कमनीयां लावण्यां श्रीणकटिं निम्ननाभि नितम्बनीम्॥

**!! स्तोत्र !!**

कञ्चनाभा शङ्खचक्रगदापद्मधरा मुकुटोज्वलो।
स्मेरमुखी शिवपत्नी सिद्धिदात्री नमोऽस्तुते॥
पटाम्बर परिधानां नानालङ्कार भूषिताम्।
नलिस्थिताम् नलनाक्षी सिद्धीदात्री नमोऽस्तुते॥
परमानन्दमयी देवी परब्रह्म परमात्मा।
परमशक्ति, परमभक्ति, सिद्धिदात्री नमोऽस्तुते॥
विश्वकर्त्री, विश्वभर्त्री, विश्वहर्त्री, विश्वप्रीता।
विश्व वार्चिता, विश्वातीता सिद्धिदात्री नमोऽस्तुते॥
भुक्तिमुक्तिकारिणी भक्तकष्टनिवारिणी।
भवसागर तारिणी सिद्धिदात्री नमोऽस्तुते॥
धर्मार्थकाम प्रदायिनी महामोह विनाशिनीं।
मोक्षदायिनी सिद्धीदायिनी सिद्धिदात्री नमोऽस्तुते॥

**सिद्धिदात्री कवच**

?कारः पातु शीर्षो मां, ऐं बीजम् मां हृदयो।
हीं बीजम् सदापातु नभो गृहो च पादयो॥
ललाट कर्णो श्रीं बीजम् पातु क्लीं बीजम् मां नेत्रम्?
घ्राणो। कपोल चिबुको हसौ पातु जगत्प्रसूत्यै मां सर्ववदनो॥




## केरल विधानसभा में देश में एक साथ चुनाव कराने के खिलाफ प्रस्ताव, विजयन सरकार ने कराया पारित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल विधानसभा ने एक देश-एक चुनाव के खिलाफ गुरुवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें केंद्र सरकार से अपील की गई है कि वह 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मंजूरी देने के अपने फैसले को वापस ले। विजयन सरकार ने इसे अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक करार दिया है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव की अनुशंसा रामनाथ कोविंद पैनल द्वारा की गई है। यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की ओर से राज्य के विधायी कार्य मंत्री एमबी राजेश ने पेश किया। राजेश ने कहा कि यह प्रस्ताव देश की संघीय प्रणाली को कमजोर करेगा। यह भारत के संसदीय लोकतंत्र की विविधतापूर्ण प्रकृति को नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि इससे देश में विभिन्न राज्य विधानसभाओं और स्थानीय स्वशासी निकायों के कार्यकाल में भी कटौती का मार्ग प्रशस्त होगा।

### देश की संघीय व्यवस्था पर कब्जा करने जैसा

राजेश ने कहा कि यह निर्णय जनादेश के उल्लंघन समतुल्य, उनके लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए एक चुनौती, चुनाव कराने की राज्य की शक्ति को हड़पने और देश की संघीय व्यवस्था पर कब्जा करने जैसा है। उन्होंने दलील दी कि समिति लोकसभा, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों को एक खर्च के रूप में देख रही है, लेकिन ऐसा करना अलोकतांत्रिक है।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से उमर अब्दुल्ला के नाम पर लगी मुहर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीनगर**

नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के विधायक दल की बैठक नवाई सुबाह पार्टी मुख्यालय में शुरू हुई, जिसमें पार्टी के नेता फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और सभी नवनिर्वाचित विधायक उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से उमर अब्दुल्ला को विधायक दल का नेता चुना गया है। पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उमर अब्दुल्ला को बैठक में अपना नेता चुना गया। सरकार गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए गठबंधन सहयोगियों की बैठक शुक्रवार को होगी। बैठक से पहले, कुछ नेताओं ने मीडिया से बातचीत की। तनवीर सादिक ने कहा, हम अपने वादों पर कायम रहेंगे।

> लोगों ने एनसी पर भरोसा दिखाया है। हम अपने नेताओं के सुझावों पर कायम रहेंगे। जम्मू-कश्मीर को एक मजबूत और प्रभावी सरकार की आवश्यकता है। एनसी अनुच्छेद-370 की बहाली और अगस्त 2019 में छीने गए अधिकारों के लिए भी लड़ाई जारी रखेगी।
> -फारूक अहमद शाह

## रतन टाटा ने नियमों का पालन करते हुए टाटा समूह की कार्यशैली सुधारी, अमित शाह ने दी श्रद्धांजलि



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्योगपति रतन टाटा को गुरुवार को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि रतन टाटा ने सभी नियमों का पालन करते हुए टाटा समूह की कार्यशैली में सुधार किया। अमित शाह दिल्ली स्थित 'पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' के वार्षिक सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा ट्रस्ट ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और कैंसर देखभाल जैसे विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। टाटा की विरासत आने वाले वर्षों में सभी व्यापारियों लिए प्रेरणा बनी रहेगी। वह सभी व्यवसायियों के लिए एक आदर्श बने रहेंगे। गृह मंत्री अमित शाह मुंबई में उद्योगपति रतन टाटा के अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए। उन्होंने भारत सरकार की ओर से टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 'रतन टाटा ने सभी कंपनियों में बदलाव किया'

इससे पहले दिल्ली में उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित उद्योगपति ने प्रमुख भारतीय व्यापार समूह के प्रमुख का पद उस समय संभाला, जब टाटा कंपनियों को बदलाव की जरूरत थी। बहुत अध्ययन और काफी धैर्य के बाद रतन टाटा ने सभी कंपनियों में बदलाव किया।

### 'टाटा की प्रतिबद्धता के कारण लाखों सपने साकार हुए'

उन्होंने कहा, टाटा समूह के अध्यक्ष के तौर पर रतन टाटा इसकी कार्यप्रणाली में सुधार लाए। उन्होंने सभी नियमों और विनियमों का पालन करते हुए इसे एक मजबूत औद्योगिक समूह के रूप में विकसित होने में मदद की। रतन टाटा ने निस्वार्थ भाव से अपना जीवन राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित कर दिया। जब भी मैं उनसे मिलता था, तो भारत और यहां के लोगों की बेहतरी के लिए उनके उत्साह और प्रतिबद्धता ने हमेशा मुझे हैरान किया। देश और नागरिकों के कल्याण के प्रति रतन टाटा की प्रतिबद्धता के कारण लाखों सपने साकार हुए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)